संसेक्स 71,847.57 ▲ +490.97
डॉलर 83.236 ▼ -0.056

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 21.0 | 15.0 | 19.0 |
| धनबाद | 23.0 | 16.0 | 21.0 |
| जमशेदपुर | 29.0 | 16.0 | 23.0 |
| पलामू | 23.0 | 15.0 | 20.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



डालटनगंज (मेदिनीनगर), पौष कृष्ण पक्ष 09, विक्रम संवत 2080 डालटनगंज (मेदिनीनगर), शुक्रवार, 05 जनवरी 2024, वर्ष-30, अंक- 80, पृष्ठ-12, मूल्य ₹2.00, रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय पूर्वोत्तर : नवाचार के माध्यम से विकास को गति ...8
डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित
दूसरा टेस्ट जीत भारत ने सीरीज बराबरी...12 देश/विदेश

## पलामू सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 62,640

चांदी (किलो) 71,990

## एक नजर

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मरांडी पहुंचे पलामू



**मेदिनीनगर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सह झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी गुरुवार शाम को पलामू जिला मुख्यालय मेदिनीनगर पहुंचे। वरिष्ठ भाजपा नेता शिवकुमार मिश्रा ने बताया कि श्री मरांडी रात्रि विश्राम यहीं करेंगे। शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड स्थित नरसिंहपुर पथरा में स्वर्गीय अनिल चौरसिया मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। उसके बाद सड़क मार्ग से रांची रवाना हो जायेंगे।

### रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस 6 जनवरी से मधुपुर तक जायेगी

**रांची।** रांची-न्यू गिरिडीह एक्सप्रेस का विस्तार मधुपुर तक किया गया है। अब यह ट्रेन रांची से मधुपुर तक चलायी जायेगी। मधुपुर से न्यू गिरिडीह होते हुए रांची जायेगी। इसकी सूचना रेलवे ने जारी कर दी है। ट्रेन संख्या 18617 और 18618 रांची-न्यू गिरिडीह-रांची एक्सप्रेस छह जनवरी से मधुपुर तक जायेगी। ट्रेन संख्या 18617 रांची- मधुपुर एक्सप्रेस 06.00 बजे रांची से प्रस्थान करेगी और 1.50 बजे मधुपुर पहुंचेगी। ट्रेन संख्या 18618, मधुपुर-रांची एक्सप्रेस मधुपुर से अपराह्न तीन बजे प्रस्थान करेगी और रात 11.15 बजे रांची पहुंचेगी।

### विनोद सिंह के ग्रिड कंसल्टेंट पहुंचकर कागजात खंगाल रही ईडी

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम रांची के मेन रोड के रोस्पा टॉवर स्थित ग्रिड कंसल्टेंट में पहुंची। सूत्रों ने बताया कि गुरुवार को विनोद सिंह के ग्रिड कंसल्टेंट में ईडी की टीम कागजात की जांच कर रही है। इससे पहले बुधवार को ईडी ने कार्रवाई करते हुए ग्रिड कंसल्टेंट को सील कर दिया था। ईडी ने छापेमारी के ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

# लाइफ जैकेट पहनकर समुद्र की लहरों में उतरे पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपनी लक्षद्वीप यात्रा के बारे में गुरुवार को अपना अनुभव शेयर किया। पीएम मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी यात्रा की कई तस्वीरें शेयर की हैं। तस्वीरों में पीएम मोदी अलग-अलग अंदाज में नजर आ रहे हैं। पीएम मोदी ने लक्षद्वीप में 1,156 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया था। इसके बाद उन्होंने विभिन्न जगहों की सैर किया। लक्षद्वीप में बेहतरीन अनुभवों को बताने के साथ ही वहां के लोगों के आतिथ्य सत्कार के लिए धन्यवाद दिया। अपनी लक्षद्वीप यात्रा के दौरान उन्होंने समुद्र में डुबकी लगाई और गहरे पानी के अंदर स्नॉर्कलिंग की। उन्होंने समुद्र किनारे मॉर्निंग वॉक किया, जिससे लोगों को उनके स्वास्थ्य के प्रति संदेश देता है।



### झुंड से बिछड़कर गांव में आया वन्य जीव

# पीटीआर टीम ने भटके कोटरा को जंगल में छोड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू टाइगर रिजर्व के गारू पूर्वी रेंज में एक नर कोटरा (हिरण का बच्चा) को बचाकर वन्य कर्मियों ने टेनो जंगल में छोड़ा। इस घटना की पुष्टि रेंजर उमेश दुबे ने की है। बताया जाता है कि यह कोटरा रूद गांव के मालदेव भगत के पशुओं के साथ शाम के समय भटककर उनके घर पहुंच गया था। मालदेव भगत ने इस कोटरे का इस ठंड में पूरा ख्याल रखा। रेंजर ने बताया कि जब उन्हें कोटरा के गांव में पहुंचने की जानकारी मिली तो उन्होंने तत्काल प्रभारी वनपाल रंजय कुमार के नेतृत्व में चार सदस्यीय बचाव टीम को रूद गांव भेजा। वनरक्षक राज किशोर राम, रूपेश कुमार और रोहित कुमार इस



बचाव टीम में शामिल थे। बचाव टीम द्वारा कोटरा को टेनो के घास पट्टी में छोड़ दिया गया। पीटीआर दक्षिणी प्रमंडल के उपनिदेशक कुमार आशीष ने बताया कि प्रायः यह देखा गया है कि कोटरा वन्य जीव गाय, बैल, बकरी के साथ चरते रहते हैं। शाम होने पर मवेशियों के झुंड में कोटरा भी शामिल होकर गांव में चले आते हैं।

# रांची में बदमाशों ने कोयला व्यवसायी को मारी गोली, मौत



### पिपरवार कोयला साइडिंग पर जा रहे थे अभिषेक

### स्कार्पियो में आए पांच अपराधियों ने घटना को दिया अंजाम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रातू थाना क्षेत्र के फुटकल टोली में अपराधियों ने एक कोयला व्यवसायी को गुरुवार को गोली मार दी। गोली लगने से व्यवसायी अभिषेक श्रीवास्तव गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें आनन-फानन में मेडिका अस्पताल भेजा, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार अभिषेक श्रीवास्तव रातू थाना क्षेत्र के आस्थापुरम का रहने वाला है। अभिषेक घर से फॉर्च्यूनर कार में सवार होकर पिपरवार कोयला साइडिंग पर जा रहे थे। इसी दौरान स्कार्पियो में आए पांच अपराधियों ने उसे 11 गोली मारी। बताया गया है कि अभिषेक को बीते दिनों प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई की ओर से लेवी की मांग को लेकर धमकी भी मिली थी। ऐसे में आशंका जताई जा रही है कि इस घटना में पीएलएफआई संगठन का हाथ हो सकता है। रातू थाना प्रभारी सपन महथा ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही घायल व्यक्ति को मेडिका अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। घटनास्थल से पुलिस ने 11 खोखे बरामद किए हैं। पुलिस अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### संजय सेठ ने अभिषेक हत्याकांड की कड़ी निंदा की



रांची के सांसद संजय सेठ ने रातू थाना क्षेत्र में अभिषेक श्रीवास्तव की दिनदहाड़े हत्या की कड़ी निंदा की। साथ ही कहा कि राज्य सरकार कानून व्यवस्था संभालने में नाकाम साबित हुई है। राज्यपाल को इस पर संज्ञान लेते हुए इस पर उचित दिशा-निर्देश देना चाहिए। सांसद ने कहा कि प्रशासन से राजधानी रांची का कानून व्यवस्था नहीं संभल रहा है। पिछले 30 वर्षों की सबसे खराब कानून व्यवस्था वर्तमान में है। रांची अपराधियों के लिए स्वर्ग बन गया है। अपराधी बेखौफ होकर दिनदहाड़े अपराध को अंजाम दे रहे हैं। प्रशासन और सरकार हाथ पर हाथ धरे बैठा है। सरकार को इसका जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के व्यापारी और आम लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं।

# जनवरी अंत तक राममय हो गई जनता, फरवरी में सीएए आया तो और हो जाएगी भाजपामय

**आरपी सिंह, नई दिल्ली।** एक तरफ अयोध्या में लगभग 2500 करोड़ रुपए की लागत वाले रामलला मंदिर में 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा , उसको लेकर देश भर में अक्षत योजना, और फिर कई माह तक देश के विभिन्न राज्यों से ट्रेन से लाखों लोगों को लाकर रामलला दर्शन कराने का अभियान। 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर देश के हर घर(140 करोड़ से ऊपर) में व मंदिरों में दीप जलाकर खुशी मनाने की योजना। इससे माहौल वाया राममय , भाजपा मय होता वोट पकता हुआ। दूसरी तरफ फरवरी में बजट सत्र में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लागू करने की सुगबुगाहट। यह हुआ तो अप्रैल में होने वाले लोकसभा चुनाव के पहले हिन्दू बनाम मुसलमान का विमर्श और तेज होने की संभावना। जिससे हिन्दू मतदाताओं का भाजपा की तरफ और भी एकजुट होने का बनेगा माहौल। इसको लेकर विपक्षी दलों के नेता कई तरह की आशंका व्यक्त करने लगे हैं। विशेषकर मुस्लिम नेता व सांसद। इस बारे में संभल



लोकसभा सीट से सपा के सांसद डॉ.शफीकुर्रहमान बर्क का कहना है कि सीएए से फायदा नहीं, बल्कि देश के हालात और बिगड़ेंगे। देश चलाने के लिए नफरत नहीं, मोहब्बत की जरूरत है।सीएए लागू होने के बाद भारत में शरण लिए 32 हजार अफगानी व पाकिस्तानी हिंदू, सिख शरणार्थियों को लाभ मिलने के सवाल पर सपा सांसद डॉ. शफीकुर्रहमान बर्क ने कहा कि इसका फायदा पहुंचने के बजाय हालात खराब होंगे। लोगों में मोहब्बत की फिजा पैदा नहीं होगी। देश में आज तक यदि मोहब्बत से काम लिया होता तो लोगों के अंदर मोहब्बत होती।हमारे मुल्क का फायदा होता और हम आगे बढ़ते। सांसद डॉ. बर्क ने कहा कि मोहब्बत के लिए इंसान को यह रिश्ता ही क्या कम है, कि वो काला है या गोरा लेकिन औलाद-ए-आजम है। बोले कि नफरत की आग को जितना फैलाएंगे उतना ही ज्यादा नुकसान होगा। सांसद ने गुजारिश करते हुए कहा कि नफरत को खत्म करते एक दूसरे को मोहब्बत का पैगाम दें। इसी से मुल्क का फायदा होगा और सभी का भला भी।

### नगर निगम के चुनाव का रास्ता साफ

# तीन सप्ताह में अधिसूचना जारी करे राज्य सरकार : हाई कोर्ट

**नवीन मेल संवाददाता**





**रांची।** राज्य में नगर निगम के चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया। झारखंड हाई कोर्ट में राज्य में नगर निकायों के चुनाव जल्द कराने को लेकर दायर रिट याचिका पर गुरुवार को सुनवाई हुई। न्यायाधीश आनंद सेन की कोर्ट ने पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की ओर से दायर याचिका को स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि तीन सप्ताह में झारखंड में निकाय चुनाव की अधिसूचना जारी करें। कोर्ट ने आदेश की प्रति राज्य के मुख्य सचिव, नगर विकास सचिव एवं राज्य निर्वाचन आयोग को तुरंत फैक्स के मध्यम से सूचित करने का निर्देश दिया। कोर्ट ने अपने आदेश में निकाय चुनाव नहीं कराने को संवैधानिक तंत्र की ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

# अंम्बाखोरेया के जंगल में हाथियों ने ग्रामीण को कुचला

### गुस्साए ग्रामीणों ने किया मुख्य मार्ग जाम

### तत्काल मुआवजा देने व हाथियों को क्षेत्र से भगाने की मांग पर अड़े

**नवीन मेल संवाददाता। धुरकी** थाना क्षेत्र के केतमा गांव निवासी सुदामा सिह के 40 वर्षीय पुत्र इन्द्रदेव सिंह को जंगली हाथियों के झुंड ने कुचलकर मार डाला। इससे गुस्साये ग्रामीणों ने धुरकी अमबाखोरेया मुख्य गढवा मार्ग को बीच सड़क में शव रखकर जाम कर दिया। मौके पर पहुंचे बीडीओ सह सीओ जुलफिकार अंसारी, वनपाल प्रमोद कुमार यादव, थाना प्रभारी संतोष कुमार रवि ने प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर



मुआवजा दो सप्ताह में दिलाने की बात कहकर उनसे जाम हटाने का अनुरोध किया, लेकिन ग्रामीणों पर कोई असर नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार मृतक 3 जनवरी को पालतू मवेशी चराने माझपानी के पुसुतदाग जंगल गया था, जहां हाथियों के झुंड ने उसे कुचल कर मार डाला। इस घटना की सूचना गुरुवार को चरवाहों के माध्यम से ग्रामीणों को मिली। इससे गुस्साए ग्रामीण शव के साथ पथ पर बैठ गए। ग्रामीणों की मांग है कि मुआवजा तत्काल देते हुए हाथियों को क्षेत्र से भगाया जाय। पिछले छह माह में हाथियों के झुंड ने दर्जनों घर के साथ सैकड़ों एकड़ में लगी फसल को बर्बाद किया है। सड़क जाम करने वालों में मुखिया प्रतिनिधि हरिलाल सिंह, कृष्णा सिह, सुरेन्द्र विश्वकर्मा, शयामकिशोर विश्वकर्मा, कुश केशरी, बाबूलाल प्रजापति, सुदर्शन गुप्ता, रबिन्द्र यादव आदि शामिल थे।

### राहुल गांधी आठ दिनों के झारखंड प्रवास में रहेंगे

# झारखंड के 13 जिलों से गुजरेगी कांग्रेस की न्याय यात्रा





**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अध्यक्षता में गुरुवार को नई दिल्ली में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिवों, प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और कांग्रेस विधायक दल के नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें झारखंड कांग्रेस के प्रभारी गुलाम अहमद मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम भी उपस्थित हुए। बैठक में मुख्य रूप से आगामी लोकसभा चुनाव और राहुल गांधी ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# कैसे पुरुषार्थी लिप्सारहित सहयोगी बने पुलिस?



सुनील बादल

**सिद्धांतः** सेना और पुलिस में यह अंतर है कि पुलिस आंतरिक सुरक्षा या शांति व्यवस्था के लिए होती है,जबकि सेना देश के दुश्मनों से निबटने के लिए। इसलिए लाठी पार्टी आज भी है पहले हल्के हथियार पुलिस को दिए जाते थे पर जब देश के अंदर ही छुपे हुए दुश्मन आक्रमण करने लगे तो पुलिस की कार्यशैली से लेकर हथियारों तक में बड़ा परिवर्तन किया गया। आज पुलिस नामधारी अनेक सुप्रशिक्षित संगठन हैं जो उग्रवादियों, माओवादियों से लेकर अत्याधुनिक हथियारों से लैस बदमाशों से निबटने में सक्षम हैं। पर भारतीय सेना और पुलिस में एक बड़ा अंतर यह है कि जहां सेना अनुशासन के सर्वोच्च मानक की प्रतीक है तो पुलिस की छवि एक दमनकारी या डरावनी सी ही बनी हुई है। यह अलग बात है कि न्यायालयों से लेकर सामाजिक दबाव और मीडिया या फिल्मों के प्रभाव से



इस प्रवृति में परिवर्तन भी हुआ है।

ब्रिटिश कालीन आपराधिक कानूनों की जगह लेने वाले तीन नए कानून अब भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम कहे जाएंगे। अंग्रेजों की सामंती कानूनी व्यवस्था में बदलाव की जरूरत लंबे समय से महसूस की जा रही थी, जिसे सरकार ने इन संशोधनों से दूर करने का प्रयास किया है। पर इन कानूनों को लागू करवाने वाली संस्था पुलिस को जब तक देश को गुलाम रखने वाले पुलिस एक्ट, 1861 से मुक्त नहीं किया जाएगा, तब तक नई कानून-व्यवस्था से ज्यादा उम्मीद भी नहीं की जा सकती।

वर्ष 1857 की विफल क्रांति के बाद अंग्रेजों ने पुलिस ऐक्ट, 1861 को देश को पूर्णतया गुलाम रखने के लिए बनाया था। इस कानून के अनुसार, पुलिस पूरी तरह सरकार के अधीन है जबकि प्रजातांत्रिक व्यवस्था में सरकारों को जनता का वोट चाहिए, जिसके लिए सत्ता पाने के लिए राजनीतिक दलों को बाहुबलियों और माफियाओं से भी परहेज नहीं होता है। सत्तारूढ़ राजनीतिक दलों के इशारे या गंठजोड़ से पुलिस संगठित अपराधों की अनदेखी शुरू कर देती है। जब कानून लागू करने वाली पुलिस ही संगठित अपराधों की अनदेखी करेगी और अपराधी को बचाने के लिए साक्ष्य पेश नहीं करेगी, तब कानून अपराधी को सबूत के अभाव में सजा नहीं दे सकता। ऐसे में संभावना है कि नए कानून भी पुरानी व्यवस्था की तरह अपराधों पर लगाम लगाने में नाकाम साबित होंगे।

सेना की बात करें तो सैन्य कानून की धारा 34 के तहत सेना की सफलता और उसके उद्देश्यों में बाधा आने पर जिम्मेदार सैनिकों के लिए मृत्युदंड तक का प्रावधान है। पर पुलिस को अपनी जिम्मेदारी का एहसास दिलाने के लिए ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। बिहार-झारखंड,मुंबई या यूपी-पंजाब सहित देश के अलग-अलग ▶▶शेष पृष्ठ 11 पर

# ब्राउन शुगर के साथ तीन अपराधी रंगेहाथ गिरफ्तार

### चार एंड्रायड स्मार्टफोन और दो मोटरसाइकिल बरामद

**मयूरहंड(चतरा)।** पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन को मिले गुप्त सूचना पर पुलिस टीम ने मयूरहंड थाना क्षेत्र से छापेमारी कर ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया। सूचना के सत्यापन और गिरफ्तारी के लिए तत्काल डीएसपी (मुख्यालय) केदार नाथ राम के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। इसमें थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह, अवर निरीक्षक मुकेश कुमार के साथ सशस्त्र और सहायक पुलिस बल के कर्मी शामिल थे। टीम ने थाना क्षेत्र के तेतरिया मोड़ के पास से छापेमारी कर सुरेंद्र दांगी पिता श्यामलाल दांगी ग्राम ढोढ़ी थाना मयूरहंड, तपन कुमार मिश्रा पिता संजय शर्मा और यशवंत कुमार पिता कृष्णा राम दोनों ग्राम खपरियावा, थाना कटकमदाग जिला हजारीबाग को गिरफ्तार किया। सुरेंद्र दांगी ने



पुलिस को बताया कि वह ब्राउन शुगर बेचने का धंधा करता है। उसके निशानदेही पर उसके घर से 80 ग्राम ब्राउन शुगर और उसके पास से 48 हजार रुपये नकद, तपन कुमार मिश्रा के पास से 1.43 ग्राम और यशवंत कुमार के पास से 3.60 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। इसके साथ ही इनके पास से चार एंड्रायड स्मार्टफोन और दो मोटरसाइकिल बरामद की गई। इनके विरुद्ध धारा 21/22/25/27/29/ एनडीपीएस एक्ट के तहत कांड संख्या-02/024 दर्ज करते हुए इन्हें न्यायायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## एक नजर

### युवक 13 दिन से लापता, सनहा दर्ज

**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के भलुवानी कला गांव निवासी सुकन भुइयां का 23 वर्षीय बेटा प्रिंस कुमार पिछले 13 दिनों से लापता है। परिजनों के द्वारा सगे-संबंधी सहित सभी संभावित जगहों पर खोजबीन के बाद भी कोई सुराग नहीं मिलने पर थाने में गुमसुदगी का सनहा दर्ज कराया गया। प्रिंस के भाई राजू कुमार ने बताया कि उनका भाई बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत टंडवा थाना क्षेत्र में ईंट भट्ठा पर काम करता था। 23 दिसंबर को घर आने के लिये वह वहां से निकला था, लेकिन आज तक वह घर नहीं पहुंचा है।

### सीओ को कार्यपालक पदाधिकारी का प्रभार

**हरिहरगंज।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर हरिहरगंज सीओ यामुन रविदास ने गुरुवार को प्रशिक्षु आईएएस रवि कुमार से नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। सिटी मैनेजर नजीबुल्लाह अंसारी ने गुलदस्ता भेंटकर उनका स्वागत किया। मौके पर उन्होंने कहा कि नगर पंचायत क्षेत्र का विकास करना उनकी प्राथमिकता होगी. इस अवसर पर अजमल हुसैन, एलटीसी संजय राणा, सामुदायिक संगठनकर्ता विचित्रा कुमारी, कंप्यूटर ऑपरेटर विक्की कुमार मौजूद थे।

### 15 जनवरी को थल सेना दिवस मनायेंगे पूर्व सैनिक

**हुसैनाबाद।** पूर्व सैनिक सेवा परिषद की हुसैनाबाद इकाई ने गुरुवार को कार्यालय में बैठक कर सर्वसम्मति से आर्मी दिवस मनाने का निर्णय लिया। इस दौरान तय किया गया कि आगामी 15 जनवरी को थल सेना दिवस मनाया जायेगा। प्रमंडलीय अध्यक्ष कैप्टन दुखन सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पूर्व सैनिकों ने कहा कि हम सभी फौजी है और कार्यक्रम भी उसी उसी अंदाज में मनाया जायेगा। उन्होंने सभी को कार्यक्रम के लिये दायित्व भी सौंपा। जिला उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट प्रेमतोष प्रसाद ने कहा कि इस महत्वपूर्ण दिवस पर मुख्य रूप से क्षेत्र की वीर नारियों को सम्मानित किया जायेगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों की भी सहभागिता की जायेगी। बैठक में सूबेदार असर्फी पाल, प्रसाद सिंह, सुधीर सिंह, सुबेदार सत्येंद्र ठाकुर, सुमेर सिंह आदि मौजूद थे।

### मोहम्मदगंज पंचायत में दूसरी बार भी ग्राम सभा रद्द, की जायेगी जांच

# योग्य लाभुकों का नाम न होने से भड़के ग्रामीण, मचाया हंगामा

**आक्रोशित महिलाओं ने कहा कि सूची बनाने में बगैर जांच के सक्षम लोगों का नाम शामिल कर जरुरतमंदों को इस योजना से वंचित किया जा रहा है**

**अबुआ आवास योजना में चयन को लेकर दो जनवरी को भी ग्रामसभा का आयोजन किया गया था**


ग्राम सभा में विरोध जताते ग्रामीण


ग्राम सभा करते ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** अबुआ आवास योजना में योग्य लाभुकों के चयन और अयोग्य को हटाने को लेकर गुरुवार को पुनः विशेष ग्रामसभा का आयोजन मोहम्मदगंज पंचायत सचिवालय में किया गया। जिसमें ग्रामीणों की अत्यधिक भीड़ होने से ग्रामसभा खुले मैदान में करानी पड़ी। ग्रामसभा की अध्यक्षता मुखिया कमला देवी व संचालन पंचायत सचिव विवेकानंद पटेल ने किया। पूर्व में तैयार प्रस्तावित लाभुकों की सूची में कई योग्य लाभुकों का नाम नहीं होने से ग्रामीण भड़क उठे। इससे क्षुब्ध ग्रामीणों ने जमकर हंगामा मचाया। आक्रोशित महिलाओं ने कहा कि सूची बनाने में बगैर जांच के सक्षम लोगों का नाम शामिल कर जरुरतमंदों को इस योजना से वंचित किया जा रहा है। ज्ञात हो कि अबुआ आवास योजना में चयन को लेकर दो जनवरी को भी ग्रामसभा का आयोजन किया गया था। जिसमें ग्रामीणों की शिकायत व विरोध को देखते हुए पुनः गुरुवार को ग्रामसभा आयोजित करने का निर्णय लिया गया था। दूसरी बार भी अबुआ आवास से वंचित योग्य लाभुकों के कड़ा विरोध को देखते हुये ग्रामसभा को निरस्त करना पड़ा। अबुआ आवास योजना की जांच टीम के पर्यवेक्षक नौशाद आलम ने बताया कि ग्रामीणों के विरोध के कारण अबुआ आवास योजना के विशेष ग्रामसभा को निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि अब तक तैयार की गई सूची फाइनल नहीं है। आपत्तियों की जांच कर योग्य वास्तविक लाभुकों को ही आवास का लाभ दिया जायेगा। ग्रामसभा से अनुमेदित होने के बाद ही सूची पूर्ण होगा। जिससे किसी प्रकार का विवाद ना हो तथा योग्य लाभुकों को आवास योजना का लाभ मिल सके।

### लाभुक चयन में गड़बड़ी से प्रतिनिधियों में रोष

**सतबरवा।** सदर प्रखंड के लहलहे पंचायत सचिवालय में गुरुवार को अबुआ आवास के लाभुकों के चयन होने को लेकर ग्राम सभा बुलाई गई। इस दौरान लाभुकों के चयन में भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुये पंचायत प्रतिनिधियों ने गहरा रोष जताया। वार्ड सदस्य प्रवीण तिवारी,पूनम कुमारी, विभा देवी,पंसस प्रतिनिधि सुभाष तिवारी आदि ने बताया कि बगैर उन्हें सूचना दिये अथवा बताये ही लाभुकों का चयन मनमाने ढंग से किया गया है। आवास के लिये चयन में पक्षपात किया गया है। जरूरतमंदों को आवास से वंचित किया जा रहा है। जबकि जिसका पक्के का घर है। उस घर के सदस्यों को दो-दो आवास के लिए चयन किया गया है। दूसरी तरफ समस्त आरोपों को नकारते हुये मुखिया पूनम देवी ने कहा कि सभी वार्ड सदस्य व पंचायत समिति सदस्यों की उपस्थिति में अबुआ आवास के लाभार्थी का चयन किया गया है।

### अबुआ आवास के लिए सगुना में ग्राम सभा

**पाटन।** प्रखंड के सगुना पंचायत में अबुआ आवास को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया मंजू देवी ने की। ग्राम सभा की बैठक पूरी पारदर्शिता के साथ निष्पक्ष तरीके से की गयी। इस दौरान योग्य 522 लाभुकों को आवास के लिए चयनित किया गया। मुखिया ने बताया कि अबुआ आवास के चयन में किसी भी स्थिति में अनियमितता न हो इसका पूरा ख्याल रखा जा रहा है। मौके पर पंचायत सेवक अहमद हुसैन, रोजगार सेवक प्रेम सागर सिंह, पंचायत समिति सदस्य समरून बीबी, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह, वार्ड सदस्य प्रिंस कुमार, युवा समाजसेवी रंजीत कुमार सिंह, विकास कुमार, राजा बाबू, महेन्द्र सिंह, मजलूम अंसारी, सादुल अंसारी मौजूद थे।

### अबुआ आवास चयन को लेकर सेमरवार में ग्राम सभा

**हरिहरगंज।** प्रखंड क्षेत्र के सिमरबार पंचायत सचिवालय में गुरुवार को मुखिया जितेंद्र पासवान की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान आवास के लिए पंजीयन कराई गई सूची को मुखिया ने पढ़ कर सुनाया। उन्होंने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दौरान पंचायत से अबुआ आवास के लिए करीब 700 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिसमें से योग्य लाभुकों का चयन कर आवास दिया जायेगा। मौके पर जेइ विद्यासागर कुमार, रोजगार सेवक विजय चौधरी, वार्ड सदस्य अजय मेहता, अखिलेश पासवान, प्रदीप राम, मिथिलेश पासवान, ललन पासवान, मोहन यादव, परशुराम मेहता, गणेश यादव, विरेंद्र मेहता, रामबचन गुप्ता, प्रमोद पासवान, रंजीत कुमार मौजूद थे।

### तेतराई पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा, लोगों ने किया स्वागत

# देश में मोदी हैं तो सब मुमकिन है: लाल सूरज


विकसित भारत का संकल्प लेते लोग

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखण्ड के ग्राम पंचायत तेतराई में विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर पंचायत भवन परिसर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा प्रत्याशी लाल सूरज और पांकी विधायक डा. कुशवाहा शशिभूषण मेहता के निजी सचिव प्रो. बच्चन ठाकुर रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए लाल सूरज ने कहा कि देश निरंतर प्रगति के पथ पर गतिशील है। देश रात-दिन ऊंचाईयों को हासिल कर रहा है। विकसित भारत का सपना हर किसी का है इसलिए हमें विकसित भारत के लिये संकल्पित होने की जरूरत है। देश में जब तक मोदी जी है तब तक सबकुछ मुमकिन है। केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आज हर व्यक्ति लाभान्वित हो रहे हैं। देश और तरक्की करे इसके लिये हर भारतीय को विकसित भारत संकल्प यात्रा को आगे बढ़ाने की जरूरत है। मौके पर अमित तिवारी, विधायक प्रतिनिधि सुरेन्द्र सिंह, सांसद प्रतिनिधि सत्यप्रकाश पाण्डे, जयकिशोर गुप्ता, साधू मांझी ,ललित मेहता, शत्रुघ्न सिंह, श्यामनंदन ओझा, धनुषदेव सिंह, विरेंद्र सिंह,इकबाल अहमद, कार्तिक सिंह उपस्थित थे।

### 26 जनवरी तक चलेगा डिज्नी लैंड सह मीना बाजार

**विश्रामपुर।** नप मुख्यालय स्थित डाक बंगला परिसर में लगा डिजनी लैंड सह मीना बाजार युवा,बच्चों और महिलाओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। लोगों के उत्साह को देखते हुये आयोजकों ने अब 26 जनवरी तक इसे जारी रखने का निर्णय लिया है। ज्वाला विश्वकर्मा ने बताया कि स्थानीय लोगों के उत्साह को देखते हुए अवधि का विस्तार किया गया है। जिसके लिए प्रशासनिक अनुमति भी हासिल कर ली गई है। विस्तारित अवधि के दौरान स्कूली बच्चों को 50 प्रतिशत तक की छूट दी जायेगी। इसके अलावा गणमान्य लोगों के लिए वीआईपी पास भी जारी किया जायेगा। मौके पर बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज मिश्रा,जितेंद्र अग्रवाल,रौशन विश्वकर्मा मौजूद थे।

### धूमधाम से मनायी गयी सावित्रीबाई फुले की जयंती

# प्रथम महिला शिक्षक थीं सावित्रीबाई: किरण


जयंति मनातीं महिलायें

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** जिला मुख्यालय मेदिनीनगर स्थित सुषमा देवी के आवास पर देश की प्रथम महिला शिक्षिका और समाज सुधारक सावित्रीबाई फुले की जयंती मनायी गयी। कार्यक्रम के प्रारंभ में सावित्रीबाई फुले के तैल चित्र पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें नमन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा महिला विंग की प्रदेश अध्यक्ष किरण प्रसाद और संचालन सुषमा देवी के द्वारा किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने सावित्रीबाई फुले की विचारों पर प्रकाश डालते हुये कहा कि अनेक बाधाओं के बावजूद उन्होंने स्त्रियों को शिक्षा दिलाने कर संघर्ष जारी रखा। उन्होंने बगैर धैर्य खोये स्त्रियों के अधिकारों, शिक्षा,छुआछूत, सती प्रथा,बाल विवाह, विधवा विवाह जैसी कुरीतियों का विरोध किया। मौके पर गीता देवी, चंदा देवी, रिंकी देवी, प्रतिमा देवी, चिंता देवी, रजवंती देवी, लीलावती देवी, प्रियंका कुमारी, फूल कुमारी, कुमारी साक्षी, रामनाथ राम, विनेश्वर राम, संजय कुमार, अनिल कुमार तथा कन्हाई राम आदि मौजूद थे।

### पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

# सोशल मीडिया पर प्यार, शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में सोशल मीडिया से शुरू हुआ प्यार इतना बिगड़ गया कि आशिक को जेल की हवा खानी पड़ी। शहर थाना पुलिस ने धोखा देकर यौन शोषण करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। शहर के आबादगंज इलाके की रहने वाली एक लड़की ने शहर थाना में लिखित शिकायत की थी कि उसके साथ शादी का झांसा देकर उसका यौन शोषण किया गया है। युवती ने अपनी लिखित शिकायत में बताया है कि दोनों की मुलाकात सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर हुई थी। सोशल मीडिया पर आरोपी असलम ने ही उसे फॉलो किया। असलम चैनपुर थानाक्षेत्र के कल्याणपुर का रहने वाला है। युवक और युवती के बीच इंस्टाग्राम से फोन नंबर का लेन-देन हुआ। दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। बातचीत करते हुए दोनों में नजदीकी बढ़ी और प्यार हो गया। असलम ने युवती से शादी का वादा किया और दोनों के बीच संबंध कायम हो गया। कुछ समय बीतने के बाद युवती ने जब उसपर शादी के लिए दबाव बनाना शुरू किया तो युवक ने उसके साथ शादी करने से इंकार कर दिया। परेशान होकर युवती ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाते हुए प्रेमी के खिलाफ शहर थाना में एफआईआर दर्ज करायी। पुलिस ने प्रेमी को गिरफ्तार कर गुरुवार को जेल भेज दिया।

### पूर्व ओपी प्रभारी दी गयी विदाई

**पाटन।** किशुनपुर ओपी मे कार्यरत एएसआई राजकुमार शर्मा को गुरुवार को भावभीनी विदाई दी गयी। बताते चलें कि श्री शर्मा ने नवंबर 2016 से लेकर अक्टूबर 2019 तक किशुनपुर ओपी में प्रभारी के रूप में सेवा प्रदान किया है। इनका किशुनपुर ओपी अंतर्गत क्षेत्र के जनता से बहुत ही अच्छा लगाव रहा है। नगर ऊंटारी थाने में सेवा देते हुये दिसंबर 2023 में वे रिटायर कर गये। पाटन थाना प्रभारी गुलशन गौरव के द्वारा अंग वस्त्र भेंटकर उन्हें विदाई दी गयी। मौके पर नावा जयपुर थाना प्रभारी संजय कुमार रजक, किशुनपुर ओपी प्रभारी कुमार नीरज, एसआई आदि मौजूद थे।


**कार्यालय, गढ़वा नगर परिषद्, गढ़वा**

**शुद्धि-पत्र**

कार्यालय नगर परिषद गढ़वा के द्वारा E-Tender GNP/SBD-01/2023-24 (Furnishing Works Of Multipurpose Cultural Complex Under Nagar Parishad Garhwa Nagar, Jharkhand ) का सूचना प्रकाशित किया गया था, जिसका PR 313923 (Urban Development) 23-24 (D) है। उक्त ई–निविदा में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है:–

1. निविदा के क्रमांक संख्या 02 में प्राक्कलित राशि– 2,68,71,900.00 (दो करोड़ अरसठ लाख एकहतर हजार नौ सौ रूपये) है।
2. निविदा के क्रमांक संख्या 03 में निविदा शुल्क की राशि– 10,000.00 (दस हजार रूपये) है।
3. निविदा के क्रमांक संख्या 04 में Bid Security Amount– 2,68,800 (दो लाख अरसठ हजार आठ सौ रूपये) है।
4. निविदा के क्रमांक संख्या 05 में Time of Completion– 13 Month (13 माह) है।

शेष सभी पूर्व की भांति यथावत रहेंगे।

कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद गढ़वा

PR 315147 Urban Development(23-24)#D



**झारखण्ड सरकार**

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।**

SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521 Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

**अति अल्पकालीन आवेदन आमत्रंण सूचना**

एतद द्वारा गुमला जिला के महिला मत्स्य कृषकों को सूचित करना है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के मत्स्य प्रभाग के राज्यादेश 16 दिनांक 24.07.2023 के आलोक में वर्ष 2023–24 में मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजनान्तर्गत **नए रंगीन मछली पालन इकाई** हेतु महिलाओं को पूरक सामग्री उपलब्ध कराया जाना है जिसके लिए सुयोग्य आवेदकों से आवेदन आमंत्रित किया जाता है । आवेदन का प्रपत्र जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला से निःशुल्क प्राप्त किया जा सकता है । वैसे महिला मत्स्य कृषक जो पूर्व से प्रशिक्षण प्राप्त है या अनुभव है, को प्राथमिकता दी जाएगी।

आवेदन प्रपत्र प्राप्ति (निःशुल्क) का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला ।
आवेदन प्रपत्र जमा करने का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला (कार्यालय अवधि में)
आवेदन प्रपत्र जमा करने की अन्तिम तिथि – 12.01.2024.

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।

PR 315110 (Fish) 23-24 (D)



**झारखण्ड सरकार**

**कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी-सह-मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला**

SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521

Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

**रंगीन मछली पालन के लिए सामग्री (KIT) हेतु अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना वर्ष 2023–24**

1. विज्ञापन दाता का पदनाम एवं पता – जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला ।
2. निविदा प्राप्ति का स्थान – कार्यालय, जिला मत्स्य पदा0–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला ।
3. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय – दिनांक– 12/01/2024 को 01:00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा खोलने का स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – दिनांक– 12/01/2024 को 01:30 बजे अपराह्न में।

नोट :– निविदा की शर्तों हेतु कार्यालय नोटिस बोर्ड पर देखा जा सकता है।

**रंगीन मछली पालन हेतु आपूर्ति की जाने वाली सामग्रियों (KIT) का विस्तृत विवरण : –**

| S.No. | Item | Description | Maximum Required Quantity | Unit |
|---|---|---|---|---|
| | | Group A | | |
| 1 | FRP Circular Tank | 3 ft. dia, 1'8" ft. Height Wall thickness 2 mm. & Bottom Thickness 3 mm. | 06 | Nos |
| | | Group B | | |
| 2 | Bio Sponge Filter | Air Output 38 litre/min. | 12 | Nos |
| 3 | Air Pump | Double Nozzle | 12 | Nos |
| 4 | Hand Net | For Ornamental Fishes | 18 | Nos |
| 5 | Methylene Blue | 100ml/ 50 ml. | 30 | Nos |
| 6 | Malachite Green F | 100ml/ 50 ml. | 30 | Nos |
| 7 | Thermostat | High Quality | 12 | Nos |
| 8 | Air Stone | High Quality | 12 | Nos |
| 9 | Air Pipe | High Quality | 06 | Nos |
| 10 | Jointer /Connector/Regulator | High Quality | 30 | Set |
| 11 | Food | High Quality, 100gm/1000gm.pack | 30 | Kg |
| 12 | Symphoning pipe | High Quality | 12 | Nos |
| | | Group C | | |
| 13 | Different Type of Ornamental Fish (Gold Fish,Red Cap,Butterfly Guppy,Redfin Guppy, Marina Carp,Sword Tail, Platy Gourami, Balloon molly , Widow tetra, MilkyCarp etc. | Size 1.5"-2", 2.5"-3" & Brooder | 400 pc. of Each Species | Nos |

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला ।

PR.NO.315109 Fish(23-24):D



**DISTRICT AYUSH SOCIETY PALAMU**

**Advt. – 01/2023/AYUSH/PAL DATE- 04.01.2024**

**Recruitment Notice**

**Recruitment for DPMU cell on contract basis at District Ayush Society Palamu**

**National Ayush Mission (NAM),** Jharkhand is committed to provide accessible, affordable and accountable quality health services to the last person of the last household at the last village. The Trust is on establishing a fully fuctional, community owned, decentralized health delivery system with intersectoral convergence at all levels, to ensure simultaneous action on a wide range of health determinats such as water, sanitation, education, nutrition, social and gender equality.

NAM, Jharkhand is seeking applications from eligible candidates for the following position for District Ayush Society Palamu Government of Jharkhand:-

| Si No | Name of Post | Number of Post | Remuneration (Rs./Month) | Qualification & Eligibility Criteria |
|---|---|---|---|---|
| 01 | District Programme Manager | 1 (UR) | Rs. 50,000/- | **Essential Minimum Qualification :-** Graduation degree in any discipline including Ayush And MBA in Healthcare Management/Masters in health/hospital administration/Post Graduation diploma in Hospital & Healthcare management (Two Years) from AICTE Recognized institute. **Essential Minimum Experience :-** Minimum 1 year working experience in Public Health Programme, Exposure in social sector schemes/missions at national, state and district level. **Required Minimum Competencies :-** Computer Knowledge including MS Office, MS Word, MS Power Point, and MS Excel would be desirable. **Note-** Prefernce will be given to persons having experience of working in Health Sector including AYUSH. |

**Terms of Engagement :-**

1. Contractual employment will be made for 1 year from the date of appointment. However, contract may be extended or terminated on the basis of satisfactory/unsatisfactory service without any notice.
2. **Age limit**: Minimum 21 Years Maximum 60 Years as or 1st August 2023.
3. **Last Date for receiving the application** –Application recived Date 27.01.2024 till 5 PM at District Ayush Medical Officer, District Joint Hospital (Near Poly Clinic), Palamu pin code 822101 and Application received after last date/time will be refused/rejected. And Interview Date is 04.02.2024
4. The Successful candidates will be required to execute contractual agreement and their services will be guided by the service rules of NAM.
5. **How to apply** – All the candidates should submit their application through Registerd Post/Speed Post in a sealed Application Mentioning their Name/Address/Name of Post on Envelop at District Ayush Medical Officer, District Joint Hospital (Near Poly Clinic), Palamu, Pin Code- 822101 and fill the form along with the required documents and make the payment i.e 1000/- (One Thousand) Rupees for each application by Demand Draft in the favour of DISTRICT AYUSH MEDICAL OFFICER, PALAMU Payable at Daltonganj.
6. **Required documents:**
   a. Aadhar Card
   b. Pan Card
   c. Photograph (Passport Size)
   d. 10th Marksheet
   e. 12th Marksheet
   f. Semester wise mark sheet of BAMS/BUMS/BHMS/BSMS/BYNS/MBA-Finance/M.Com/C.A/ICWA/ICWA(Inter)/CA(inter)/Graduation/MBA
   g. Degree Certificate
   h. Experience Certificate
   i. Caste Certificates for ST/SC/EBC 1/EBC II/EWS (if applicable)- which should not be older than 6 months before the last date of application.
   j. Domicile/Residential Certificate (if applicable)- which should not be older than 6 months before the last date of application.
7. All the documents should be self attested by the candidate.
8. Candidate should bring their original documents at the time of interview.
9. For the post of District Programme Manager, shortlisted candidates would be called for document verification and personal interview on the date, time and place communicated to them through website www.palamu.nic.in

Note:- If number of Applicants increases considerably then written exam may be conducted by authority.

10. List of Selected Candidates will be published on website www.palamu.nic.in
11. The Selected Candidates will get an annual enhancement of 03% based on satisfactory performance to be decided by the performance assessment committee of AYUSH.
12. **Leave-** The selected Candidates will get maximum 18 days leave during a calendar year.
13. The District Ayush Society reserves the right to cancel/postpone the recruitment wholly or partly if so required. No claim wil be admissible in case of such cancellation/postponement.
14. Canvassing in any form either for selection or for place of posting will result in cancellation of the candidature of the applicants.
15. Minimum qualifying marks will be as per the resolution no " 13026 Dated- 27-11-2012, issued by Department of Personnel, Administrative Reforms and Rajbhasha, Jharkhand.
16. For More Details Please Visit Annexure –I and Annexture – II

**Deputy Commissioner cum Chairman, District Ayush Society, Palamu**

PR315139 (District)23-24*D

## एक नजर

### पुलिस की आहट पाकर भागे चोर

**मेदिनीनगर।** नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय स्थित बस स्टैंड के समीप एक कांप्लेक्स का ताला चटका कर अंदर घुसे चोर पुलिस की आहट पाकर चोरी किये बिना भाग खड़े हुये। बताया जाता है कि अविलाष खान के कम्प्लेक्स के पीछे का ताला तोड़कर अज्ञात चोर बुधवार की रात एक बजे अंद घुस गये। इसी दौरान खटपट की आवाज सुनकर कांप्लेक्स में रह रहे लोगों की नींद खुल गयी। खतरे को भांपकर किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। नावा बाजार थाने के अवर निरीक्षक नंदकिशोर दास के नेतृत्व में पुलिस के पहुंचने के पहले ही चोर भाग निकले।

### हिट एंड रन कानून को वापस लेने की मांग

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक सह केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने सुदना पटेल नगर स्थित आवास पर एक वार्ता में हिट एंड रन कानून को अविलंब वापस लिये जाने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी सांसदों को निलंबित कर सरकार ने जन विरोधी हिट एंड रन कानून को पास किया है। उन्होंने कहा कि बिना सोचे-समझे नोटबंदी, जीएसटी, तीनों कृषि कानून आदि के भयावह नुकसान से देश की जनता अभी तक उबर नहीं पाई है। ऐसे में बिना व्यापक चर्चा-परिचर्चा के हिट एंड रन समेत महत्वपूर्ण मसले से संबंधित कानून को केन्द्रीय गृह सचिव द्वारा हड़ताली कर्मियों के साथ वार्ता में अभी लागू नहीं करने की घोषणा से मोदी सरकार की अगंभीरता व अल्हड़पन का पता चलता है।

### मिशन समृद्धि ने बांटें कंबल

**मेदिनीनगर।** मिशन समृद्धि संस्था ने मेडिकल कॉलेज के पीछे स्थित कुष्ठ कॉलोनी में रहने वाले लोगों में कंबल का वितरण किया।

# शीतलहर में खुले स्कूल, बच्चों की बढ़ी परेशानी



कड़ाके की ठंड में स्कूल जाते बच्चे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू में शीतलहर व धुंध का प्रकोप बढ़ता जा रहा है। इसके बाद भी स्कूल खुल जाने के कारण छोटे-छोटे बच्चों को भी ठंड में ठिठुरते हुये स्कूल जाना पड़ रहा है। इससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ने की प्रबल संभावना बनी हुई है। जिले के साथ समूचा प्रदेश पिछले एक पखवारे से भीषण शीतलहर की चपेट में है। शीतलहर के साथ घना कोहरा पड़ने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। कड़ाके की ठंड को देखते हुये शासन द्वारा सभी विद्यालयों को 31 जनवरी तक बंद कर दिया गया था। इसके बाद स्कूल तो खुल गये हैं, किंतु शीतलहर का प्रकोप थमने की जगह और भी बढ़ गया है। ऐसी स्थिति में विशेष कर छोटे बच्चों को स्कूल जाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों को ठंड लगने की संभावना को देख अभिभावकों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये कक्षा एक से पांच तक की कक्षाओं में अवकाश किये जाने की मांग की है।

### सभी पंचायतों में रामलला प्राण-प्रतिष्ठा से आये पूजित अक्षत पहुंचाने की तैयारी

# 222 पंचायतों के 12 हजार परिवारों तक पहुंचा आमंत्रण

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** परम पावन अयोध्या धाम से आये पूजित अक्षत सह

**गुरुवार तक हरिनगर, चैनपुर, छतरपुर, नौडीहा बाजार, नावा बाजार, आदि प्रखंडों में अभियान लक्ष्य के काफी नजदीक पहुंच गया है।**

आमंत्रण पत्र को गुरुवार तक 222 पंचायतों के 12 हजार परिवारों तक पहुंचा दिया गया है। विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री सह वितरण कार्यक्रम के संयोजक दामोदर मिश्र ने बताया कि इसे निर्धारित समय सीमा 15 जनवरी तक जिले के सभी 23 प्रखंडों के 283 पंचायतों के 1918 गांवों तक पहुंचाने की तैयारी की गयी है। कार्य में विहिप व आरएसएस के कार्यकर्ता पूर्ण मनोयोग से जुटे हैं। गुरुवार तक हरिनगर, चैनपुर, छतरपुर, नौडीहा बाजार, नावा बाजार, विश्रामपुर, नीलांबर-पीतांबरपुर, पांकी, मनातू आदि प्रखंडों में अभियान लक्ष्य के काफी नजदीक पहुंच गया है। अन्य प्रखंडों में भी युद्ध स्तर पर वितरण कार्यक्रम जारी है। आमंत्रण पत्र व पूजित अक्षत लेने को रामभक्तों में भारी उत्साह व्याप्त है। पूरे जिले में उत्सव का माहौल कायम है। सभी अक्षत-कलश पाकर खुद को धन्य मान रहे हैं। ढोल-नगाड़े की थाप पर खुशी मनाते हुये नागरिक अक्षत-कलश यात्रा का स्वागत कर रहे हैं। जिला मंत्री ने कार्यक्रम में सहयोग के लिये कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया है।



महिला को आमंत्रण देते विहिप के पदाधिकारी

### छतरपुर अनुमंडल तथा हरिहरगंज प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का आयुक्त ने किया औचक निरीक्षण

# अंतिम व्यक्ति के विकास में ही पलामू का विकास

**जरूरतमंद व्यक्ति को जिला एवं प्रमंडल कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़े, इसका पूरा ध्यान रखें : आयुक्त**

**आयुक्त ने छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित छतरपुर व हरिहरगंज के थाना प्रभारियों से विधि व्यवस्था की भी जानकारी ली।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रमण्डलीय आयुक्त दशरथ चन्द्र दास ने गुरुवार को अनुमंडल कार्यालय छतरपुर तथा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने कार्यरत पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों को इमानदारी पूर्वक, सक्रियता से कार्य करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। इसके लिए सभी कर्मचारी सहयोगात्मक भावना से कार्य करें। योग्य एवं जरूरतमंद व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ पहुंचायें। जरूरतमंद व्यक्ति को जिला एवं प्रमंडल कार्यालय जाने की आवश्यकता नहीं पड़े, इसका पूरा ध्यान रखें। प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर ही लोगों की समस्यायें दूर करने से आमजनों को आर्थिक और समय दोनों की बचत होगी। आयुक्त ने अनुमंडल कार्यालय छतरपुर तथा प्रखंड एवं अंचल कार्यालय हरिहरगंज में कार्यरत कर्मचारियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनके कार्य आवंटन एवं कार्य प्रगति की जानकारी ली। अनुमंडल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने भवन की जीर्ण-शीर्ण स्थिति पर नाराजगी जताई। उन्होंने अनुमंडल कार्यालय भवन छतरपुर के रंगरोगन एवं अन्य व्यवस्थायें दुरूस्त करने को लेकर भवन निर्माण विभाग को पत्र भेजने का निर्देश दिया। अनुमंडल पदाधिकारी हीरा कुमार ने बताया कि भवन निर्माण विभाग को अनुमंडल भवन का रंगरोगन एवं अन्य व्यवस्थायें दुरूस्त करने संबंधी पत्र भेजा गया है। आयुक्त ने छतरपुर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सहित छतरपुर व हरिहरगंज के थाना प्रभारियों से विधि व्यवस्था की भी जानकारी ली। मौके पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार, भूमि सुधार उपसमाहर्ता छतरपुर विजय केरकेट्टा, थाना प्रभारी शेखर कुमार, हरिहरगंज थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास आदि उपस्थित थे।



निरीक्षण करने जाते आयुक्त

### अब बुधवार को प्रखंड स्तर पर भी लगेगा जनता दरबार

# जन समाधान दिवस के रूप में मनाया जाये बुधवारः उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दण्डाधिकारी शशि रंजन ने पलामू के सभी बीडीओ व सीओ को सप्ताह के प्रत्येक बुधवार को और अवकाश की स्थिति में गुरुवार को संयुक्त रूप से स्थानीय प्रखण्ड कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन करने का आदेश दिया है। उन्होंने जिले के सभी बीडीओ-सीओ को निर्देशित करते हुए कहा है कि जिले के विभिन्न अंचलों से आये आमजन अपनी विभिन्न मांगों, समस्याओं तथा कल्याणकारी कार्यों व योजनाओं के लिए सीधे जिला मुख्यालय में उपस्थित होते हैं। जिससे यह प्रतीत होता है कि विभिन्न प्रखंडों व अंचलों में आमजनों की समस्याओं की सुनवायी व नियमानुकुल निष्पादन की कार्रवाई अपेक्षा के अनुरूप नहीं होती है। ऐसे में स्थानीय प्रखंड-अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन नितांत आवश्यक है। जिसमें विकास व राजस्व संबंधी कार्यों के अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण मांग तथा कार्यों पर त्वरित निष्पादन किया जाये। उन्होंने कहा कि बुधवार को जन समाधान दिवस के रूप में मनाया जाये। यह दिन पब्लिक के कार्यों का निपटारा का दिन हो,यह सुनिश्चित होना चाहिये। इस दिन जब फरियादी किसी भी समस्या को लेकर आये, उसे उच्च प्राथमिकता देते हुए ससमय निष्पादित करें।




लोगों की समस्या सुनते उपायुक्त

### जन कल्याण ट्रस्ट ने पूर्वडीहा में बांटे कंबल, लोगों को मिली राहत

# सुदूरवर्ती इलाकों में जगा रहे विकास की अलख



कंबल बांटते कार्यकर्ता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के पूर्वडीहा में जन कल्याण ट्रस्ट के तत्वावधान में कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माटी कला बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष अविनाश देव, कंपनी कमांडर अनुज झा, कंपनी कमांडर राजेश लकड़ा,जन कल्याण ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे,उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडेय, केंद्रीय प्रवक्ता अजय तिवारी,वरिष्ठ सदस्य अखिलेश पाठक, संतोष दुबे एवं चैनपुर के प्रखंड अध्यक्ष आशीष पासवान थे। कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी पप्पू दुबे ने किया। ट्रस्ट के अध्यक्ष अजीत दुबे ने बताया कि हम लोग निरंतर समाज के सुदूरवर्ती इलाकों में काम करने का प्रयास कर रहे हैं। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पांडे ने कहा कि जगह-जगह मेडिकल कैम्प करने का भी कार्य किया जा रहा है। पंचायत के मुखिया संतोष दुबे ने ट्रस्ट के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट की पहल से निश्चित ही गरीबों को मदद मिलेगी। साथ ही अन्य संस्थाओं व समाजसेवियों को भी ऐसा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। मौके पर पूर्व मुखिया अरुण दुबे, समाजसेवी कृष्णमणि दुबे, समाजसेवी विवेक दुबे, लवनीत दुबे, बनवीर दुबे, श्रवण दुबे, जोगीराम, पंचम दुबे, विवेका दुबे, अमित दुबे, शशिभूषण दुबे, राजकुमार दुबे, हीराराम, नारायण भाई, अशोक दुबे, सुनील दुबे उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर

**मेदिनीनगर।** नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के ग्राम खैरादोहर निवासी जगनन्दन विश्वकर्मा की पत्नी झुनका देवी उम्र 40 वर्ष सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने बताया कि बुधवार सुबह 11:30 बजे झुनका देवी गांव के एक व्यक्ति के साथ बाइक पर सवार होकर छतरपुर बाजार किसी काम से जा रही थी। तभी रास्ते में असंतुलित होकर बाइक से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए छतरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

### मेदिनीनगर में मुख्य चौराहों के साथ गलियों में भी स्थिति नारकीय

# खुली नालियां दे रहीं दुर्घटनाओं को दावत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र के मुख्य चौराहों के साथ गलियों में भी जगह-जगह खुली नालियां जहां दुर्घटनाओं को दावत दे रहीं हैं। वहीं इससे मच्छरों का प्रसार बढ़ जाने से संक्रामक बीमारियों का भी गंभीर खतरा बना हुआ है। बार-बार ध्यान आकृष्ट कराने के बाद भी नालियों को ढंकवाने की दिशा में कोई पहल नहीं किये जाने से लोगों में भारी रोष व्याप्त है। मेदिनीनगर शहर के रेड़मा चौक, सादिक मंजिल चौक, पंचमुहार, अस्पताल मोड सहित प्रमुख छहमुहान पर भी खुली नालियां सहजता से देखी जा सकती हैं। खतरनाक मोड़ पर भी नालियां ढंकी हुई नहीं होने से आये दिन दो-पहिया वाहन चालक व राहगीर दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। इसके साथ ही गंदगी से बजबजा रहीं नालियों के कारण शहर में मच्छरों का आतंक बढ़ जाने से मलेरिया आदि संक्रामक बीमारियां तेजी से अपना पांव फैला रही हैं। लोगों ने नगर निगम के अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये तत्काल नालियों को ढंके जाने की मांग की है।



नगर निगम क्षेत्र में खुली नाली

**बोले नागरिक :** नालियां तो खुली हैं ही। उनकी साफ-सफाई भी लंबे अरसे से नहीं कराई गयी है। ऐसी स्थिति में राहगीरों को चौराहे से गुजरने में भी मिचली आने लगती है।



**चंद्रबली चौबे**

रेड़मा चौक व छहमुहान पर तो मोड़ पर ही नाली खुली है। इससे लगभग रोज ही कोई न कोई हादसा हो रहा है।



**श्याम देव मेहता**

नालियों में बजबजा रही गंदगी की सडांध से राहगीरों को सांस लेना भी दूभर हो गया है। तत्काल साफ-सफाई कराकर नालियों को ढंका जाये।



**अभिषेक सिंह**

# पदाधिकारियों को दिया गया ईवीएम एवं विविपैट का प्रशिक्षण



प्रशिक्षण लेते अधिकारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन के निर्देश पर गुरुवार को समाहरणालय भवन के ब्लॉक सी एवं डीआरडीए के पुराने भवन में ईवीएम एवं विविपेट जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित्त विभाग स्तर से प्राप्त प्रारूप के अनुसार जिला स्तर और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर ईवीएम-विविपैट जागरूकता टीम हेतु निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सहित पलामू व गढ़वा जिले के बीडीओ मौजूद रहे।

### नगर निगम के अधिकारियों ने नागरिकों को दी ठंड से बचने की सलाह

# फुटपाथ पर सो रहे लोगों को भेजा गया आश्रय गृह

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला प्रशासन के निर्देश पर बुधवार की रात नगर निगम के सिटी मैनेजर सतीश कुमार एव टीओपी-2 प्रभारी नबी अंसारी के नेतृत्व में डालटनगंज रेलवे स्टेशन के बाहर खुले स्थान पर एवं दुकान के नीचे सो रहे लोगों को आश्रय गृह भेजा गया। सिटी मैनेजर ने उन्हें जगा कर ठंड से बचने की सलाह देते हुये कहा कि सरकारी बस स्टैंड में आश्रय गृह बनाया गया है। वहीं जाकर वे लोग आराम करें। ठंड के मौसम में इधर-उधर ना भटके तथा खुले आसमान के नीचे तो कदापि न सोयें। इससे उनकी तबियत खराब हो सकती है। अधिकारियों द्वारा तत्काल ऑटो बुलवाकर फुटपाथ पर सो रहे सभी व्यक्तियों को सरकारी बस स्टैंड स्थित आश्रय गृह भेजा गया। नागरिकों ने प्रशासन के इस पहल की सराहना की है।



मौका मुआयना करते अधिकारी

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन अब 22 को

**मेदिनीनगर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के तहत पुनरीक्षण कार्यक्रम की तिथि संशोधित की गई है। अब दावा आपत्ति संबंधी प्रपत्रों के निष्पादन की अंतिम तिथि 12 जनवरी एवं मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन की तिथि 22 जनवरी निर्धारित की गई है। जिले के वैसे पात्र मतदाता जिनका पंजीकरण अभी तक नहीं हो पाया है या किसी कारणवश छूट गया हो। बढ़ी हुई तिथि तक अपना पंजीकरण करा सकते हैं।

### डा. मदन गोपाल को सम्मानित किया जाना पलामू के लिए गौरवशाली

**मेदिनीनगर।** देवघर कॉलेज वनस्पति शास्त्र विभाग के पूर्व अध्यक्ष व झारखंड राज्य के जाने-माने पर्यावरणविद् डॉ. मदन गोपाल तिवारी को पर्यावरण अध्ययन एवं शोध के क्षेत्र में कार्य कर रहे संस्थान सेंटर फॉर सोशल एंड एनवायरमेंटल रिसर्च द्वारा लाइफ टाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाना पलामू के लिये गौरवशाली है। सदस्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड झारखंड सरकार हृदयानंद मिश्र एवं बीसके कालेज बरहरवा साहिबगंज के प्राचार्य डॉ. वसन्त कुमार गुप्ता ने हर्ष जताते हुये कहा कि यह पलामू ही नहीं वरन झारखंड के लिए भी गौरव की बात है। बताते चलें कि पलामू डॉक्टर तिवारी की जन्म भूमि व देवघर उनकी कर्मभूमि है।

### आजीवन स्वस्थ रहने का अचूक नुस्खा है योग : डॉ. संजय

**हरिहरगंज।** वर्तमान समय में जीवन शैली धीरे-धीरे व्यस्त व मशीनी होती जा रही है। ऐसे में योग का महत्व बढ़ गया है। योगासन शांत, सुखी व स्थिर रहने की विधि है। योगासन की मदद से हम प्राकृतिक स्वास्थ्य के साथ-साथ स्वाभाविक सुंदरता भी पा सकते हैं। उक्त बातें पतंजलि एवं भारत स्वाभिमान के संभाग प्रभारी योग शिक्षक सह हरिहरगंज- महाराजगंज स्थित दिव्य अस्पताल के डॉ. संजय कुमार ने कही। वे गुरुवार को योगासन के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कहा कि बीमारियों से सुरक्षा के लिए नियमित योगासन जरूरी है।

### क्वार्टर फाइनल मुकाबलों का आगाज

**हरिहरगंज।** स्थानीय मोतीराज महिला कॉलेज के समीप स्थित राधेकृष्ण मैदान में क्रिकेट मैच का उद्घाटन गुरुवार को समाजसेवी संतोष प्रजापति ने फीता काटकर किया। इस दौरान अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि खेल से तन और मन दोनों स्वस्थ रहते हैं। खेल में खिलाड़ियों को कैरियर बनाने का भी बेहतर अवसर है। अररूआ खुर्द शिव मंदिर क्रिकेट टीम ने सतगांवा पर विजय प्राप्त की। इस मौके पर पवन यादव, विवेक विश्वकर्मा, विकास विश्वकर्मा, डॉ.अमरजीत यादव, अक्षय कुमार, शानू पाठक, रवि कुमार, पवन कुमार, छोटू कुमार, शशि कुमार, राहुल कुमार मौजूद थे।

## सम्मेलन

### जिला महिला कांग्रेस कमेटी ने किया मैत्री सम्मेलन का आयोजन

# नये लोगों को कांग्रेस से जोड़ने के लिये किया प्रेरित

**पदाधिकारियों ने कहा कि मिशन-2024 के तहत आगामी लोकसभा चुनाव में गठबंधन के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित की जा सके**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में गुरुवार को जिला कांग्रेस कमेटी के मैदान में मैत्री सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष गुंजन सिंह व विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कार्यकर्ताओं को नये लोगों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ने के लिये प्रेरित किया गया। पदाधिकारी द्वय ने कहा कि मिशन-2024 के तहत आगामी लोकसभा चुनाव में गठबंधन के उम्मीदवार की जीत सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में चारो तरफ नारी तरफ अपनी शक्ति का लोहा मनवा रही है। राजनीति में भी नारी शक्ति की धमक बढ़ी है। इस दौरान नये लोगों को कांग्रेस की सदस्यता भी ग्रहण कराई गयी। सभी को जन-जन तक कांग्रेस की नीतियां पहुंचाने का संकल्प दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला कांग्रेस की जिलाध्यक्ष इंदु भगत व संचालन मीना देवी ने किया। इससे पूर्व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मौके पर प्रदेश महासचिव पिंकी सिंह, प्रिया ओझा, पूजा सिंह, शमीम अहमद राइन, ईश्वरी प्रसाद सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, ऊषा देवी, रोशन परवीन, सुनीता देवी, संगीता देवी आदि मौजूद रहीं।



दीप प्रज्ज्वलित करते अतिथि

## एक नजर

### केतार प्रमुख ने मंत्री से बीडीओ की पदस्थापना कराने की मांग की

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने गुरुवार को पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री को पत्राचार कर केतार प्रखंड कार्यालय में बीडीओ, सीओ और एमओ की पदस्थापना करने का आग्रह किया है। पत्र में प्रमुख ने कहा है कि केतार प्रखंड कार्यालय के तत्कालीन बीडीओ मुकेश मछुआ का जगन्नाथपुर में एसडीओ के पद पर पदस्थापित होने के बाद से यहां लगभग तीन माह से बीडीओ की पदस्थापना नहीं की गयी है। इसके कारण बीडीओ, सीओ और एमओ का प्रभार भवनाथपुर के बीडीओ नंदजी राम को दिया गया है। बीडीओ नंदजी राम प्रखंड क्षेत्र में विकास कार्य संचालित करने में फेल साबित हो रहे हैं। एक भी योजना संचालित नहीं हो रही है। प्रभारी बीडीओ द्वारा सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में भी रुचि नहीं दिखाई गयी है। वहीं प्रखंड कार्यालय में किस दिन वो बैठेंगे तिथि या दिन निर्धारित नहीं है। इसके कारण प्रखंड की विकास योजनाएं बाधित है। बीडीओ, सीओ की पदस्थापना नहीं होने से प्रखंड की 80 हजार की आबादी ब्लॉक और अंचल के कार्य के लिए प्रतिदिन प्रखंड कार्यालय का चक्कर काटने को विवश हैं। प्रमुख ने निगरानी समिति की बैठक में भी उपायुक्त से केतार में नये बीडीओ की पदस्थापना कराने की अनुरोध किया है।

### प्राइस डीलर फेडरेशन रमना ईकाई की बैठक

**रमना।** विभिन्न मांगों को लेकर 1 जनवरी से ही हड़ताल पर डटे फेयर प्राइस डीलर फेडरेशन की रमना ईकाई की बैठक गुरुवार को प्रखंड कार्यालय परिसर में हुई। बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा की गई। बैठक में जिला अध्यक्ष कामेश्वर दूबे, कमलेश कुमार पांडेय, रविंद्र कुमार पाल, गुंजेश कुमार सिंह, सुर्यदेव राम, रामजी राम, बिजय राम, योगेंद्र सिंह, श्रीधर सिंह, नारायण सिंह, महादेव सिंह, गीता उपस्थित थे।

### विकसित भारत कार्यक्रम का किया गया आयोजन

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड की कुम्बाखुर्द पंचायत सचिवालय परिसर में गुरुवार को विकसित भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का ऑन द स्पॉट लाभ दिया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी विकास कुमार, अंचलाधिकारी सुनील कुमार, मुखिया विवेक कुमार, सांसद प्रतिनिधि मुकेश चौबे, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सोशलिस्ट राम, प्रखंड कार्यालय के प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस धनंजय कुमार, बीटीएम विजय यादव, प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री आवास स्नेहा सिंह मौजूद थे।

### विमलेश बने अध्यक्ष

**केतार।** प्रखंड के पचाडुमर गांव स्थित मां शायरी भगवती मंदिर के प्रांगण में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक हुई। इसमें सर्वसम्मति से 22 जनवरी को शिव मंदिर में भगवान शिव की प्रतिमा स्थापित करने का निर्णय लिया गया। विमलेश पासवान को अध्यक्ष, बबलू कुमार रजक को उपाध्यक्ष, संतोष कमलापुरी सचिव, मुरारी प्रसाद उप सचिव, नंदू प्रसाद को कोषाध्यक्ष, रविन्द्र पासवान को संरक्षक, नवलेश पासवान, राम दुलार साह, राजनाथ मेहता, मुंशी चौधरी, प्रेम प्रसाद गुप्ता को सदस्य बनाया गया है।

### केतार प्रखंड में आम बागवानी को छोड़ छह महीने से संचालित नहीं हो रही मनरेगा योजना

# मनरेगा बेअसर, पलायन को मजबूर मजदूर

**बिट्टू सिंह। केतार**

ग्रामीणों को गांव में रोजगार उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार महात्मा गांधी ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) चल रही है। लेकिन यह योजना प्रखंड क्षेत्र में फेल साबित हो रही है। समय पर मनरेगा मजदुरों को मजदूरी भुगतान नहीं होने और रोजगार नहीं मिलने से मजदुरों का मोह अब भंग होने लगा है। इसके कारण इलाके से मजदुरों का पलायन करना उनकी नियति बन गई है। प्रखंड क्षेत्र से बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में बड़े शहरों की ओर पलायन कर रहे हैं। प्रखंड क्षेत्र में आम बागवानी योजना को छोड़कर पिछले छह महीने से मनरेगा योजना संचालित नहीं हो रही है, जिससे बेरोजगारी बढ़ गयी है। उल्लेखनीय है कि मनरेगा के तहत ग्रामीणों को उनकी गांव और पंचायत में ही 100 दिन रोजगार दिलाना है। रोजगार नहीं मिलने पर भत्ता देना है। लेकिन प्रखंड के 85 प्रतिशत मजदूरों को रोजगार नहीं मिल रहा है। प्रखंड के परती- कूशवानी, लोहरगाडा, मुकुन्दपुर, परसोडीह, केतार, बलीगढ़, पाचाडुमर पंचायत से मजदूर प्रतिदिन टेपों और बस से नजदीकी नगर उंटारी रेलवे स्टेशन पर पहुंच रहे हैं। मजदूर काम की तलाश में चेन्नई, अहमदाबाद, पुणे, हैदराबाद सहित अन्य बड़े शहरों की ओर रुख कर रहे हैं। गांव और पंचायत स्तर पर मनरेगा में काम नहीं मिलने पर गांव के मजदूर घर परिवार चलाने के लिए बड़े शहरों की ओर रुख करने को विवश हैं। स्थिति यह है कि केतार, बाजार, कोल मोड़, खरौंधी मोड़ पर प्रतिदिन 30-40 मजदूर प्रतिदिन काम की तलाश में बाहर जाते दिख रहे हैं। हालांकि रोजगार उपलब्ध कराने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधि और मजदूर भी मनरेगा से योजना संचालित कराने की लगातार मांग अधिकारियों से कर रहे हैं, लेकिन योजना संचालित नहीं हो रही है।

**आखिर क्यों बेअसर हो रही है मनरेगा? :** मनरेगा कर्मचारियों ने बताया की पक्के वर्क की मैटेरियल का भुगतान नहीं होने से योजनाएं लंबित हैं, जबकि मजदूरी भुगतान समय पर नहीं होने से लाभुक कार्य करना नहीं चाहते हैं। आम बागवानी योजना चार वर्ष की है जो लंबित दिख रही है। वहीं मजदूर राकेश प्रजापति, अक्षय कुमार, दिनेश गुप्ता, मेवा साह ने बताया कि अप्रैल माह की पंद्रह दिन की मजदूरी का भुगतान अब तक नहीं हुआ है। इस कारण मनरेगा कार्य करने में दिलचस्पी नहीं है।



### मनरेगा में अनियमितता, निगरानी समिति की बैठक में प्रमुख ने प्रभारी बीपीओ को हटाने का मामला उठाया

**केतार।** प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने गुरुवार को समाहरणालय में आयोजित निगरानी समिति की बैठक में उपायुक्त से रोजगार सेवक को प्रभारी बीपीओ के पद से हटाने का आग्रह किया है। बैठक में प्रमुख चंद्रावती देवी ने कहा कि पिछले दो वर्ष से रोजगार सेवक मनोज कुमार को प्रभारी बीपीओ बनाया गया है। इनको प्रभारी बीपीओ के पद पर रहने के कारण मनरेगा में भारी अनियमितता बरती जा रही है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान दर्जनों लाभुकों द्वारा बताया गया है कि इनके द्वारा मनरेगा योजनाओं के कोडिंग, जीओ टैगिंग, समाग्री वितरण एवं निरीक्षण के नाम पर बड़े पैमाने पर अवैध राशि की उगाही की जा रही है। इससे प्रखंड क्षेत्र की जानता त्रस्त हो चुकी है। इन्हें पूर्व में भी चेतावनी दी गई है लेकिन इनके आचरण में कोई सुधार नहीं हुआ। प्रमुख ने प्रभारी बीपीओ को हटाकर दूसरे रोजगार सेवक को बीपीओ का प्रभार देने का आग्रह किया है।

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि व पदाधिकारी

**अब तक कोई पहल नहीं की गई : मुखिया नीलम**



लोहरगाड़ा की मुखिया नीलम देवी ने कहा कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोहरगाड़ा पंचायत के मजदूरों ने बीडीओ से मनरेगा योजना में रोजगार उपलब्ध कराने की मांग की थी, लेकिन अब तक कोई पहल नहीं की गई। पिछले छह माह से एक भी योजना संचालित नहीं है। मजदूर बेरोजगार हो गये हैं।

**1646 पुरानी योजनाएं लंबित : प्रभारी बीपीओ**



प्रभारी बीपीओ मनोज कुमार बताया कि प्रखंड की सातों पंचायतों में 1646 पुरानी योजनाएं लंबित हैं, जिस कारण नई योजनाएं शुरू नहीं की जा रही हैं। फिलहाल 476 मजदूरों की डिमांड चल रह है।

**बैठक में इस मुद्दे को उठाएंगे : जिप सदस्य ज्वाला**



जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद ने बताया कि प्रभारी बीडीओ रहने से विकास कार्य प्रभावित हो रहा है। किसी पंचायत में योजना संचालित नहीं है। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में हर पंचायत में पांच- पांच लाभुकों को सिंचाई कूप योजना मिली है। लेकिन उसे भी शुरू नहीं किया गया है। जिप की बैठक में मुद्दा उठाएंगे।

**बीडीओ नहीं दिखा रहे दिलचस्पी : प्रखंड प्रमुख**



प्रखंड प्रमुख चंद्रावती देवी ने बताया कि मनरेगा योजना संचालित नहीं होने से क्षेत्र के मजदूरों को रोजगार नहीं मिल पा रहा है। प्रभारी बीडीओ विकास कार्य संचालित करने में दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। निगरानी समिति की बैठक में उपायुक्त व उप विकास आयुक्त से योजना संचालित कराने का अनुरोध किया है।

**कूप योजना शुरू कराएंगे : उप विकास आयुक्त**



उप विकास आयुक्त गढ़वा राजेश कुमार राय ने बताया कि प्रत्येक पंचायत में पुरानी योजनाओं को पूर्ण कराते हुए पांच- पांच योजना संचालित कर मजदूरों को रोजगार देना है। पुरानी योजना पूर्ण नहीं है तो नयी योजना नहीं लेना है। बिरसा सिंचाई कूप योजना भी जल्द शुरू कराई जायेगी।

# खरौंधी में अबुआ आवास के चयन में गड़बड़झाला

### योग्य लाभुकों के नाम सूची से गायब

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**



प्रखंड के सभी 9 पंचायत से अबुआ आवास योजना के लिये सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 9345 आवेदन प्राप्त हुये थे। आवेदन के आलोक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमार ने सभी पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजित कर अबुआ आवास योजना के योग्य लाभुकों का चयन कर ग्राम सभा से पारित कराने हेतु निर्देश दिया था। सूची का संधारण करने के लिए पंचायतों में विशेष ग्राम सभा आयोजन किया गया।

प्रखंड़ कार्यालय से प्राप्त सूची को ग्रामीणों के बीच प्रतिनियुक्त कर्मियों ने सूची को पढ़ कर सुनाया। सूची में वैसे लाभुकों के नाम हैं जो पहले से प्रधानमंत्री आवास सहित अन्य आवास योजना की सुविधा प्राप्त कर चुके हैं। अधिकांश पंचायतों के ग्रामीण सूची में नाम सुनते ही हंगामा करने लगे। काफी बीच बचाव के बाद अक्रोषित ग्रामीण शांत हुए। योग्य सूची बनाने के नियमित प्रस्ताव पारित किया गया। खरौंधी प्रखंड के सभी नव पंचायत में अबुआ आवास योजना का लाभ के लिये ग्रामीणों ने सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आवेदन दिया था। अबुआ आवास की भौतिक सत्यापन में गड़बड़झाला किया गया है। आवास योजना में योग्य लोगों के नाम सूची से गायब होना यह दर्शाता है कि सूची बनाने में कर्मियों ने कितना गड़बड़ी की है। विशेष ग्राम सभा में अक्रोशित ग्रामीणों ने बीडीओ से इसकी जांच कर पुनः सूची सुधार कर प्रकाशन करने का मांग की है ताकि योग लाभकों को अबुआ आवास योजना का लाभ मिल सके।

**प्रखंड को 500 अबुआ आवास का लक्ष्य**

उल्लेखनीय है कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में खरौंधी में 1774, राजी में 759, सुंडी में 912, करिवाडीह में 825, चंदनी में 1100, अरंगी में 905, कूपा में 840, सिसरी में 1130, मझिगांवा में 1000 ग्रामीणों ने आवेदन दिया था। जानकारी के अनुसार जिला से खरौंधी प्रखंड को 500 अबुआ आवास का लक्ष्य मिला है। ऐसे में किसे अबुआ आवास का लाभ दिया जाए। उसका चयन करना ग्राम सभा के वश में नहीं है। क्योंकि प्रखंड में 9245 आवेदनों में से 500 का ही चयन करने का लक्ष्य है। मुखिया भी दुविधा में फंसे गए हैं। ग्राम सभा में हर कोई अबुआ आवास प्राप्त करने के लिए एड़ी चोटी लगाए हुए हैं।

# सांसद राम ने विद्यालयों में पेयजल व शौचालय की सुविधा सुनिश्चित कराने का दिया निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**



समाहरणालय के सभागार में सांसद विष्णु दयाल राम अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, निलेश मुर्मू द्वारा एक-एक कर पिछले दिशा के बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी समिति के समक्ष रखा गया। सांसद ने मुख्य रूप से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, अनापत्ति प्रमाण पत्र से संबंधित मामले, 15वें वित्त के तहत योजना, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, वन विभाग से जुड़े मामले, भू अर्जन, मुआवजा भुगतान, विद्युत आपूर्ति, शिक्षा विभाग से जुड़े मामले, कल्याण विभाग अंतर्गत मामले, आपूर्ति विभाग अंतर्गत राशन वितरण, धान अधिप्राप्ति, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित मामलें, श्रम विभाग, लघु सिंचाई, जल पथ समेत अन्य मामलों पर समीक्षा कर पूर्व में दिए निर्देशों के अनुपालन की जानकारी ली।

सांसद ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय समेत अन्य सभी विद्यालयों में पेयजल एवं शौचालय की सुविधा सुनिश्चित कराने निर्देश दिया। सांसद ने प्रधानमंत्री विश्वकर्म योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने को कहा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना समेत और योजनाओं के तहत जिले में संचालित सड़क निर्माण एवं पुल पुलिया निर्माण कार्य को निर्धारित समय सीमा के अंदर पूर्ण करने का निर्देश दिया। ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित अनराज घाटी में सड़क निर्माण से संबंधित कार्य अब तक प्रारंभ नहीं कराने को लेकर संबंधित कार्यपालक अभियंता पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अविलंब सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ कराने का निर्देश दिया गया। जल पथ प्रमंडल के तहत केहुनिया नाला जल संवर्धन योजना के कार्य में गति प्रदान करने का निर्देश कार्यपालक अभियंता को दिया। प्रखंड एवं अंचल कार्यालय में पदस्थापित कुछ कंप्यूटर ऑपरेटर द्वारा मनमानी ढंग से कार्य करने की शिकायत प्राप्ति पर 3 वर्ष से अधिक वर्ष से पदस्थापित कंप्यूटर ऑपरेटर का स्थानांतरण करने को लेकर भी निर्देशित किया गया। वहीं सिविल सर्जन ने बताया कि जिले में अब तक कुल 3 लाख 96 हजार 562 आयुष्मान कार्ड का निर्माण कराया गया है, जिनमें पिछले एक माह में 75 हजार आयुष्मान कार्ड का निर्माण कराया गया है। इस पर सांसद अधिक से अधिक निजी अस्पतालों को इसका लाभ देने के संबंध में पंजीकृत कराने का निर्देश दिया। विधायक भवनाथपुर भानु प्रताप शाही ने कई आवश्यक मुद्दे उठाए एवं कई सुझाव भी दिए। पंचायत समिति अध्यक्ष द्वारा भी सदन में कई मुद्दे भी उठाए गए। बैठक में मुख्य रूप से उपायुक्त शेखर जमुआर, पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, जिला परिषद अध्यक्ष शांति देवी, वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी दिलीप कुमार यादव, वन प्रमंडल पदाधिकारी दक्षिणी शशि कुमार, उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय, अपर समाहर्ता पंकज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी गढ़वा, अनुमंडल पदाधिकारी रंका, अनुमंडल पदाधिकारी श्री बंशीधर नगर, गढ़वा-रंका एवं भवनाथपुर-नगर उंटारी तथा भंडरिया एवं विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के माननीय विधायकों के प्रतिनिधिगण, सभी प्रखंड प्रमुख, समिति के अन्य सदस्य समेत विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# गृहरक्षकों की बहाली मामले में उपायुक्त से रिपोर्ट तलब

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा में 22 दिसंबर से चल रहे गृह रक्षको की बहाली मामले में नया मोड़ ले लिया है। उक्त मामले में गृह रक्षकों की शिकायत पर सरकार के अवर सचिव उमा शंकर प्रसाद पाल ने गढ़वा उपयुक्त से उक्त मामले में जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, जिसमें गृह रक्षकों द्वारा बहाली प्रक्रिया में नियम विरुद्ध नामांकन किए जाने की शिकायत मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर की थी।

बताते चलें कि जिले के गृह रक्षकं ने गढ़वा में चल रही 1500 गृह रक्षकों की बहाली को गैरकानूनी एवं अवैध बताते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। गृह रक्षकों ने कहा था कि गढ़वा जिले में 830 गृह रक्षक बल हैं, जिनमें 280 गृह रक्षकों को नियमित रूप से ड्यूटी मिल पाती है। बाकी गृह रक्षक बेरोजगार घर बैठे रहते हैं। ड्यूटी नहीं मिलने के कारण उक्त सभी पलायन कर रहे हैं। इस स्थिति में गृह रक्षकों को शर्मिंदगी का सामना करना पड़ रहा है। उसके साथ ही गृह रक्षक बहाली का नियुक्ति प्रक्रिया से संबंधित किसी तरह का कोई भी नियमावली नहीं उपलब्ध है। उसके बाद भी बिना नियमावली के सामग्री रक्षको की बहाली की जा रही है, जो पूरी तरह से अवैध है एवं गैरकानूनी है।

**मुख्यमंत्री से शिकायत पर सरकार के अवर सचिव ने दिया निर्देश**

# बीआरपी, सीआरपी व विषय विशेषज्ञ संघ ने किया विरोध प्रकट

**श्री बंशीधर नगर।** बीआरपी, सीआरपी व बिवय विशेषज्ञ संघ ने अपनी मांगों को लेकर तीसरे दिन भी काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रकट किया। सीआरपी संजय कुमार सिंह ने कहा कि बीआरसी में नियुक्त अनुसेवक से भी कम मानदेय पर बीआरपी, सीआरपी कार्य कर रहे हैं। विगत पांच वर्षों में एक रुपया भी मानदेय में नहीं बढ़ाया गया। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश सचिव सह गढ़वा जिला अध्यक्ष कमलेश्वर पांडेय ने सरकार से मानदेय में वृद्धि करते हुए तत्काल सेवाशर्त नियमावली कैबिनेट से पास कराने की मांग की है। झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रमंडलीय संगठन सचिव खुशदिल सिंह ने कहा कि बीआरपी, सीआरपी व विषय विशेषज्ञ संघ की मांग जायज है।

# सहिया का चयन नहीं होने पर ग्रामीणों में नाराजगी

**नवीन मेल संवादाता। बड़गड़**



बड़गड़ प्रखंड के टेहरी पंचायत अंतर्गत बरकोल खुर्द गांव में स्वास्थ्य सहिया पुनम खलखो के त्याग पत्र देने के बाद यहां के लोगों को स्वास्थ्य सहिया के माध्यम से मिलने वाला लाभ पिछले 9 माह से नहीं मिल पा रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि गांव की सहिया पूनम खलखो 12 अप्रैल 2023 को सहिया पद से त्यागपत्र दे दिया था। इसके पश्चात इनका चयन विभाग द्वारा सहिया साथी के रूप में हुआ है। स्वास्थ्य सहिया पूनम खलखो के त्यागपत्र देने के बाद से गांव के लोग इनके द्वारा दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधा के लाभ से वंचित रह रहे हैं। विभाग द्वारा इनके त्याग पत्र देने के 9 माह बीत जाने के बाद भी नया स्वास्थ्य सहिया का चयन नहीं कराया गया है, जबकि भंडारिया बरगढ़ प्रखंड के विभिन्न गांवों के त्यागपत्र देने वाली सहियाओं की जगह पर बीते दिसंबर माह में अलग-अलग तिथियों को सीएस गढ़वा एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडारिया के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा जारी पत्र के आलोक में ग्राम सभा आयोजित कर स्वास्थ्य सहिया का चयन किया गया है। लेकिन बरकोल खुर्द गांव में विभाग द्वारा स्वास्थ्य सहिया का चयन नहीं कराये जाने को लेकर लोगों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने गांव में जल्द स्वास्थ्य सहिया का चयन ग्रामसभा के माध्यम से करानें को लेकर टेहरी पंचायत की मुखिया बिन्को टोप्पो, वार्ड सदस्य प्रिसकिला लकड़ा सहित सैकड़ों लोगों का हस्ताक्षर युक्त आवेदन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी भंडरिया को सौंपा है। ताकि गांव के लोगों को सहिया के माध्यम से मिलने वाला स्वास्थ्य सुविधा का लाभ मिल सके। आवेदन देने वालों में अमृत तिर्की, फुलेंद्र खाखा, विरेंद्र कुजूर, प्रमोदनी कुजूर, अभिजीत कुजूर, आशीष तिर्की, मेंजस कुजूर, सुशंती देवी, संपत मुंडा, रामसनत लोहरा, दुलार प्रसाद, विनिता कच्छप आदि के नाम शामिल हैं।

## खेलकूद

### शांति निवास, ज्ञान निकेतन, आरकेपीएस व बालिका उच्च विद्यालय सेमीफाइनल में

# अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता (बालिका) के सेमीफाइनलिस्ट तय

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

गोबिंद हाई स्कूल के मैदान में खेले जा रहे 22 वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग के मैच में शांति निवास हाई स्कूल, ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा, आरके पब्लिक स्कूल और बालिका उच्च विद्यालय की टीम ने सेमीफाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता के 20वें दिन शांति निवास उच्च विद्यालय की टीम ने बीएनटी संत मैरी को छह रन से हराया।

बालिका उच्च विद्यालय की टीम ने जेपीएस सेंट्रल स्कूल को नौ विकेट से, ज्ञान भारती ने बीएनटी संत मैरी को आठ विकेट से, रामा साहू उच्च विद्यालय की टीम ने जेपीएस सेंट्रल स्कूल को पांच विकेट से हराकर अपने पूरे अंक अर्जित किया। राउंड रोबिन लीग के आधार पर अपने ग्रुप के सभी मैच जीतकर ज्ञान निकेतन बेलचंपा और शांति निवास हाई स्कूल की टीम छह अंक के साथ, बालिका उच्च विद्यालय और आरके पब्लिक स्कूल की टीम अपने अपने ग्रुप के दो दो मैच जीतकर चार अंक लेकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल में ज्ञान निकेतन बेलचंपा का मुकाबला आरके पब्लिक स्कूल गढ़वा से, दूसरे सेमीफाइनल में शांति निवास हाई स्कूल का मुकाबला बालिका उच्च विद्यालय गढ़वा से होगा। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास हाई स्कूल के श्रुति, बालिक उच्च विद्यालय की लक्ष्मी, ज्ञान भारती बेलचंपा की खुशबू और रामा साहू की सानिया को डीआरडीए के पदाधिकारी अर्थशास्त्री क्षमा प्रिया, सहायक परियोजना पदाधिकारी सिया जानकी सिंह, और वरीय लेखा पदाधिकारी ऋचा वर्मा ने सयुक्त रूप से प्रदान किया। मौके पर सचिव आनंद सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, मनीष उपाध्याय, अभय कुमार, शिवम गुप्ता, आशुतोष रंजन, संजीव सिंह, संदीप गुप्ता, सोनू दीपक, सौरव सोनी, प्रभात तिवारी, दिव्य रंजन, अभय कुमार, नवनीत कुमार, रजनीश, रणजीत, मनीष, धीरज, प्रिंस खान, प्रिंस दुबे मौजूद थे।







# हाथियों ने खूरी गांव में तीन खपरैल घर किये क्षतिग्रस्त



**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र के खूरी गांव में बुधवार रात हाथी ने हमला कर तीन खपरैल घर को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि रात करीब 9:00 बजे खूरी गांव निवासी कयामुद्दीन अंसारी, रामप्यारी प्रजापति व बिहारी चौधरी के खपरैल घर पर हाथियों ने हमला कर दिया। घरों के अंदर रखे अनाज व अन्य सामग्रियों को भी हाथियों ने भारी नुकसान पहुंचाया। पीड़ित ग्रामीणों ने फिर से विभाग से गुहार लगाई है कि जल्द से जल्द क्षेत्र से जंगली हाथियों के झुंड को भगाया जाए। मामले में प्रभारी वनपाल अनिमेष कुमार ने बताया कि खूरी गांव में तीन खपरैल घर को हाथियों द्वारा क्षतिग्रस्त करने की जानकारी मिली है। विभाग घटनास्थल पर पहुंचकर मुवायना कर रहा है सभी पीड़ित परिवारों को सरकारी प्रावधान के हिसाब से मुआवजा जरूर मिलेगा।

## एक नजर

### बेघर वृद्ध दंपती को आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध करायीं

**लातेहार।** विधायक बैद्यनाथ राम के निर्देश पर युवा नेता अंकित पांडेय टेमकी गांव पहुंचकर बेघर वृद्ध दंपती रूपन उरांव व सुकरी देवी को आवश्यक सामग्रियां उपलब्ध करायी। दरअसल रूपन उरांव और उसकी पत्नी के पास रहने के लिए घर नहीं है। वे यात्री शेड में रहने को विवश हैं। यह खबर प्रसारित हुई थी जिस पर विधायक बैद्यनाथ राम ने संज्ञान लिया और अंकित पांडेय को वृद्ध दंपती से मिलने व मदद करने का निर्देश दिया।

### सांसद प्रतिनिधि ईश्वर ने जरूरतमंदों के बीच बांटा कंबल

**टंडवा।** प्रखंड क्षेत्र में जारी शीतलहरी को देखते हुए गुरुवार को सिसई के खूंटी टोला में 20 योग्य वृद्धों को सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल ने घर-घर जाकर कंबल दिया। उदय पांडेय, संजीव पांडेय, धनंजय पांडेय, मंटू भुईयां आदि मौजूद थे।

### आदिम जनजाति परिवार के बीच कंबल का किया गया वितरण

**लातेहार।** सामाजिक सुरक्षा एवं जिला कल्याण पदाधिकारी मोहनलाल मरांडी बृहस्पतिवार को मनिका प्रखंड के अति सुदूरवर्ती क्षेत्र उचवाबाल ग्राम पहुंचे, जहां आदिम जनजाति परिवार के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं परहीया समाज के लोगों ने अपनी समस्याओं को उनके सामने रखा। मरांडी ने आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया जाएगा।

### विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय के बरवाडीह और खुरा पंचायत में गुरुवार को हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका उद्घाटन जिप सदस्य संतोषी शेखर, बीडीओ राकेश सहाय, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, अजय सोनी, उप प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल, मुखिया कालो देवी, जितेंद्र सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम में 50 से अधिक लाभुक महिलाओं बीच निशुल्क उज्जवला गैस कनेक्शन का वितरण किया गया।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम का सत्यापन

**प्रतापपुर।** मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को लेकर अनुमंडल पदाधिकारी चतरा सुरेन्द्र उरांव ने गुरूवार को प्रतापपुर प्रखंड के विभिन्न मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन किया। उन्होंने उत्क्रमित उच्च विद्यालय टंडवा के छात्र-छात्राओं व शिक्षकों से मिलकर पठन पाठन की जानकारी ली। साथ में प्रतापपुर बीडीओ अजय कुमार दास आदि मौजूद थे।

### ग्राम सभा आयोजित

**गिद्धौर/पत्थलगड़ा।** दोनों प्रखंडों की विभिन्न पंचायतों में गुरुवार को विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। गिद्धौर पंचायत में मुखिया निर्मला देवी व पहरा पंचायत भवन में बेबी देवी के नेतृत्व में उपस्थित ग्रामीणों को अबुआ आवास की सूची की जानकारी एक-एक कर दी गयी। मौके पर 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष बिनोद पासवान, पंसस सरिता देवी, पंचायत सचिव प्रियंका प्रिया, चितरंजन शर्मा, समाजसेवी मुकेश कुमार साव, उपेन्द्र दांगी, उपमुखिया मंजू देवी, वार्ड सदस्य अमीर दांगी आदि मौजूद थे।

# दुकानदार संघ ने राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रमों में सहयोग का दिया आश्वासन

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**



दुकानदार और व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष और सचिवों की बैठक राजकुमार पाठक की अध्यक्षता में गुरुवार को चंदवा स्थित पथ निर्माण विभाग के विश्रामगार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे राजकुमार पाठक ने आगामी 21 और 22 जनवरी को युवा भारत द्वारा श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आयोजित कार्यक्रमों के बारे में बताया और सहयोग की अपील की। राजकुमार पाठक ने 21-22 जनवरी को होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होने का आग्रह किया। खाद्य व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए हर संभव सहयोग करने की बात कही। लातेहार केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन के जिला सचिव ने कहा कि हम कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने का कार्य करेंगे। वहीं कपड़ा व्यवसायी संघ के सचिव सतीश प्रसाद ने भी हर प्रकार से सहयोग करने की बात कही। नाई समाज के अध्यक्ष अरुण ठाकुर ने कहा कि हमारा समाज हर कार्य मे बढ़चढ़कर हिस्सा लेगा और सहयोग करेगा। खाद्य व्यवसायिक संघ ने महाप्रसाद का वितरण वही आतिशबाजी में कपड़ा दुकानदार संघ ने सहयोग करने की बात कही। बैठक में हेमू सिंघल, राजेश सवारियां, दीपक निषाद, आदर्श रवि राज, जागृति प्रसाद, मनीष गुप्ता, कृष्णा कुमार, दीपक भगत, कमलेश प्रसाद आदि शामिल थे।

## श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर कार्यक्रम करने का निर्णय

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**



श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर परिसर में एक बैठक अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता उर्फ भोला की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। बैठक में आगामी 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर परिसर में कई कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। उक्त तिथि को मंदिर में आकर्षक विद्युत सजावट की जायेगी। इसके अलावा संध्या में दीपोत्सव कार्यक्रम किया जायेगा।दिन में भजन व कीर्तन के बाद महाप्रसाद का वितरण किया जायेगा। बैठक में मंदिर का 30वां स्थापना दिवस भी धुमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए तीन दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा तय की गयी। 20 फरवरी को कलश यात्रा 21 फरवरी को दुर्गा सप्तशति पाठ एवं 22 फरवरी को पुणार्हुति के बाद नौ कन्या पूजन व भंडारा तथा रात्रि में भगवती जागरण करने का निर्णय लिया गया। अध्यक्ष ने इस अनुष्ठान में तन, मन व धन से सहयोग करने की अपील नगरवासियों से की। वहीं संरक्षक अभिनंदन प्रसाद, त्रिभुवन पांडेय व विनोद कुमार साहु ने कहा कि बिना सामूहिक सहयोग के कोई आयोजन सफल नहीं होता है। सचिव आशीष टैगोर ने स्थापना दिवस होने वाले कार्यक्रमों की विस्तार से जानकारी दी। बैठक में कोषाध्यक्ष राजू सिंह, राजीव कुमार साहु, सह सचिव रविंद्र प्रजापति व रंजीत कुमार, सतीष कुमार, संतोष कुमार दुबे, आकाश कुमार जायसवाल, राजेश पाठक, सुनील कुमार, संजय प्रसाद, संतोष प्रसाद पिंटू व विवेक शुक्ला मौजूद थे।

## बारियातु में भारत विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम में सांसद हुए शामिल

# केंद्र प्रायोजित योजनाओं के स्टॉल नहीं देख भड़के सांसद

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**




हम रहे या ना रहे 2047 तक भारत को विकसित बनाना है। मोदी जी के संकल्प को घर-घर तक पहुंचना है। उक्त बातें चतरा सांसद डॉ. सुनील कुमार सिंह गुरुवार को गिद्धौर प्रखंड के बारियातु पंचायत सचिवालय परिसर में आयोजित भारत विकसित संकल्प यात्रा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा मोदी जी के नेतृत्व में भारत की छवि आज विश्व में उच्चतम स्थान पर पहुंच गया है। केंद्र सरकार द्वारा कई ऐतिहासिक कार्य किए गए हैं। जहां एक और जम्मू कश्मीर से धारा 370 खत्म किया गया। वहीं अयोध्या में 500 वर्षों के बाद पुनः भगवान श्री राम 22 जनवरी को लौट रहे हैं। जो गर्व की बात है।

सांसद ने कार्यक्रम स्थल पर केंद्र प्रायोजित योजनाओं का स्टॉल नहीं लगाए जाने पर असंतोष व्यक्त करते हुए कड़ी चेतावनी दी। उन्होंने बीडीओ को कहा कि शुक्रवार को प्रखंड के द्वारी में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में सभी योजनाओं के स्टॉल लगे होने चाहिए। कार्यक्रम के पश्चात उज्जवला गैस योजना के तहत करीब एक दर्जन लाभुकों के बीच गैस कनेक्शन का वितरण किया गया, जबकि ड्रोन चलाकर उपस्थित महिला व पुरुष किसानों को दवा छिड़काव की जानकारी दी गई। बताया कि 10 मिनट में यह ड्रोन 10 एकड़ में दवा का छिड़काव करेगा। कार्यक्रम के अंतिम समय विकसित भारत का संकल्प का शपथ लोगों को दिलाया गया। मौके पर बीडीओ हरिनाथ महतो, प्रमुख अनीता यादव, मुखिया डेगन गंझू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कपिल कुमार, सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार कुशवाहा, थाना प्रभारी गुलाम सरवर, युवा मंडल अध्यक्ष बबलू कुमार साव, उज्जवल दास, सुनील कुमार राणा, महादेव दांगी, राकेश कुमार साव, नोमन कुमार साव, अशोक कुमार गुप्ता मौजूद थे।

## ‘पुलिस हेलमेट चेकिंग के नाम पर ज्यादती बंद करें’



**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने लातेहार पुलिस के द्वारा हेलमेट नहीं पहनने पर लोगों के साथ दुर्व्यवहार की शिकायतों को गंभीरता से लिया है।प्रतुल ने कहा कि पुलिस नियम सम्मत, कानून सम्मत कार्रवाई करे तो कोई आपत्ति नहीं। लेकिन अगर पुलिस फाइन काटने की जगह डंडा चलाने लगे तो यह बेहद आपत्तिजनक है। प्रतुल ने कहा कि उन्होंने इस सिलसिले में लातेहार जिले के वरीय अधिकारियों से भी बातचीत की है और उनसे आग्रह किया है कि हेलमेट नहीं पहनने वालों पर नियम सम्मत कार्रवाई हो। लाठी व डंडे अगर चलते रहें तो अब जनता सड़कों पर होगी और आंदोलन की शुरुआत होगी। प्रतुल ने कहा कि देश कानून से चलता है लाठी डंडे से नहीं। हेलमेट चेकिंग अभियान का स्वागत है। इससे जान की हिफाजत होती है। लेकिन इसके नाम पर बर्बरता का विरोध होगा।

## बारियातु में तीन दिन से हाथियों का आतंक जारी

**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों हाथी का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। बुधवार रात साल्वे पंचायत अंतर्गत रेंची ग्राम निवासी विकास गंझु पिता बालेश्वर गंझू व करमा उरांव पिता राजदेव उरांव गुरु साल्वे निवासी के दो सूअर को हाथी ने कुचल दिया। इससे पशुपालकों को आर्थिक क्षति हुई है।

कृषक भुनेश्वर यादव, नरेश गंझू कईल भुइयां, करमु भुइयां, सोहराय भुइयां, जगदीश भुइयां, रामजीत गंझू, मोहन गंझू सहित आधा दर्जन लोगों के खेत में लगी टमाटर, आलू की फसल को खाकर और रौंदकर नष्ट कर दिया। वहीं भुनेश्वर यादव खलिहान में रखे धान का बोझा खाकर बर्वाद कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही वनरक्षी संतोष उरांव ने स्थल पहुंच कर जायजा लिया। ग्रामीणों की मानें तो अकेला हाथी पिछले तीन दिनों से लगातार साल्वे पंचायत क्षेत्र में आतंक मचा रखा है। अब तक कई किसानों का भारी मात्रा में फसल को नुकसान पहुंचाया है। शाम होते ही ग्रामीणों में हाथी के आने का भय सताने लगता है। ग्रामीणों ने क्षेत्र से हाथी को अविलंब हटाने की मांग की है। मुआवजा दिलाने की गुहार लगाई है।

### कुएं में गिरे हिरण को रेस्क्यू कर लाया गया वन विभाग



**महुआडांड़।** प्रखंड के चटकपुर में कुएं में हिरण गिर गया था, जिसे सफलतापूर्वक वन विभाग की टीम रेस्क्यू कर महुआडांड़ वन विभाग लाया गया। एक जंगली हिरण जंगल से भटकते हुए ग्राम चटकपुर में रामदत प्रसाद के बगान में बाउंडरी को छलांग लगाकर अंदर आ गई और बगान स्थित कुएं में गिर गई। इसकी सूचना वन विभाग को दी गई। रेस्क्यू टीम में महुआडांड़ वन प्रक्षेत्र के अक्सी बीट के प्रभारी वनपाल कुंवर गंझू,वनरक्षी कुणाल कुमार ट्रेकर एवं वनकर्मी शामिल थे।

## गाय को पीट-पीट कर मार देने का लगाया आरोप

**बारियातु।** प्रखंड अंतर्गत टोटी पंचायत के इटके ग्राम निवासी सैबुन प्रविण पति मो जिलानी ने अपनी गाय को गांव के ही तीन व्यक्तियों द्वारा लाठी डंडे से पीट-पीटकर से मार देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में आरोपियों के खिलाफ थाने में आवेदन सौंपा। पीड़िता ने आवेदन के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि बीते बुधवार को हम गाय को चारा खिलाकर ग्यारह बजे खोले थे। इसी दौरान उक्त आरोपियों ने गाय को पीट-पीटकर मार डाला। हमने गाय को दो वर्ष पूर्व पच्चीस हजार रुपये में खरीदा था। मै अपने परिवार का भरन पोषण गाय का दूध बेच कर करती हूं। मेरे पति बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। गाय की देखभाल मैं स्वयं से करती थी, जिसे मार डाला गया। गाय के मर जाने से मेरी कमर टूट गई है। गाय सुबह शाम मिलाकर छह लीटर दूध देती थी, जिसे बेचकर मैं अपने व अपने बच्चों का खर्चा चलाती थी। सैबून ने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। जांच की जा रही है। दोषी पाए जाने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

## सांसद की पहल से मुंबई से लाया जा रहा मजदूर का शव



**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

मजदूरी करने मुंबई गए चंदवा प्रखंड के सेरक पंचायत निवासी विष्णु उरांव का निधन मुंबई में हो गया। निधन के बाद परिजनों को उनके पार्थिव शरीर को गांव लाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। परिजन आर्थिक रूप से इतने सक्षम नहीं थे कि विष्णु के शव को गांव ला सके।

उन्होंने इसकी जानकारी गांव के ही भाजपा नेता सुकु उरांव को दी। सुकु उरांव ने इस संबंध में चतरा सांसद सुनील कुमार सिंह को जानकारी देते हुए पार्थिव शरीर को चंदवा लाने के लिए पहल करने की गुहार लगायी। सांसद ने लातेहार उपायुक्त से इस संबंध में वार्ता की और विष्णु जिसके यहां काम करता था उसके ठेकेदार से बात की। समन्वय बैठाकर उसके शव को एंबुलेंस के माध्यम से चंदवा लाने की व्यवस्था की। सांसद के इस पहल पर विष्णु के परिजनों ने सांसद सुनिल सिंह के प्रति आभार जताया है। सांसद ने कहा कि आगे भी विष्णु के परिजनों को नियमसंगत मदद कराने में पहल करूंगा।

## माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन में नामांकन में छूट

**मयूरहंड।** प्रखंड अंतर्गत माध्यमिक शिशु शिक्षा निकेतन जाखंड के सफलतापूर्वक 21 वर्ष पूरे होने पर नामांकन में 75 प्रतिशत राशि की विशेष छूट दी जा रही है। उक्त छूट देने की प्रक्रिया 31जनवरी 2024 तक जारी रहेगी। ज्ञात हो कि 2 जनवरी 2002 को विद्यालय की स्थापना की गई थी, जिसके साक्षी सेवानिवृत निदेशक (बिहार सरकार) रामधीन सिंह, तत्कालीन शिक्षक आदित्य प्रसाद सिंह नरचाही, सीताराम सिंह कुम्हारी सहित अन्य गणमान्य अभिभावक बने थे। दो दशक से शिक्षा के प्रकाश से क्षेत्र को प्रकाशित कर रहे इस विद्यालय से हजारों विद्यार्थी मैट्रिक तक गुणवतापूर्ण शिक्षा ग्रहण कर चुके हैं। इनमें से कई विद्यार्थी देश के भिन्न भिन्न कोने में देश सेवा में कार्यरत हैं। विद्यालय के निदेशक बिनय कुमार सिंह ने कहा की मैने अपना पूरा जीवन इस विद्यालय के नाम कर दिया है। विद्यालय में सभी संसाधन उपलब्ध हैं। पढ़ाई के साथ संस्कार, खेलकूद, कंप्यूटर इत्यादि की नियमित शिक्षा दी जाती है।


### कार्यालय : जिला परिषद, चतरा

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि " मयुरहण्ड में निर्मित दुकान के उपरी तल्ले पर 02 (दो) अदद (अवशेष) दुकान" निर्माण कराते हुए किराया/लीज पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन करते हुए दिनांक 20/01/2024 तक (कार्यालय कार्य अवधि में) आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है :–

शर्त :–

1. दिनांक 17.01.2023 को सम्पन्न बोर्ड–सह–समीक्षात्मक बैठक में लिए गए प्रस्ताव के आलोक में दुकान का आवंटन पहले आओ पहले पाओं के आधार पर किया जायेगा।
2. कुल दुकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से दुकान का आवंटन किया जायेगा।
3. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकता है एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. एक आवेदकर्ता के नाम से एक ही दुकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दुकान आवंटित है, उसे दुकान आवंटित नहीं की जायेगी। कार्यालय को दिगभ्रमित करने, तत्पश्चात् दुकान आवंटित होने की स्थिति में, दुकान आवंटन को रद्द कर दिया जायेगा। जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आश्य का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
5. आवेदकर्ता को दुकान लागत राशि का मो0 98,410.00 (अट्ठानबे हजार चार सौ दस रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दुकान आवंटित नहीं की जायेगी।
7. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
8. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा।
9. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी
जिला परिषद, चतरा

PR 315072 District (23-24)_D



### कार्यालय : जिला परिषद, चतरा

(E.mail: districtboardchatra@gmail.com)

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि " टण्डवा प्रखण्ड अन्तर्गत अम्बेडकर चौक के पास निर्मित कुल 19 (उनीस) अदद दुकान एवं एक अदद कैंटीन" को किराया/लीज पर उपलब्ध कराया जाना है।

अतः इच्छुक व्यक्ति निम्नलिखित शर्तों का अनुपालन करते हुए दिनांक 20/01/2024 तक (कार्यालय कार्य अवधि में) आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है :–

शर्त :–

1. कुल दुकानों की संख्या से अधिक आवेदन प्राप्त होने की स्थिति में लॉटरी के माध्यम से दुकान का आवंटन किया जायेगा। दुकान आवंटित नहीं होने के स्थिति में जमा अग्रधन की राशि वापस कर दी जायेगी।
2. एक आवेदक एक ही आवेदन कर सकेगें एक से अधिक आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा। आवेदकर्ता को आवेदन के साथ मो0 1,00,000/– (एक लाख रू0) का बैंक ड्राफ्ट किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक से निर्गत जो "उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद चतरा" के पदनाम से देय हो आवेदन के साथ जमा करना अनिवार्य होगा। बिना ड्राफ्ट का आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।
3. एक आवेदकर्ता के नाम से एक ही दुकान आवंटित की जायेगी। पहले से जिस आवेदक को दुकान आवंटित है, उसे दुकान आवंटित नहीं की जायेगी। कार्यालय को दिगभ्रमित करने, तत्पश्चात् दुकान आवंटित होने की स्थिति में, दुकान आवंटन को रद्द कर दिया जायेगा। जिसपर आवेदनकर्ता का कोई भी दावा मान्य नहीं होगा। इस आश्य का शपथ पत्र आवेदन के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. सरकारी सेवा/उच्चतर संस्था में कार्यरत व्यक्ति को दुकान आवंटित नहीं की जायेगी।
5. आवेदनकर्ता को अपना पहचान पत्र/पैन कार्ड की अभिप्रमाणित प्रति जमा करना अनिवार्य होगा तथा मूल कागजात साथ में सत्यापन हेतु प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
6. एकरारनामा स्टाम्प शुल्क की राशि बन्दोबस्तधारी को स्वयं वहन करना होगा। दुकान आवंटित होने के पश्चात् मासिक किराया 8.75 पैस प्रति स्क्वायर फीट के अलावा सरकार द्वारा निर्धारित जी0एस0टी0 का भुगतान करना होगा।
7. अद्योहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये डाक को रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, चतरा।

PR.NO.315071 District(23-24):D


## पहल — भू-अर्जन पदाधिकारी ने अबुआ आवास को लेकर किया स्थल निरीक्षण, कहा

# जरूरतमंद लोगों को मिलेगा आवास का लाभ

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**



जिला भू-अर्जन पदाधिकारी विवेक कुमार सिंह गुरुवार को मयूरहंड प्रखंड के फुलांग पंचायत सचिवालय पहुंचे, जहां बीडीओ साकेत कुमार सिन्हा, मुखिया रेणू देवी व पंचायत सचिव अर्जुन पासवान के साथ अबुआ आवास योजना के लाभुकों की समीक्षा की। समीक्षा के बाद वस्तु-स्थिति का जायजा लेने लाभुकों के घर बलिया, झरदाग, फुलांग पहुंचे। इस दौरान 20 से अधिक लाभुकों के मिट्टी के घर को देखा। कहा कि हेमंत सरकार की कल्याणकारी योजना अबुआ आवास का लाभ जरूरतमंद लोगों को दिया जाएग। मौके पर समाजसेवी शंकर रजक आदि उपस्थित थे।

**अबुआ आवास लाभुक चयन के लिए आमसभा का आयोजन : मयूरहंड।** झारखंड सरकार द्वारा गरीबों को आवास मुहैया कराने के लिए शुरू की गई महात्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना के तहत प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों के चयन के लिए गुरुवार को मयूरहंड प्रखंड के कदगावां कला पंचायत सचिवालय में आमसभा का आयोजन किया गया।पंचायत में 637 लाभुकों द्वारा अबुआ आवास योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया गया है। इन लाभुकों में से आरक्षण रोस्टर का ध्यान रखते हुए प्राथमिकता सूची तैयार की गई है। बताया गया कि प्राथमिकी सूची तैयार करने में पूरी पारदर्शिता का ख्याल रखा गया है। सचिव सतीश कुमार मिश्रा द्वारा आमसभा में सूची तैयार करने के पूर्व उल्लिखित शर्तों की चर्चा करते हुए बताया की किन लाभुकों का चयन सबसे पहले किस आधार पर किया जाएगा। इस अवसर पर मुखिया अशोक कुमार भुइयां, उप मुखिया, पंचायत समिति सदस्य विवेक कुमार सिंह, वार्ड सदस्य, सभी स्वयंसेवक और बड़ी संख्या में आवेदक उपस्थित थे।

## एक नजर

### डीएवी विद्यालय में नव वर्ष पर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

**लोहरदगा।** एमबी डीएवी विद्यालय, लोहरदगा में प्राचार्य जीपी झा के नेतृत्व व निर्देशन में सीसीए प्रभारी शिक्षक अश्विन पात्रों द्वारा नव वर्ष के शुभ अवसर पर प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। ऐसा माना जाता है कि साल का पहला दिन अगर उत्साह और खुशी के साथ मनाया जाए, तो पूरा साल इसी उत्साह और खुशियों के साथ बीतेगा। हमें नया साल नई आशाएं, उम्मीदें, नए सपने, नए लक्ष्य और नई योजनाओं की उम्मीद देता है, इसलिए सभी लोग खुशी से इसका स्वागत करते है। विद्यार्थियों में नव वर्ष के अवसर पर नया सकारात्मक उत्साह भरने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए कक्षा एलकेजी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों के मध्य नव वर्ष आधारित ग्रीटिंग कार्ड बनाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों द्वारा अपने माता-पिता को नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हुए अपने द्वारा लिए गए नव संकल्पों को भी वर्णित करना था। बच्चों ने इस प्रतियोगिता में बड़ी ही उत्साह व सृजनात्मकता का प्रदर्शन किया। कक्षा एलकेजी में अक्षत यादव आकाश पंकज जयेश कुमार व आह्वान उरांव ने कक्षा यूकेजी में एसके सुहान, दर्शील भगत, काव्य तरूशी ने कक्षा प्रथम में देवांश वर्मा, आरोही वर्मा, अथर्व सिद्ध, अंशू भगत, मिस्टी गुप्ता, नीति भगत और कक्षा द्वितीय में जीविषा बोचीवाल, नव्या निहारिका, सरस कुमार गुप्ता,विशेष प्रकाश, अखलाद , कोमल कुमारी, प्रिंस कुमार, नव्या तरुशी, आयुष शर्मा ने प्रथम स्थान अर्जित किया। इन प्रतियोगिताओं में अश्विन पात्रों, देवकी कुमारी, संगीता मित्तल, रजनी प्रसाद, सोमिता दास व श्वेता कुमारी निर्णायक बने।

### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पतंजलि परिवार मनाएगा स्थापना दिवस

**लोहरदगा।** पतंजलि भारत स्वाभिमान पतंजलि योग समिति एवं पतंजलि के सभी प्रकल्पों के जिला स्तरीय पदाधिकारी गण, प्रखंड स्तरीय एवं योग साधकों व अन्य अनुषांगिक संगठनों जिनमें वनवासी कल्याण आश्रम, आर्यवीर दल आदि की पदाधिकारियों एवं उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति में शुक्रवार को सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण लोहरदगा में वैदिक मंत्रों के साथ हवन कर स्थापना दिवस मनाई जाएगी। इस मौके पर पतंजलि के सभी प्रकल्पों के पदाधिकारी, कार्यकताओं एवं योग साधकों को प्रातः 9:00 बजे सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में ससमय पहुंचने की अपील की गई है।

### गौशाला निर्माण समिति की बैठक

**भंडरा।** भंडरा प्रखंड क्षेत्र के टोटो जामुनडीपा गांव में गौशाला निर्माण हेतु निर्माण समिति का बैठक अखिलेश्वर धाम मंदिर में हुई। इसमें गौशाला निर्माण हेतु रूपरेखा तैयार की गई। इसकी अध्यक्षता जमीन दाता धांसू भगत ने की। 7 जनवरी को टोटो जामुन दीपा में गौशाला निर्माण स्थल पर बैठक होगी। बैठक में चंद्रपाल सिंह, कुलसी साहू, हवा भगत, रामकेश्वर साहू, सुदर्शन भगत, गणेश महतो आदि मौजूद थे।

### मौसम में जल्द ही सुधार न हुआ तो बढ़ सकता है बीमारियों का प्रकोप

# सुबह-शाम पड़ रही कड़ाके की ठंड, अलाव बनी एकमात्र सहारा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
इन दिनों ठंड में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। सुबह शाम कड़ाके की ठंड पड़ रही है वहीं दिन में ठंडी हवा ने परेशान कर रखा है। मौसम में जल्द ही सुधार न हुआ तो यह बीमारियों का सबब बन सकता है। इसके अलावा दमा और हृदय रोगियों को भी ठंड से स्वयं को बचाना पड़ रहा है। मौसम के तीखे तेवर से लोगों की मुसीबत लगातार बढ़ती जा रही है।



गुरुवार को न्यूनतम तापमान बारह डिग्री सेल्सियस पहुंचने से लोग ठंड से परेशान दिखे। दिन भर सूर्यदेव के ताप में भी कमी देखी गई, जिसके कारण ठंड का प्रकोप और बढ़ गया है। शाम होते ही लोग घरों में दुबक जा रहे हैं। राहत पाने के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। गुरुवार को हाड़ कंपाने वाली ठंड का आलम यह रहा कि लोग देर सुबह तक रजाई में दुबके रहने को विवश रहे। घर से बाहर निकलने में लोग हिचक रहे हैं। कई लोग जरूरी काम को भी टाल रहे हैं। घर से लेकर कार्यालय के कामकाज पर ठंड का असर नजर आया। बाइक की सवारी हो या फिर सवारी वाहन से सफर करना हो, सर्द हवा परेशान करती रही। ट्रेनों और बसों में सफर करना भी यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। लगातार सर्द हवा चलने से परेशानी बढ़ी है। मौसम में फिलहाल सुधार होने की उम्मीद नहीं दिख रही है। ठंड से राहत के लिए लोग अलाव का सहारा ले रहे हैं। फिर भी ठंड से लोगों को राहत नहीं मिल रही। घरों में जहां लोग अलाव जला रहे हैं।

वहीं बिजली से चलने वाले रूम हीटर का सहारा ले रहे हैं। दुकानदार भी ठंड से राहत के लिए जुगत कर रहे हैं। दुकानों के आगे भी दुकानदार अलाव जला रहे हैं। नगर पालिका द्वारा शहर के चौक-चौराहों पर अलाव जलवाए जा रहे हैं। इधर किसानो की माने तो उनका कहना है कि इस मौसम से फसलों पर उल्टा प्रभाव पड़ेगा। धूप नहीं निकलना भी परेशानी का कारण बन रहा है। सुबह से ही उम्मीद थी कि राहत देने के लिए धूप निकलेगी, लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है।

## 'एनएसयूआई का सम्मेलन 6 को आयोजित होगा'

**लोहरदगा।** आगामी 6 जनवरी को राजेंद्र भवन में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) के तत्वाधान में जुड़ेगा विद्यार्थी जीतेगा इंडिया के तहत विशाल छात्र सम्मेलन किया जाएगा। इसको लेकर झारखंड प्रदेश छात्र संगठन एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष सैयद आमिर हाशमी के निदेर्शानुसार राजेंद्र भवन में लोहरदगा लोकसभा स्तरीय छात्र सम्मेलन करने को लेकर बीएस कॉलेज कैंपस में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विनय उरांव के नेतृत्व में जिला तथा कालेज कमेटी की मौजूदगी में बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से जिला महासचिव मन्नावार आलम, डोली कुमारी, सहसचिव तनवीर खान, जिला उपाध्यक्ष रंजीता एक्का, सूरज महतो उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सम्मेलन में लोहरदगा, मांडर, सिसई, गुमला और बिशनपुर विधानसभा से एनएसयूआई कमेटी के पदाधिकारीगण तथा छात्र-छात्राएं 200 से अधिक संख्या में शामिल होंगे।इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर एनएसयूआई प्रदेश अध्यक्ष सैयद आमिर हाशमी , प्रदेश महासचिव रोहित पांडे तथा लोहरदगा प्रभारी मुशर्रफ हुसैन शामिल होंगे। साथ ही पूर्व एनएसयूआई के सभी पदाधिकारीगण एवं वरिष्ठ कांग्रेसीनेतागण शामिल होंगे।

## हाथियों के एक झुंड ने एक एकड़ फसल रौंदी



**नवीन मेल संवाददाता। चैनपुर (गुमला)**
चैनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित बरवेनगर नगर पंचायत के संख सिम्बर टोली गांव में एक एकड़ में लगे फूलगोभी, आलू, मटर को बीते रात हाथियों के एक झुंड ने फसल को अपने पैर से रौंद कर फसल को बर्बाद कर दिया। किसान जीवन टोप्पो ने कहा कि मैं ब्याज पर पैसे उठाकर खेती में लगाया था। फसल पूरी तरह से तैयार हो चुकी थी, जिसकी बिक्री कर में अपना ब्याज चुका सकता था। लेकिन अब मैं कैसे ब्याज के पैसे की भरपाई करुंगा। वहीं मौके पर चैनपुर प्रखंड के उप प्रमुख सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सदस्य प्रमोद खलखो ने कहा कि मैं लाभुक को उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास करूंगा। साथ ही वन विभाग से बात कर किसान की जो फसल बर्बाद हुई है उसके मुआवजे की मांग करूंगा। किसानों के हित के लिए जो भी उचित होगा वह करने की कोशिश करूंगा। चैनपुर प्रखंड में हाथियों के द्वारा फसल के साथ कई किसानों के जाने भी गई है पर वन विभाग अभी तक मौन है। यह एक चिंता का विषय है मैं वन विभाग से अपेक्षा रहेगी कि वह जल्द हाथियों को उनके सेफ जोन में पहुंचने का काम करे ताकि आगे चलकर हमारे प्रखंड के किसानों का फसल बर्बाद ना हो।

## कांग्रेस के कद्दावर नेता रहे हरिनारायण साहू की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष सह कांग्रेस के कद्दावर नेता स्वर्गीय हरिनारायण प्रसाद साहू की प्रथम पुण्यतिथि गौतम नर्सिंग होम परिसर में मनाई गई। सर्वप्रथम ज्येष्ठ पुत्र लोहरदगा जिला कांग्रेस के महासचिव पवन गौतम एवं कनिष्ठ पुत्र राहुल देव गौतम एवं अन्य परिजनों ने चत्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। मौके पर पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कहा कि स्वर्गीय



साहू का पूरा जीवन कांग्रेस के लिए समर्पित रहा। कांग्रेस के लिए किए गए उनके कार्य हम सभी कांग्रेसियों को प्रेरणा देने का काम करेंगे। श्रद्धांजलि देने वालो में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखेर भगत, कार्यकारी अध्यक्ष हाजी शकील अहमद,, निवर्तमान नगर परिषद अध्यक्ष अनुपमा भगत, आलोक कुमार साहू, मोहन दुबे, जगदीप भगत, शाहिद अहमद, बेलू कुणाल, अभिषेक, लालमोहन केसरी, राजेश रंजन सहाय, सुबोध कुमार साहू, अनिल कुमार, सानू आलम, डॉक्टर अशोक ओड़िआ, डॉक्टर बीके पांडे, गोपाल साहू आदि उपस्थित थे।

## अरुणाचल प्रदेश कमाने गया मजदूर लापता



**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र के एकागुड़ी निवासी राजेश उरांव, पिता स्वर्गीय महरंग उरांव अपने परिवार का पालन पोषण करने के उद्देश्य से कमाने के लिये अरुणाचल प्रदेश के लोहित जिला अंतर्गत तजु थाना क्षेत्र के लिए 17 दिसम्बर को अपने निवास स्थान एकागुड़ी से पुसो नवाटोली निवासी कैलास सिंह,एवं लालू उरांव तथा अन्य लोगों के साथ निकला था। वह 20 दिसम्बर को अरुणाचल प्रदेश में गंतव्य स्थान पर पहुंचा, जिसकी सूचना परिजनों को भी प्राप्त हुई लेकिन दो दिन बाद परिजनों द्वारा समाचार पूछने के लिए फोन से संपर्क किया गया तो फोन बंद बता रहा था। तभी साथ में गए साथियों से बात हुई तो उन लोगं द्वारा बताया गया कि राजेश उरांव की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और मोबाइल को लेकर कहीं चला गया, जिसकी सूचना किसी को नहीं मिल रही है। यह बात सुन परिजनों द्वारा स्थानीय पुलिस से घटित घटना को बताते हुए सहयोग की गुहार लगाई गई है, लेकिन दूसरे प्रदेश व जिला तथा थाना होने के कारण परिजनों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं बताया जा रहा है कि राजेश उरांव अपनी पत्नी के सहारे छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ काम की तलाश में अरुणाचल प्रदेश गया था, जो मानसिक स्थिति खराब होने के कारण लापता हो गया है।

## बीडीओ ने की प्रखंड की मनरेगा योजनाओं के कार्यों की समीक्षा

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
प्रखंड मुख्यालय के सभागार मे गुरुवार को बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने अपने प्रखंड के सभी मनरेगा कर्मियों के साथ चल रहे मनरेगा योजना को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें बीडीओ ने मनरेगा कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि जनवरी से मनरेगा योजना में जिला स्तर से जो टारगेट दिया गया है उसके अनुरूप सभी कर्मी एक टीम बनाकर काम करें ताकि मनरेगा योजना को गति दे सके। उन्होंने बताया कि पहले प्रखंड वही बरसात के मौसम में मजदूरों को काम के लिए न भटकना पड़े इसके लिए सिचाई कूप, टीसीबी, जैसी योजना में तेजी लाएं जरूरत पड़े तो इन योजनाओं को अधिक से अधिक सुकृति दिलाने की लाभुकों को जानकारी दें। अबुवा आवास की समीक्षा करते हुए बीडीओ ने कहा कि जो भी अबुवा आवास स्वीकृति होती है उनका आवास जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। बीपीओ अभिषेक किशोर, पंचायत सेवक तिवारी भगत, महिपाल भगत आदि मौजूद थे।

## शिशु मंदिर में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

**लोहरदगा।** सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर लोहरदगा में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कक्षा अरुण, उदय एवं प्रभात के शिशुओं के अभिभावक सम्मिलित हुए। प्रधानाचार्य सुरेश चंद्र पांडे ने कहा शिशुओं को संस्कारवान बनाना एवं उनके सर्वांगीण विकास करना ही हमारा लक्ष्य है और हम इसके लिए सतत प्रयत्नशील है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अभिभावकों एवं आचार्य की सक्रियता आवश्यक है ।अभिभावक के सहयोग से ही यह लक्ष्य हमें मिलेगा। शिशु के सारे क्रियाकलापों की देखरेख विद्यालय एवं घर में आवश्यक है समय पर उठाना एवं दैनिक कार्य कराना चाहिए । मोबाइल से बच्चों को दूर रखने की आवश्यकता है। घर में पठन-पाठन का समय निर्धारित हो। छोटे-छोटे प्रेरक प्रसंग के माध्यम से प्रधानाचार्य द्वारा शिशु के सर्वांगीण विकास हेतु अभिभावकों को निर्देश दिए गए।

## सांसद मसमानो व आकाशी में शोकाकुल परिजनों से मिले



**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**
मसमानो निवासी लखन लोहरा के सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन की खबर मिलने पर सांसद सुदर्शन भगत ने स्वर्गीय लखन लोहरा के घर जाकर श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक व्यक्त किया एवं परिजन से मुलाकात कर परिवार को सान्त्वना दी।

सांसद ने कहा लखन जी सामाजिक व्यक्ति थे उनके असमय चले जाने से समाज के लिये आपूरणीय क्षति है। सांसद ने हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। उसके श्राद्धकर्म के लिये अपने ओर से सहयोग किया। इधर सांसद सूदर्शन भगत ने आकाशी गांव जाकर राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलनकारी भैया प्रमोद चौहान के घर श्रद्धाकर्म में उपस्थित होकार श्रद्धांजलि अर्पित किया व परिजनों से मुलाकात की। मौके पर उपस्थि भाजपा जिला अध्यक्ष मानिर उरांव प्रखंड अध्यक्ष विवेक सोनी, जिला महामंत्री बालकृष्णा सिंह, थना प्रभारी गौतम कुमर,नवीन चौहान, अभिषेक चौहान, मुन्ना चौहान, प्रभाकर चौहान, विजय चौहान, आशोक राम, सुनिला उरांव , लाल तिरभुवन नाथ शहदेव, कलेश्वर साहू, आशुतोष राम, राजु लोहरा आदि लोग उपस्थित थे।

झारखण्ड सरकार
कार्यालय : जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।
SP आवास के पास, करमटोली रोड, गुमला–7209721521 Email Id- fisheriesgumla2018@gmail.com

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा Electric Back-up हेतु Battery एवं Scanner and Colour Printer के निर्माता अथवा अधिकृत विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य प्रभाग) के राज्यादेश संख्या 16 रा0(वि0) दिनांक 24.07.2023 में राज्य योजना अन्तर्गत मत्स्य प्रसार, अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना अन्तर्गत कार्यालय उपस्कर, जाल आदि मद से क्रय किया जाना है। इसके लिए प्रति यूनिट वित्तीय प्रस्ताव एवं सामान से संबंधित विवरणी लिफाफा में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा। निविदादाताओं को निविदा के साथ प्रतिभूति राशि के रूप में 1000=00 (एक हजार) रू0 मात्र का डिमाण्ड ड्राफ्ट जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा जारी किया गया हो एवं जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला के पदनाम से गुमला में भुगतेय हो संलग्न करना आवश्यक होगा।

निविदा जमा करने की अंतिम तिथि – 12.01.2024 को 02.00 बजे अपराहन् निविदा खोलने की तिथि – 12.01.2024 को 02.30 बजे अपराहन् में खोली जाएगी। स्थान – जिला मत्स्य कार्यालय, गुमला।

जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, गुमला।

PR 315108 Fish(23-24)D

कार्यालय जिला अभियन्ता, जिला परिषद, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–14 / 2023–24

1. विज्ञापन दाता का नाम एवं पता :– जिला अभियन्ता जिला परिषद, गुमला
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय :– दिनांक 19.01.2024 से 20.01.2024 (अप0 3.00 बजे तक)
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.01.2024 (अप0 3.00 बजे तक)
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 22.01.2024 (अप0 3:30 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय जिला अभियन्ता जिला परिषद, गुमला
6. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय जिला अभियन्ता जिला परिषद, गुमला
7. कार्य का विवरण मदवार :– 15वें वित्त आयोग

| क्रम | एक्टिविटि कोड | योजना का नाम | प्रखण्ड | प्राक्कलित राशि | कुल प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 88312950 | सिसई प्रखण्ड के पोढ़ाटोली घांसी टंगरा से कृष्णा साहु के घर तक पीसीसी पथ निर्माण | सिसई | 700000 | 1528610 | 5000 | 30573 | पांच माह |
| | 88216321 | गुमला प्रखण्ड के अरमई पंचायत के श्मशान घाट रोड में 3X3 का आरसीसी पुलिया | गुमला | 350000 | | | | |
| | 88313515 | गुमला प्रखण्ड के वृन्दा पंचायत के सालटोली म0वि0 परिसर में सोलर उर्जा आधारित जलमीनार निर्माण | गुमला | 476810 | | | | |

**NIT के नियम एवं शर्तें :–**
1. भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार, के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक ही इस निविदा में भाग ले सकेंगे।
2. पंचायती राज विभाग झारखण्ड सरकार रांची की अधिसूचना संख्या–1551 दिनांक 25.09.2020 की कंडिका 9(X) & (XI) पर निहित शर्त्त के अधीन निविदा निष्पादन समिति के स्तर से निविदा का निष्पादन किया जायेगा।
3. निविदा के साथ **UCAN Certificate** संलग्न करना अनिवार्य होगा।
4. निविदादाता को परिमाण विपत्र प्राप्त करते समय आवेदन के साथ निबंधन, **UCAN** एवं वैद्य आचरण प्रमाण देना अनिवार्य होगा।
5. निविदा के साथ निर्धारित अग्रधन की राशि **2%** राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र या **3/5** वर्षीय जमा डाकघर/स्थानीय राष्ट्रीयकृत बैंक सावधी जमा **(Fixed Deposit)** जो **District Engineer, Zila Parishad, Gumla** के नाम से प्रतिज्ञिप्त **(Pledged)** हो संलग्न करना अनिवार्य होगा।
6. निविदा प्रपत्र का मूल्य बैंक ड्राफ्ट के रूप में स्वीकार किया जायेगा जो लौटाया नहीं जायेगा। स्थानीय राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत ड्राफ्ट **Sachiv, Zila Parishad, Gumla** के पदनाम से देय होगा जो गुमला में भुगतेय होगा साथ ही निविदा प्रकाशन की तिथि के उपरान्त् का निर्गत होना अनिवार्य होगा।
7. झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता की कंडिका &(i)163 (a) द्वारा कृत प्रावधान को अवक्रमित करते हुए 10 प्रतिशत की न्यून्तम अधिसीमा को समाप्त किया जाता है। सम्प्रति 10 प्रतिशत से नीचे के दर की निविदायें अनुमान्य होंगी। साथ ही JPWD Code के Clause 163 (a) को "delete" किया जाता है। 10 (दस) प्रतिशत से न्यून निविदाओं के लिए Additional performance Security के क्रम में परिमाण विपत्र की राशि से– (i) 10 से 20 प्रतिशत Below तक की राशि का 20% तथा (ii) 20 प्रतिशत से अधिक Below की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का प्रावधान लागू होगा। यह झारखण्ड लोक निर्माण विभाग संहिता के नियम 172 (a) के रूप में समाहित होगा। पूर्व के संहिता/नियम/परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझे जायेंगे। (ii) वैध एवं समान दर की निविदाओं के मामले में निविदा निष्पादन के प्राधिकार द्वारा पारदर्शी तरीके से लॉटरी (Lottery) की पद्वति अपनायी जायेगी। यह प्रावधान, झारखण्ड लोक निर्माण विभाग सहिंता के कंडिका 163 (e) के रूप में समहित होगा तथा उक्त हद तक पूर्व के संहिता/नियम/परिपत्र द्वारा कृत सभी प्रावधान अवक्रमित समझें जायेंगे। सरकार द्वारा दर संबंधी अद्यतन अधिसूचना लागू होने पर वह लागू होगा। 10 प्रतिशत से अधिक निविदा दर अंकित करनेवाले निविदादाता को Additional performance **Security Money** निविदा के साथ ही जमा कराना होगा, अन्यथा निविदा रद्द कर दिया जाएगा।
8. निविदा की विस्तृत शर्तों का अवलोकन जिला परिषद, गुमला के सूचना पट्ट पर किया जा सकता है।

जिला अभियन्ता, जिला परिषद,गुमला

PR.NO.315098 Rural Development(23-24):D

## आम चुनाव

### उपायुक्त ने सभी को दिये गये दायित्वों की जानकारी दी

# कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को दी गई ट्रेनिंग

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
लोकसभा चुनाव की तैयारी से संबंधित सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण गुरुवार को दिया गया। इसका शुभारंभ उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण द्वारा किया गया। इस मौके पर उपायुक्त द्वारा सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को दिये गये दायित्वों की जानकारी दी गई। डेटाबेस तैयार करने का निर्देश दिया गया। वाहन कोषांग को रूट चार्ट अनुसार वाहनों की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। विधि-व्यवस्था-सह-आचार संहिता-सह-रूटचार्ट कोषांग को संबंधित तैयारी किये जाने का निर्देश दिया गया। सामान्य प्रशिक्षण-सह-ईवीएम एवं वीवीपैट प्रशिक्षण कोषांग को प्रशिक्षण की समय-सारिणी तैयार कर प्रशिक्षण आयोजित कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही प्रशिक्षण के समय आवश्यक बैनर व स्टैंडी भी अधिष्ठापित किये जाने का निर्देश




दिया गया। ईडीसी/पोस्टल बैलेट पेपर कोषांग को ससमय सुविधा केंद्र तैयार कर लिये जाने का निर्देश दिया गया। सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को ससमय अपनी तैयारी व कार्यों का निष्पादन समय-समय पर किये जाने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत द्वारा सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को निर्वाचन से संबंधित सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षण काफी ध्यानपूर्वक प्राप्त करने का निर्देश दिया। साथ ही प्रशिक्षण में आवश्यक बुकलेट व हैंडबुक भी कोषांग के वरीय पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया।

राज्यस्तरीय मास्टर ट्रेनर के रूप में आकाश चोपड़ा, प्रखड विकास पदाधिकारी, सेन्हा द्वारा सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारियों को स्वीप के तहत आयोजित होनेवाली गतिविधियों व उसकी तैयारी, नागरिकों, पदाधिकारियों व राजनीतिक दलों के लिए विभिन्न मोबाईल एप व पोर्टल के जरिये मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। एनकोर एप के जरिये मतदान के पूर्व, मतदान की तिथि व मतदान के उपरांत की जानेवाली ऑनलाईन गतिविधियों की जानकारी दी गई। सुविधा मोबाईल एप के जरिये अभ्यथियों को मिलने वाली नामांकन व विभिन्न रैलियों से संबंधित अनुमति की जानकारी दी गई। सक्षम एप के जरिये दिव्यांग मतदाताओं को घर बैठे मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी दी गई। सी-विजिल एप के जरिये आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन और अभ्यर्थी द्वारा व्यय उल्लंघन व इसके अंतर्गत की जाने वाली कार्रवाई की जानकारी दी गई। बूथ एप के जरिये मतदान का प्रतिशत, पीठासीन पदाधिकारी द्वारा भरी जानेवाली डायरी समेत अन्य जानकारी दी गई।जेनरल ऑब्जर्वर, एक्सपेंडिचर ऑब्जर्वर व पुलिस ऑब्जर्वर द्वारा किये जानेवाले कार्य की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में एनजीआरएस, एनजीएसपी, एनवीएसपी, बीएलओ एप आदि का भी प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में अपर समाहर्ता सौरभ प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी नारायण राम समेत सभी कोषांगों के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

सफलता की पोशाक कभी तैयार नहीं मिलती इसे बनाने के लिए मेहनत का हुनर चाहिए होता है : अज्ञात



# किसानों की भी सुध लेने का दौर

कृषि प्रधान उत्तर प्रदेश हो,बिहार या झारखंड धर्म,जातीय विद्वेष और 1932 के खतियान और सरना कोड के इर्द गिर्द घूमती राजनीति शायद भूल रही है कि यह जय जवान जय किसान का देश है जहां की लगभग 75 प्रतिशत आबादी आज भी खेती और इससे जुड़े कार्यों से जुड़ी है । किसानों के कथित नेता भी किसानों की दुर्दशा या नगदी फसलों की उचित कीमत न मिलने या खाद बीज या कीटनाशक की अंधाधुंध बढ़ती कीमत जैसे मुद्दों पर सवाल न उठाकर सिर्फ एमएसपी या सब्सिडी तक ही सीमित रहते हैं । बड़े राजनैतिक दलों से जुड़े कथित किसान नेता अपने मुख्यालय के निदेशों के अनुरूप ही बयान तक सीमित रहते हैं न कि किसानों के साथ खड़े होकर आवाज उठाने में ।

> **बदले परिदृश्य में सरकार को अब विश्वविद्यालयों की बड़ी-बड़ी और संसाधनयुक्त प्रयोगशालाओं से अलग खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर अपनी मेहनत, नवाचारी, परंपरागत और आधुनिकतम खेती के बीच सामंजस्य बनाते हुए नित नए प्रयोग करने वाले प्रयोगधर्मी किसानों की मेहनत को मान्यता, संरक्षण और पहचान देने की पहल भी करनी होगी। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश के कृषि विश्वविद्यालयों में शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व स्तरीय कार्य हो रहा है और आज खेती किसानी के क्षेत्र में देश नित नए आयाम स्थापित कर रहा है।**

आजादी के बाद कृषि में अनुसंधान भी बहुत हुए और नई तकनीकों पर कुछ किसानों का ध्यान भी गया पर आज भी झारखंड में अधिकांश किसान पुरातनपंथी तकनीक से खेती कर रहे हैं । बिरसा कृषि विश्वविद्यालय ने झारखंड में शोध बहुत किए पर उनकी जानकारी किसानों तक पूर्ण रूप से नहीं पहुंच पाई है । आज अवश्य ही कुछ गिने चुने युवा सोशल मीडिया,रेडियो,टीवी और समाचार पत्रों से सीख कर नए प्रयोग कर रहे हैं पर ये गिने चुने ही हैं । बदले परिदृश्य में सरकार को अब विश्वविद्यालयों की बड़ी-बड़ी और संसाधनयुक्त प्रयोगशालाओं से अलग खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर अपनी मेहनत, नवाचारी, परंपरागत और आधुनिकतम खेती के बीच सामंजस्य बनाते हुए नित नए प्रयोग करने वाले प्रयोगधर्मी किसानों की मेहनत को मान्यता, संरक्षण और पहचान देने की पहल भी करनी होगी। इसमें कोई दो राय नहीं कि देश के कृषि विश्वविद्यालयों में शोध और अनुसंधान के क्षेत्र में विश्व स्तरीय कार्य हो रहा है और आज खेती किसानी के क्षेत्र में देश नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। कृषि के क्षेत्र में भारत आज अग्रणी देश बन गया है। पंजाब हरियाणा और यूपी जैसे राज्यों में स्थिति यह है कि आज गेहूं और धान के निर्यात पर रोक के बावजूद देश के किसानों की ही मेहनत का फल है कि बागवानी व अन्य कृषि उत्पादों का निर्यात बढ़ाकर देश निर्यात के नए कीर्तिमान स्थापित करने की और अग्रसर है। पर यहां हमें यह नहीं भूलना होगा कि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों के अत्यधिक उपयोग के कारण जहां गेहूं, धान आदि के उत्पादन के हालात सेचुरेशन वाले हो गये हैं वहीं भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने के साथ ही पानी का अत्यधिक दोहन, स्वास्थ्य और सेहत के लिए हानिकारक होता जा रहा है। आज देश जैविक व परंपरागत खेती की और बढ़ रहा है। हालांकि यह भी उपलब्धि है कि दुनिया में हमारा सिक्किम दुनिया का पहले नंबर पर जैविक अनाज उत्पादक प्रदेश बन गया है। खैर इस सबके बीच हमें उन प्रयोगधर्मी भूमिपुत्रों को प्रोत्साहित और उनकी मेहनत को संरक्षित और आगे बढ़ाने के लिए आगे आना होगा जो अपनी सीमित साधन, संसाधन और विपरीत वित्तीय परिस्थितियों के बावजूद नई इबारत लिख रहे हैं। सही मायने में देखा जाये तो इन प्रयोगधर्मी अन्नदाताओं की मेहनत व लगन को किसी कृषि वैज्ञानिक से कम नहीं आंका जा सकता। किसानों को सम्मान और प्रोत्साहन भी मिलना चाहिए ।

इन दिनों

# पूर्वोत्तर : नवाचार के माध्यम से विकास को गति



जी किशन रेड्डी

**दशक** पहले, विशाल वन क्षेत्र और भूमि से घिरी भौगोलिक स्थिति के साथ पूर्वोत्तर क्षेत्र की चुनौतीपूर्ण स्थलाकृति को क्षेत्र के विकास और परिवहन संपर्क के लिए एक प्राकृतिक बाधा के रूप में माना जाता था। दस साल बाद, पूर्वोत्तर क्षेत्र के जिरीबाम-इम्फाल में दुनिया का दूसरा सबसे ऊंचा रेलवे घाट पुल एक जीवंत तकनीकी चमत्कार है, जो स्थलाकृति की चुनौतियों के बावजूद निर्बाध परिवहन संपर्क की सुविधा प्रदान करता है। 2014 के बाद से, क्षेत्र की वास्तविक क्षमता का लाभ उठाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में 5 लाख करोड़ से अधिक खर्च किये गये हैं। प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास की रणनीति के अनिवार्य हिस्से बन गये हैं, जिनसे इस पहल को और गति मिली है। सार्वजनिक सेवा सुविधा व शासन से लेकर युवा और उद्यम तक, प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग पूर्वोत्तर भारत के अमृत काल में एक नई क्रांति का वादा कर रहा है। मजबूत अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए, सड़कों के निर्माण में नवीनतम तकनीक का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। इससे प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी सड़कें अधिक सुदृढ़ रहेंगी। इसके अलावा, उत्तर पूर्व अंतरिक्ष अनुप्रयोग केंद्र के तत्वावधान में सभी राज्यों ने अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए कृषि और संबद्ध क्षेत्र; आपदा प्रबंधन; वन, पारितंत्र और पर्यावरण; जल संसाधन प्रबंधन; चिकित्सा और स्वास्थ्य; योजना और विकास तथा परिवहन संचार के क्षेत्र में कार्य योजनाएं तैयार कीं हैं। कृषि और बागवानी इस क्षेत्र के दो सबसे संभावना वाले क्षेत्र हैं, जिनमें आर्थिक विकास और आजीविका सृजन की अपार संभावनाएं हैं। अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का उपयोग भू-क्षेत्र व बागवानी अवसंरचना को मापने, स्थल उपयुक्तता के मूल्यांकन, किसानों के लिए मोबाइल ऐप आदि के लिए किया जा रहा है। पूर्वोत्तर भारत के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी कार्यक्रम (एसटीआईएनईआर), जो एनईआर में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए उत्तर-पूर्वी परिषद (एनईसी) के तहत एक समर्पित योजना के माध्यम से 600 से अधिक उद्यमियों, हजारों किसानों और कारीगरों को विभिन्न प्रौद्योगिकियों से लाभ हुआ है। उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय परियोजनाओं की निगरानी के लिए भी प्रौद्योगिकी का गहनता से उपयोग कर रहा है। लगभग सभी परियोजना स्थलों को जियो-टैग किया गया है और एक परियोजना निगरानी पोर्टल लॉन्च किया गया है। डिजिटल नवाचार परियोजनाओं के त्वरित कार्यान्वयन और कुशल निगरानी में मदद कर रहा है। पहली बार पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्रालय ने राज्य सरकारों के साथ सहज सहयोग के लिए सभी राज्यों में अपनी क्षेत्रीय इकाइयां स्थापित की हैं। क्षेत्रीय इकाइयों के लिए एक मोबाइल ऐप विकसित किया जा रहा है, जिसके माध्यम से इकाइयां परियोजनाओं के तेजी से कार्यान्वयन और राज्य सरकार तथा केंद्रीय एजेंसियों के साथ बेहतर समन्वय सुनिश्चित करेंगी। धरातल पर किये जाने वाले एक महत्वपूर्ण विकास में उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय (डोनर) और टाटा ट्रस्ट के सहयोगात्मक प्रयास शामिल हैं। इन सहयोगात्मक प्रयासों का लक्ष्य सभी पूर्वोत्तर राज्यों में अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल स्थापित करना है। डोनर ने पहले ही गुवाहाटी में उच्च तकनीक वाले डॉ. बी. बोरूआ कैंसर संस्थान के लिए पीएम-डिवाइन पहल के तहत 129 करोड़ रुपये का पर्याप्त अनुदान आवंटित किया है। इसके अलावा, 5जी आधारित स्वास्थ्य अनुप्रयोगों को इस क्षेत्र के सभी राज्यों में शुरू किया गया है ताकि घर-घर निदान, टेलीमेडिसिन आदि जैसी सुविधाओं को संभव बनाया जा सके। इन उपलब्धियों में नई कड़ी जोड़ते हुए, असम के गुवाहाटी में एक अत्याधुनिक 3डी प्रिंटिंग सेंटर ऑफ एक्सीलेंस का उद्घाटन किया गया है जो स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में तकनीकी प्रगति की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। तकनीकी प्रगति से इस क्षेत्र के प्रतिभाशाली व कुशल युवाओं के लिए नये रास्ते खुलने की उम्मीद है। हाल ही में, हमने पूर्वोत्तर क्षेत्र के सभी राज्यों में भारत की पहली 5-जी प्रशिक्षण प्रयोगशालाएं शुरू कीं। ये प्रयोगशालाएं डिजिटल खाई को पाटने और भविष्य के अनुकूल कौशल हासिल करने में युवाओं की सहायता करेंगी। सिक्किम और असम में 75 सरकारी स्कूलों और 4 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थानों (डीआईईटी) में स्मार्ट वर्चुअल क्लासरूम सुविधाएं स्थापित करके टेली-एजुकेशन की एक सफल परियोजना क्रियान्वित की गई है। इस पहल का प्राथमिक उद्देश्य इस इलाके के दूरदराज और ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले विद्यार्थियों के लिए शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना है। डोनर भविष्य में ऐसी और पहलों को वित्तपोषित करेगा। प्रौद्योगिकी के नए क्षेत्रों में उभरते उद्यमियों की अगली कतार तैयार करने हेतु एमईआईटीवाई देशभर में विशिष्ट डोमेन से जुड़े उत्कृष्टता केन्द्र भी स्थापित कर रहा है। इस क्षेत्र के सभी आठ राज्यों की राजधानियों में स्वास्थ्य सेवा, कृषि में आईओटी, ग्राफिक डिजाइन, गेमिंग, जीआईएस आदि से संबंधित उत्कृष्टता केन्द्र खोले जा रहे हैं। यह क्षेत्र जल्द ही शुरू होने वाले पूर्वोत्तर के लिए राष्ट्रीय डेटा सेंटर से भी लाभान्वित होने के लिए तैयार है। कुल 348 करोड़ रुपये की लागत से बनाया जा रहा यह डेटा सेंटर इस क्षेत्र की डिजिटलीकरण क्षमता को बढ़ाएगा, सभी क्षेत्रों में सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देगा और सभी क्षेत्रों में सेवाओं की आपूर्ति को सुदृढ़ करेगा। हाल के वर्षों में, पूर्वोत्तर ने डिजिटल सुविधाओं को अपनाने की दिशा में काफी संभावनाएं दशार्यी हैं। पूर्वोत्तर क्षेत्र (एनईआर) में, 47 प्रतिशत लोगों के पास स्मार्टफोन हैं, जो 48 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत लगभग बराबर है। दिलचस्प बात यह है कि पूर्वोतर क्षेत्र में मोबाइल और बैंक खातों का लिंकेज भी 86 प्रतिशत के राष्ट्रीय औसत के बराबर है। हम सामान्य सेवा केंद्रों के विकास, आधार की पहुंच में वृद्धि और महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण व भागीदारी को बढ़ावा देने हेतु इस अवसर का उपयोग करके इसका लाभ उठाने के लिए विभिन्न गतिविधियों की रणनीति बना रहे हैं। देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र के पास प्रौद्योगिकी के उपयोग के माध्यम से अपने विकास को गति देने का जबरदस्त अवसर है। माननीय प्रधानमंत्री के डिजिटल इंडिया के दृष्टिकोण के अनुरूप, नीति निमार्ताओं, व्यवसाय जगत तथा व्यक्तियों को एक साथ आना चाहिए और इस अवसर का लाभ उठाने तथा व्यापक जन कल्याण के उद्देश्य से इसे अपनाने के लिए प्रभावी ढंग से सहयोग करना चाहिए। निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से अपने कामकाज में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के अवसरों की तलाश करनी चाहिए और अपनी दक्षता एवं प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने हेतु डिजिटलीकरण, स्वचालन और डेटा विश्लेषण को अपनाना चाहिए। पूर्वोत्तर क्षेत्र में हो रहे इस बदलाव का हिस्सा बनने का यह एक रोमांचक समय है और इस क्षेत्र को तकनीकी-नवाचार और तकनीक-आधारित उद्यमिता के पावरहाउस के रूप में स्थापित करने के प्रयास जारी हैं।

**(लेखक भारत सरकार में केन्द्रीय**

> **प्रौद्योगिकी और डिजिटलीकरण पूर्वोत्तर क्षेत्र के समग्र विकास की रणनीति के अनिवार्य हिस्से बन गये हैं, जिनसे इस पहल को और गति मिली है। सार्वजनिक सेवा सुविधा व शासन से लेकर युवा और उद्यम तक, प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग पूर्वोत्तर भारत के अमृत काल में एक नई क्रांति का वादा कर रहा है। मजबूत अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए, सड़कों के निर्माण में नवीनतम तकनीक का प्रयोग अनिवार्य कर दिया गया है। इससे प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी सड़कें अधिक सुदृढ़ रहेंगी।**

## आपकी बात



### बच्चे भी स्पष्टीकरण न मांगने लगें



देवेश कु. घोष

पत्रकार, लेखक, राजनीतिज्ञ और 1928 ओलंपिक खेल में स्वर्णपदक जीतने वाले हॉकी दल के भारतीय कप्तान मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा जी की श्रद्धांजलि हेतु झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कार्यक्रमों के समाचार को ह्यराष्ट्रीय नवीन मेलह्ण ने स्थान देकर पाठकों को बहुआयामी प्रतिभा के बारे में भरपूर जानकारी दी । बरही क्षेत्र एवं केरसई प्रखण्ड में आयोजित देश की पहली महिला शिक्षिका, सावित्री बाई फूले की जयंती का समाचार सुखद लगा । सावित्री बाई फुले जी के स्त्री शिक्षा पर किए गए एतिहासिक कार्यों के लिए उन्हें प्राप्त सामाजिक स्वीकृति के लिए उनके जन्म दिवस पर ह्य महिला शिक्षक दिवस ह्ण मनाना उचित होगा । पिकनिक स्थल जूठे पत्तलों, बीयर और कोल्ड ड्रिंक्स की बोतलों से सुशोभित हैं । प्राकृतिक सुरम्य स्थलों पर अप्राकृतिक लापरवाही पर आनंद कुमार जी की वेदना विचारणीय है । जंगल में मंगल मनाते मनाते हम संस्कारहीन होकर जंगली क्यों हो जाते हैं ? अभी महीनों भर से ज्यादा पिकनिक आयोजित होते रहेंगे । पिकनिकर्स थोड़ी सी सावधानी रखें तो प्रकृति देवी प्रसन्न रहेंगी । नेताजी ई डी के सम्मन पर प्रश्नावली मांग मांग कर ऐसे उदाहरण पेश कर रहे हैं कि विद्यालयों में गलती करने पर प्रिंसीपल के बुलाये जाने पर अब बच्चे भी उनसे बुलाये जाने का स्पष्टीकरण न मांगने लगें सावधान !

**- देवेश कुमार घोष, अवकाशप्राप्त प्राचार्य, डी ए वी कॉलेज मैनेजिंग कमिटी नई दिल्ली ।**

### एसबीआई एटीएम दस दिन से खराब, ग्राहक परेशान

चतरा जिले के करमा प्रखंड में संचालित एसबीआई का एटीएम पिछले दस दिनों से खराब है। प्रखंड में एक ही एटीएम है। जिसके कारण ग्राहकों को काफी परेशानी होती है। इसको लेकर लोगों को कई जरूरी काम नहीं हो पाते है। प्रखंड में इसके अलावा एक ग्रामीण बैंक है। वह मुख्यालय में है। लेकिन इसमें एटीएम की सुविधा नहीं है। दस पंचायत वाला प्रखंड में इकलौता एटीएम है। जो माह में अधिक समय खराब ही रहता है। यहां के लोगों को इटखोरी और चौपारण में पैसे की निकासी करना पड़ता है। बैंक की स्थिति अच्छी नहीं रहने के कारण मयुरहंड के व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने कई बार सरकार से गुहार लगाया है, लेकिन अब तक कोई सकारात्मक प्रभाव नहीं पड़ पाया है। मयुरहंड में बैंक की मांग हमेशा से की जा रही है।

**- विनय कुमार**

राजनीति

# जीवन पर परमहंस योगानन्द के प्रेरक प्रभाव

130वीं जयन्ती पर विशेष



विवेक अत्रे

'छोटी माँ, तुम्हारा पुत्र एक योगी बनेगा। एक आध्यात्मिक इंजन की भांति वह अनेक आत्माओं को ईश्वर के साम्राज्य तक ले जायेगा।' परमहंस योगानन्द के परमगुरु लाहिड़ी महाशय ने इन अविस्मरणीय शब्दों में नन्हें मुकुन्द के महान मार्ग के विषय में उस समय भविष्यवाणी की थी, जब वे अपनी मां की गोद में मात्र एक शिशु थे। कालान्तर में मुकुन्द ने अत्यन्त कठोर अनुशासन के आध्यात्मिक प्रशिक्षण की साधना अनेक वर्षों तक की। इसके पश्चात उन्होंने गेरुआ वस्त्र धारण करने का निर्णय किया। तब उनके गुरु, स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि, ने संन्यास परम्परा के अन्तर्गत उन्हें 'योगानन्द' नाम प्रदान किया। योगानन्दजी की पुस्तक 'योगी कथामृत' के 'मेरे गुरु के आश्रम की कालावधि' नामक प्रेरक प्रकरण में श्रीरामपुर स्थित उनके गुरु के आश्रम, जो उनके कोलकाता के घर से अधिक दूर नहीं था, में एक संन्यासी प्रशिक्षार्थी के रूप में उनके जीवन का रोचक वर्णन मिलता है। सम्पूर्ण विश्व में प्रत्येक वर्ष 5 जनवरी को योगानन्द जी का जन्मदिन मनाया जाता है। महान गुरु, जो पश्चिम में योग-ध्यान के दूत थे, ने भारत की प्राचीन आध्यात्मिक शिक्षाएँ प्रदान करने के लिए अमेरिका में तीन दशक से अधिक समय व्यतीत किया था। क्रियायोग मार्ग एक व्यापक जीवन शैली है और इसे आत्म-साक्षात्कार का 'वायुयान मार्ग' कहा जाता है। योगानन्द के लाखों अनुयायी उनकी क्रियायोग शिक्षाओं का अनुसरण करते हैं और उनसे अत्यधिक लाभान्वित हुए हैं। परमहंस योगानन्द द्वारा सिखाई गई ध्यान प्रविधियों पर अमल करने से जीवन पूर्ण रूप से रूपान्तरित हो जाता है। योगानन्द ने 1952 में अपना शरीर त्याग दिया था। उनकी शिक्षाओं के प्रसार का कार्य अधिकृत रूप से उनके द्वारा संस्थापित दो संस्थाओं योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) और विश्व स्तर पर सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) के द्वारा सम्पन्न किया जा रहा है।

> **क्रियायोग मार्ग एक व्यापक जीवन शैली है व इसे आत्म-साक्षात्कार का 'वायुयान मार्ग' कहा जाता है। योगानन्द के लाखों अनुयायी उनकी क्रियायोग शिक्षाओं का अनुसरण करते हैं व उनसे अत्यधिक लाभान्वित हुए हैं।**



श्री श्री परमहंस योगानंद



बोधि वृक्ष

## समुद्र मंथन की कथा

उनके माँगने पर उस विद्याधरी ने उन्हें आदरपूर्वक प्रणाम करके वह माला दे दी। दुर्वासा मुनि ने उस माला को अपने मस्तक पर डाल लिया और पृथ्वी पर विचरने लगे। इसी समय उन्होंने ऐरावत पर विराजमान देवराज इन्द्र को देवताओं के साथ आते देखा। उन्हें देखकर दुर्वासा मुनि ने मतवाले भौरों से गुंजायमान वह माला अपने सिर पर से उतारकर देवराज इन्द्र के ऊपर फेंक दी। देवराज ने उसे लेकर ऐरावत के मस्तक पर डाल दी। उस समय वह माला ऐसी सुशोभित हुई जैसे कैलाश पर्वत के शिखर पर श्रीगंगा जी विराजमान हों। उस मदोन्मत्त हाथी ने भी उसकी गंध से आकर्षित होकर उसे अपनी सूंढ़ से सूंघकर भूमि पर फेंक दिया। यह देखकर दुर्वासा मुनि अत्यंत क्रोधित हुए और देवराज इन्द्र से बोले। दुर्वासा जी ने कहा - ' अरे ऐश्वर्य के मद से दुषितचित्त इन्द्र ! तू बड़ा ढीठ है, तूने मेरी दी हुई इतनी सुन्दर माला का कुछ भी आदर नहीं किया, इसलिए तेरा त्रिलोकी का वैभव नष्ट हो जायेगा। इन्द्र ! निश्चित ही तू मुझे और मुनियों के समान ही समझता है, इसीलिए तूने हमारा इस प्रकार अपमान किया है, मेरी दी हुई माला को पृथ्वी पर फेंका है इसलिए तेरा यह त्रिभुवन भी शीघ्र ही श्रीहीन हो जायेगा। यह सुनकर इन्द्र ने तुरंत ऐरावत हाथी से उतरकर निष्पाप दुर्वासा जी को अनुनय विनय करके प्रसन्न किया। तब इन्द्र द्वारा प्रणाम आदि करने से प्रसन्न होकर दुर्वासा जी ने कहा - 'इन्द्र ! मैं कृपालु चित्त नहीं हूँ, मेरे अंतःकरण में क्षमा को स्थान नहीं है। तू बार-बार अनुनय विनय करने का ढोंग क्यों करता है ? मैं क्षमा नहीं कर सकता। ' इस प्रकार कहकर दुर्वासा जी वहाँ से चल दिए और इन्द्र भी ऐरावत पर चढ़कर अमरावती को चले गये। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# भारत वर्ष में फिर से श्रीराम विराजें

## @ नहीं राम बिन ठांव- भाग एक



डा. मयंक मुरारी


**राम** फिर से विग्रहरूप में लौट रहे हैं। वह जन्मस्थान में अब सदैव विराजेंगे। पांच सौ साल बाद भारत देश अपने धर्म के मूर्तिमान विग्रह को मुकुट और छत्र सहितं प्रतिस्थापित करेगा। इसके साथ ही अयोध्या लोकमंगल का नाभकीय केंद्र बनेगा। देशवासी को जब पहली बार जहाज से अयोध्या आने का अवसर मिला तो, किष्किंधा पर्वत की मिट्टी और तुंगभद्रा का जल माथे पर रखकर इस पावन धरती पर वे उतरे। मंदिर में भगवान अभी नहीं विराजे हैं, लेकिन अयोध्या की धरती पर चरण रखने की उसकी खुशी का वर्णन शब्द नहीं कर पाते है। भारतवर्ष की प्राणवायु का आगमन हो रहा है। राम भारत की चेतना है। जीवन की श्रेष्ठता और उदात्तता की सीमा है। शिव महादेव है, कृष्ण संपूर्ण है, लेकिन राम केवल पुरुष है, जो पुरुषोत्तम होने का पथ दिखाते हैं। इसलिए वह सबके हैं। सब में वह बसते हैं। भारतीय जीवन में जिस दिन रामनाम का आश्रय मिला, उसी दिन उनके आगमन शुरू हो गया। विराट के जागरण के साथ ही भारतीय जीवन उस श्रीराम की ओर उन्मुख हो गयी। राम के पुनार्गमन की यात्रा उनके शरण में जाने के साथ हो गयी। जब एक आतातायी ने अयोध्या में 1528 में राममंदिर को तोड़ा था, तब से राम से पृथकता को भारतीय जनमानस से अस्वीकार कर दिया। भारत के आमजन के लिए श्रीराम ही ठांव है, वहीं लक्ष्य है। इसलिए जगत के सभी रूपों के बीच श्रीराम का स्मरण और उसके साथ शौर्य, साहस और संकल्प का अनवतरत यात्रा चलता रहा। श्रीराम केवल दशरथ के पुत्र नहीं है, वह भारती की आत्मा है। इसलिए उस आत्मा के जागरण के लिए अद्वैतभाव से भारतवर्ष प्रयत्न करता रहा। आजादी के बाद सन 1984 में दिल्ली के धर्मसंसद में विराट के पुर्नजागरण के अभियान की शुरूआत हुई। श्रीराम इस जगत में विराजमान है। वह इसके हरेक गति और काल के संचालक है। बस हमारी तैयारी, हमारे विश्वास और हमारे कर्म की गति तथा धर्म की संगति पर उनके स्पंदन की अनुभूति होती है। जब हम जीवन में पूर्णतः राम के शरण में होते हैं, तब श्रीराम आते हैं। जब खुद पर भरोसा खत्म हो जाए और उस प्रभु श्रीराम का आसरा हो जाए, तब श्रीराम का स्पर्श मिलता है।

> **भारतवर्ष की प्राणवायु का आगमन हो रहा है। राम भारत की चेतना है। जीवन की श्रेष्ठता और उदात्तता की सीमा है। शिव महादेव है, कृष्ण संपूर्ण है, लेकिन राम केवल पुरुष है, जो पुरुषोत्तम होने का पथ दिखाते हैं।**

## टेक वर्ल्ड

### 10 उपयोगी टेक्नोलॉजी ट्रिक्स

नियमित ईमेल, आधिकारिक आमंत्रण और ग्राहक सेवा शिकायतें लिखने जैसे समय लेने वाले कामों के लिए चैटजीपीटी का उपयोग करना अंतिम तकनीकी चाल है जो उपभोक्ताओं को समय बचाने में मदद कर सकती है। यहां 10 तकनीकी तरकीबें दी गई हैं जो आपके जीवन को काफी सरल बना देंगी। आज की दुनिया में, जहां कंप्यूटर और स्मार्टफोन अपरिहार्य हो गए हैं, वे ऐसी सुविधाओं से भरे हुए हैं जो आपकी दैनिक गतिविधियों को सुव्यवस्थित कर सकते हैं और आपके समग्र अनुभव को बढ़ा सकते हैं। Google खोज करते समय खोज ऑपरेटरों का उपयोग करना सबसे प्रभावी तकनीकों में से एक है। यह न केवल प्रक्रिया को गति देता है बल्कि आपको सटीक जानकारी तुरंत ढूंढने में भी मदद करता है। इसके अतिरिक्त, कीबोर्ड शॉर्टकट में महारत हासिल करने से लंबी प्रक्रियाओं को दरकिनार करके आपका बहुमूल्य समय बचाया जा सकता है। इसके अलावा, विंडोज पर नाइट लाइट जैसी सुविधाएं वास्तव में गेम-चेंजर हो सकती हैं, क्योंकि वे डिस्प्ले सेटिंग्स को समायोजित करके आपको लंबे समय तक स्क्रीन एक्सपोजर के संभावित नुकसान से बचाती हैं। आपके अक्सर उपयोग किए जाने वाले एप्लिकेशन के कॉनफि गरेशन में बदलाव करने से भी काफी अंतर आ सकता है। उदाहरण के लिए, ईमेल भेजने में विलंब निर्धारित करने से आपको संदेशों को भेजने से पहले उन पर पुनर्विचार करने के लिए अतिरिक्त समय मिलता है। **(क्रमशः)**




स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# साल 2024 की पहली एकादशी पूजा का शुभ मुहूर्त



हिंदू धर्म में एकादशी तिथि का खास महत्व बताया गया है। एकादशी तिथि भगवान विष्णु की प्रिय होती है। मान्यताओं के अनुसार, जो भी एकादशी का व्रत पूरे विधि-विधान के साथ करता है श्री हरि उनके सभी कष्ट हर लेते हैं। भगवान विष्णु की कृपा पाने के लिए एकादशी का व्रत भी बहुत ही शुभ माना जाता है। शास्त्रों की मानें तो इस व्रत को सबसे बड़ा व्रत माना जाता है।

### 7 जनवरी को पहली एकादशी तिथि

साल 2024 की पहली एकादशी यानी की सफला एकादशी 7 जनवरी 2024 को मनाई जाएगी। यह एकादशी सारे कष्टों को हरने वाली मानी जाती है। यह भगवान विष्णु को अति प्रिय है। भगवान विष्णु का यदि आप आशीर्वाद लेना चाहते हैं तो यह व्रत पूरी श्रद्धा के साथ करें।

### एकादशी का शुभ मुहूर्त

पंचांगों के अनुसार, एकादशी तिथि 7 जनवरी 2024 को रात 12:41 पर शुरू होगी और इसका समापन अगले दिन 8 जनवरी सोमवार रात 12:46 पर होगा। ऐसे में उदयातिथि की मानें तो एकादशी के व्रत पारण का समय 08 जनवरी सोमवार सुबह 07:15 से लेकर 09:20 तक रहेगा। इस समय में आप एकादशी का व्रत कभी भी खोल सकते हैं।

### इस बात का रखें ध्यान

. पुराणों के अनुसार, सफला एकादशी का व्रत जो भी भक्त पूरे विधि-विधान से रखते हैं उन पर भगवान नारायण की कृपा बनी रहती है।
. एकादशी के व्रत वाले दिन आप फलाहार चीजों का सेवन करें। इस दिन अन्न बिल्कुल भी न खाएं।
. इस दिन विष्णु सहस्नाम का पाठ करें। संध्या काल के समय जब सूर्यास्त हो जाए तो तुलसी के पास घी का दीप जलाएं।
. इस दिन चावल बिल्कुल भी न खाएं। इससे व्रत पूरा नहीं माना जाएगा।

# यह क्या हो गया



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त', (प्रसिद्ध नवयुवा व्यंग्यकार)

पहले दांपत्य संसार अंधेरे में और जीवन उजाले में होता था। अब दांपत्य उजाले में और जीवन अंधेरे में है। जिसे ढकना चाहिए उसे खुला और जिसे खुला रखना चाहिए उसे ढका जा रहा है। पहले मांसाहार से अधिक लोग दूर रहते थे, अब कुछ लोग ही उसकी माया से बच पा रहे हैं। पहले परिवार में कोई समस्या आती तो घर के बड़े-बुजुर्ग उसे दूर कर देते, अब पारिवारिक कलहों की समस्या बड़े-बुजुर्ग खुद बनते जा रहे हैं। पहले खाने के लिए कमाया जाता था, अब कंप्यूटर के आगे गद्दीदार कुर्सी पर बैठे कमाई हुई मोटी रकम से बढ़ती चर्बी को घटाने के लिए वाकिंग करना पड़ रहा है।

पहले लोग फल-फूल, दूध खा-पीकर बलवान रहा करते थे। संतानहीनता की कोई समस्या नहीं हुआ करती थी। किंतु अब दाम्पत्य जीवन चलाने के लिए दवाइयाँ खानी पड़ रही हैं। संतान के लिए फर्टिलिटी सेंटर के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। पहले सभी शरीर से हार्डवेयर और दिल से सॉफ्टवेयर इंजीनियर हुआ करते थे। किंतु अब सभी शरीर से सॉफ्टवेयर और दिल से हार्डवेयर इंजीनियर हो गए हैं। पहले वैद्य घर-घर घूमकर इलाज करता था। सरदर्द के लिए झंडूबाम काफी था। अब सरदर्द का इलाज करने के लिए घर बार बेचना पड़ रहा है। पहले चोर घर में घूसकर चोरी करते थे। अब वे घर बैठे ही मोबाइल से चोरी कर रहे हैं। पहले अनपढ़-अशिक्षित चोर उचक्के बना करते थे। अब पढ़े-लिखे चोरी करने के लिए नए-नए साइबर कोर्स कर रहे हैं। पहले उधारी करना सिर झुकाने वाला काम था। मन दुखी हो उठता था। अब उधारी करना स्टेटस की निशानी है। विश्वास न हो तो क्रेडिट कार्ड ही ले लें। आज क्रेडिट कार्ड रखने वाला अमीर और डेबिट कार्ड रखने वाला गरीब कहलाता है। पहले चीन से एक-दो वस्तुएँ ही आती थीं, अब तो लगता है कि हम चीन में ही रह रहे हैं। हर चीज में चीन ही छाया हुआ है। सोचिए यह हमारी उपलब्धि है या फिर हमारा दुर्भाग्य।

# एक्जिमा से राहत पाने के लिए आजमायें ये घरेलू टिप्स, जलन व खुजली से मिलेगी निजात

अनन्या मिश्रा

बदलते मौसम के साथ ही एक्जिमा की समस्या बढ़ भी जाती है। इस समस्या से परेशान लोगों को इतनी तेज खुजली होती है कि खुजली करने के दौरान स्किन से खून निकलने लगता है। आप अपनी डाइट में थोड़ा सा बदलाव कर इस समस्या से निजात पा सकते हैं। कई लोगों की त्वचा में तेज खुजली होती है और स्किन भी रूखी हो जाती है। क्या आपकी त्वचा में भी खुजली करने के दौरान लाल चकत्ते पड़ जाते हैं। यह एक्जिमा के लक्षण भी हो सकते हैं। वहीं बदलते मौसम के साथ ही एक्जिमा की समस्या बढ़ भी जाती है। इस समस्या से परेशान लोगों को इतनी तेज खुजली होती है कि खुजली करने के दौरान स्किन से खून निकलने लगता है। इससे इंफेक्शन का खतरा बढ़ने की अधिक संभावना होती है। एक्जिमा स्किन इंफेक्शन होता है। इस समस्या के होने पर स्किन के कुछ हिस्से पर रूखेपन के साथ लाल चकत्ते पड़ने लगते हैं। फिर उस जगह पर खुजली व सूजन की समस्या होने लगती है। शरीर में घुटने, पैर, गले, चेहरे, हाथ, गर्दन, कोहनी, कान के आसपास और होंठों को प्रभावित कर सकती है। यह समस्या अधिक स्ट्रेस, दूषित पानी, गलत खान-पान और प्रदूषण के कारण हो जाता है। इसके अलावा केमिकल युक्त प्रोडक्ट्स के इस्तेमाल, कुछ फूड्स से एलर्जी, जरूरत से ज्यादा मेकअप के इस्तेमाल, हार्मोनल बदलाव या फिर फैमिली हिस्ट्री के चलते भी एक्जिमा की समस्या हो सकती है। हांलाकि इस समस्या के लिए आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप अपनी डाइट में थोड़ा सा बदलाव कर इस समस्या से निजात पा सकते हैं।



### एक्जिमा को कम करने के उपाय

#### ठंडी चीज से करें सिकाई

एक्जिमा की समस्या होने पर स्किन में तेज खुजली होने लगती है।
ऐसे में आप खुजली वाली जगह पर किसी ठंडी चीज से इसकी सिकाई करें। इससे आपको काफी हद तक राहत मिलेगी।
सबसे पहले बर्फ के एक टुकड़े को कपड़े में लपेट लें।
फिर इसे खुजली वाली जगह पर 10-15 मिनट तक लगा कर रखें।
इससे आपको इस समस्या से काफी हद तक निजात मिल जाएगी।

**नारियल तेल और सेंधा नमक :** इसके लिए 1 चम्मच नारियल तेल में थोड़ा सा सेंधा नमक मिला दें।
फिर इसे एक्जिमा वाली जगह पर धीरे-धीरे अप्लाई करें।
बता दें कि नारियल तेल में एंटी-बैक्टीरियल और एंटी इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। जो जलन व खुजली से राहत देने का काम करती है। वहीं नारियल तेल में मौजूद मॉइश्चराइजिंग गुण नमी को बरकरार रखने में सहायक होता है। इससे स्किन रूखी नहीं होती है। वहीं इस तेल में लॉरिक एसिड भी पाया जाता है। जो स्किन में मौजूद फंगल, बैक्टीरिया और वायरस को कम करने में सहायक होता है।

**सेंधा नमक के फायदे :** इसके साथ ही सेंधा नमक भी इस समस्या से राहत देता है। क्योंकि इसमें हाइड्रेटिंग और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पाए जाते हैं। इसके अलावा सेंधा नमक में कैल्शियम, मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे कई मिनरल्स पाए जाते हैं। जो स्किन के लिए काफी अच्छा होता है।
वहीं सेंधा नमक में मौजूद मिनरल्स एक साथ काम करते हैं और स्किन को हाइड्रेट रखने में सहायक होते हैं और सूजन की समस्या को कम करता है। इस नमक से रेडनेस, खुजली और ड्राईनेस कम होती है।

**ऐसी डाइट करें फॉलो :** एक्जिमा की समस्या से निजात पाने के लिए नारियल के तेल में शुद्ध खाना पकाएं। क्योंकि इसमें मौजूद फैटी एसिड एक्जिमा में सूजन की समस्या को कम करता है। इस दौरान कैफीन का सेवन न करें। क्योंकि कैफीन स्किन की सुरक्षा करने वाली विटामिन बी को नष्ट कर देता है। वहीं सब्जियां और कच्चे फल नेचुरल डिटॉक्सीफायर के तौर पर काम करती हैं। इसलिए इन चीजों को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए।

## बच्चे के दिमागी विकास के लिए जरूरी हैं ये फूड्स

हर पेरेंट्स यही चाहते हैं कि उनका बच्चा हर एक्टिविटी में आगे हो। बच्चों का दिमाग इतना तेज हो कि वह हर काम बिना बोले ही कर दें। वैसे तो बच्चे काफी तेज होते हैं लेकिन यदि आप चाहते हैं कि आपका बच्चा और भी तेज बने तो आप उनकी डाइट में कुछ फूड्स शामिल कर सकते हैं। बच्चों के दिमाग के विकास के लिए डीएच, एरए, विटामिन-बी, आयरन, प्रोटीन्स, आयोडीन और कोलिन जैसे पोषक तत्व जरुरी होते हैं।

**अखरोट और एवोकाडो :** इन दोनों चीजों में डीएचए मौजूद होता है। डीएचए बच्चे के दिमाग के विकास के लिए बेहद जरुरी होता है। वहीं अखरोट और एवोकाडो में यह काफी अच्छी मात्रा में मौजूद होता है। ऐसे में आप बच्चों को इन दोनों चीजों का सेवन करवा सकते हैं।

**मिल्क और पनीर :** इसमें कई सारे न्यूट्रिएंट्स मौजूद होते हैं जो बच्चों के दिमाग के विकास के लिए जरुरी होते हैं। इसमें आरए, विटामिन-बी, प्रोटीन, आयोडीन और कोलिन पाया जाता है। यदि आप चाहते हैं कि बच्चे के दिमाग का विकास हो तो आप उन्हें ये दोनों चीजें खिला सकते हैं।

**हरी पत्तेदार सब्जियां :** यह विटामिन-बी और आयरन का बहुत अच्छा स्त्रोत मानी जाती हैं। ब्रोकली, पालक, बंदगोभी जैसी हरी सब्जियां आप बच्चों को खिला सकते हैं।

**अंडा :** यह भी एक बहुत अच्छा सूपरफूड माना जाता है। इसमें सारे पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो बच्चों के दिमाग का विकास करने में मदद करते हैं। उबालकर या फिर आमलेट का सेवन आप बच्चों को करवा सकते हैं।

**सॉल्मन और टूना मछली :** इन दोनों मछलियों में भी सारे पोषक तत्व पाए जाते हैं जो बच्चे के दिमागी विकास के लिए जरुरी है। ऐसे में यदि आपके बच्चे मछली खा लेते हैं तो आप इसका सेवन उन्हें करवा सकते हैं।

# बच्चों का खून बढ़ायेगा अनार खिलाने से मिलेंगे कई फायदे



सेहत के लिए अनार बेहद लाभकारी माना जाता है, यह कई सारे पॉवरहाउस का न्यूट्रिएंट्स होता है। बड़ों से लेकर बच्चों तक सबके लिए यह बहुत ही फायदेमं साबित होता है। कई सारे हेल्थ एक्सपट्र्स सलाह देते हैं कि हर पेरेंट्स को अपनी बच्चों की डाइट में अनार को जरुर शामिल करना चाहिए। यह कई तरह की स्वास्थ्य समस्याएं को दूर करने में मदद करता है लेकिन पेरेंट्स के मन में एक सवाल रहता है कि क्या बच्चों को सर्दियों में अनार देना चाहिए। ऐसे में इस जवाब में हेल्थ एक्सपट्र्स का कहना है कि आप बच्चों को सर्दियों में अनार दे सकते हैं। सर्दियों में इसे बच्चों को खिलाने के कई सारे फायदे होंगे।

**बच्चों में बढ़ेगा खून :** अनार बच्चों के स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी साबित होता है। एक्सपट्र्स की मानें तो यदि कोई व्यक्ति 3-4 दिन तक लगातार अनार का जूस पीता है तो उसके शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल का स्तर कम होता है। वहीं यदि किसी के शरीर में हीमोग्लोबिन की कमी हो तो वह भी अनार का जूस पीने से कम होती है। अनार का जूस पीने से खून भी तेजी से बढ़ता है।

**बुखार में मिलेगा आराम :** बदलते मौसम में बच्चे बहुत जल्दी सर्दी, जुकाम और खांसी जैसी समस्याओं का शिकार होते हैं। वहीं अनार में कई सारे न्यूट्रिएंट्स पाए जाते हैं जो बुखार से रिकवरी में मदद करते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट्स भी पाए जाते हैं जो बुखार में बेहद मददगार माने जाते हैं। बच्चों को अनार का जूस, या फिर फलों का जूस आप चाहें तो दे सकते हैं। हालांकि यदि आपके बच्चों को शुगर लेवल संतुलित नहीं रहता तो उन्हें अनार का जूस न दें।

**इम्यूनिटी बनेगी मजबूत :** इसमें कई तरह के विटामिन्स पाए जाते हैं। मुख्यतौर पर अनार विटामिन-बी का अच्छा स्त्रोत होता है। विटामिन-बी ब्रेन के फंक्शन को बेहतर करने में मदद करता है और उनकी शारीरिक ग्रोथ में मदद करता है। इसके अलावा अनार में फोलेट भी मौजूद होते है जो बॉडी के नए सेल्स बनाने में मदद करता है। ऐसे में यदि आप बच्चों को अनार खाने के लिए देते हैं तो उनकी इम्यूनिटी मजबूत बनती है और बीमारियों का खतरा भी कम होता है।

**ओरल हेल्थ रहेगी अच्छी :** इसमें कई सारी एंटीवायरल और एंटीबैक्टीरियल प्रॉपर्टीज पाई जाती हैं। यह प्रॉपर्टी ओरल हेल्थ सुधारने में मदद करती है। वैसे तो बच्चे काफी ज्यादा मीठा और चॉकलेट खाते हैं जहां तक कि वह अपने दांतों की अच्छे से केयर भी नहीं करते। ऐसे में बच्चों को अक्सर दांतों से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। यदि आप बच्चों को सीमित मात्रा में अनार खाने के लिए दे तो इससे उनमें ओरल हेल्थ से जुड़ी रही समस्याओं का रिस्क काफी कम होता है।

**पाचन रहेगा स्वस्थ :** सर्दी के मौसम में अक्सर कई बार बच्चे ओवरईटिंग कर लेते हैं जिसके चलते उन्हें पेट में दर्द और पाचन से जुड़ी समस्याएं होने लगती हैं। ऐसे में आप बच्चों को अनार खिलाएं। यह उनके स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी साबित हो सकता है।

**किस उम्र में दे बच्चों को अनार? :** एक्सपट्र्स की मानें तो आप बच्चों को 6 महीने के बाद अनार खिला सकते हैं लेकिन इस दौरान यह ध्यान रखें कि इसके बीज बच्चे के गले में न फंसे।

## सूडोकु नवताल- 6935

***** कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6934 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## दैनिक पंचांग

05 जनवरी 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | धनु में | मकर | 07.26 बजे से |
| चंद्र | तुला में | कुंभ | 09.13 बजे से |
| मंगल | धनु में | मीन | 10.45 बजे से |
| बुध | वृश्चिक में | मेष | 12.16 बजे से |
| गुरु | मेष में | वृष | 13.56 बजे से |
| शुक्र | वृश्चिक में | मिथुन | 15.54 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कर्क | 18.07 बजे से |
| राहु | मीन में | सिंह | 20.24 बजे से |
| केतु | कन्या में | कन्या | 22.36 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | तुला | 00.46 बजे से |
| | | वृश्चिक | 03.01 ब.से |
| | | धनु | 05.17 बजे से |

**शुक्रवार** 2024 वर्ष का पांचवां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** पौष (दक्षिण भारत में मृगशीर्ष) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 23.47 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 19.50 बजे को समाप्त।
**योग** अतिगण्ड 06.49 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 11.01 बजे तदनन्तर गर 23.47 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 22° 41'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871849
**जूलियन दिन** 2460314.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 22

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7996

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | 5 |
| 6 | | ■ | 7 | | | ■ | 8 | |
| | ■ | 9 | | ■ | 10 | 11 | ■ | |
| 12 | 13 | | | | ■ | 14 | 15 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 16 | ■ | | ■ |
| 17 | | 18 | ■ | 19 | | 20 | | 21 |
| | ■ | 22 | 23 | ■ | 24 | | ■ | |
| 25 | 26 | ■ | 27 | | | ■ | 28 | |
| 29 | | | | ■ | 30 | | | ■ |

### बाएँ से दाएँ

1. दैत्य, असुर-3
3. रुकावट, बाधा-4
6. सम्मान-2
7. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
8. मूल, कंद-2
9. सलाह, मशवरा-2
10. मोटा आटा-2
12. सलाह देने वाला-5
14. जलाना-3
17. माला का मोती-3
19. उग्रवाद, हिंसा वाद-5
22. शराब, मदिरा-2
24. दुख, कष्ट-2
25. चेतना, ध्यान-2
27. सालन, रसा-3
28. घ्राणेंद्रिय, इज्जत-2
29. राजकुमार (उर्दू-4)
30. अस्तित्व, प्राण तत्व-3

### ऊपर से नीचे

1. खैरात, दक्षिणा-2
2. गोलाकार-5
3. नश्वर, जो कभी न मरे-3
4. प्रतिदिन-2
5. हृदय स्पंदन-4
6. विचार-3
9. मार्ग, रास्ता-2
11. अदालत में प्रस्तुत दावा-2
13. बब्बर शेर (अंग्रेजी-3)
15. सीरा, एक मिष्ठान्न-3
16. पतंग के पेच लड़ाना-5
17. बेसुध, अलमस्त-4
18. कार्य-2
20. जरा, थोड़ा-2
21. दरवाजा खटखटाना-3
23. इन्होंने कृष्ण को पाला था, कृष्ण की दूसरी मां-3
26. उकसावा, बढ़ावा-2
28. मैदे की एक प्रकार की रोटी-2

### शब्द पहेली -7995 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| न | ट | व | र | ना | ग | र | ■ | ■ |
| ■ | क | ■ | म | ■ | ज | ■ | का | ■ |
| ज | र | ■ | जा | हि | र | ■ | जी | त |
| ब | ■ | ज | न | ■ | ज | मा | ■ | ल |
| र | ब | ना | ■ | ■ | ■ | ज | वा | ब |
| द | ■ | ना | स | ■ | दा | ग | ■ | गा |
| स्त | र | ■ | मा | न | ना | ■ | ख | र |
| ■ | थ | ■ | धा | ■ | पा | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | स | न | स | नी | फे | ल | ना |

# आज का राशिफल

**मेष राशि :** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**वृष राशि :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**मिथुन राशि :** एकाकी वृत्ति त्यागें। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा।

**कर्क राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**सिंह राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**कन्या राशि :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**तुला राशि :** स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**वृश्चिक राशि :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**धनु राशि :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**मकर राशि :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कुंभ राशि :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

**मीन राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज





CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

## एक नजर

### देश में कोरोना के 760 नए मामले, 2 लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए मामलों में बढ़ोतरी जारी है। पिछले 24 घंटे के दौरान देश में कोरोना के 760 नए मामले सामने आए हैं और इससे दो मरीजों की मौत हुई है। गुरुवार को स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मौजूदा समय में देश में कोरोना के एक्टिव मामलों की संख्या 4,423 है। पिछले 24 घंटे के दौरान 775 मरीज स्वस्थ हुए हैं। आंकड़ों के अनुसार कोरोना के ज्यादातर मामले केरल और कर्नाटक से रिपोर्ट किए जा रहे हैं।

### वाईएस शर्मिला कांग्रेस में हुई शामिल



**नई दिल्ली।** वाईएसआर तेलंगाना पार्टी प्रमुख वाईएस शर्मिला गुरुवार को कांग्रेस में शामिल हो गईं। उन्होंने अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय कर लिया है। वह कांग्रेस मुख्यालय में मल्लिकार्जुन खरगे व राहुल गांधी की उपस्थिति में पार्टी में शामिल हुईं। शर्मिला ने कहा कि उन्हें खुशी है कि वाईएसआर तेलंगाना पार्टी आज से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का हिस्सा बनने जा रही है। शर्मिला आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री वाईएस जगन मोहन रेड्डी की बहन और वाईएसआर तेलंगाना पार्टी प्रमुख की भूमिका में हैं।

### कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी

**कुलगाम।** कुलगाम जिले के हादीगाम इलाके में बुधवार देर रात बाद सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच शुरू हुई मुठभेड़ गुरुवार को भी जारी है। हादीगाम इलाके में सुरक्षाबलों को आतंकियों की मौजूदगी की सूचना मिली। सूचना मिलने के बाद पुलिस, सेना और सीआरपीएफ के जवानों ने संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। खबर लिखे जाने तक सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ जारी थी।

### सुकेश ने जैकलीन के साथ हुई चैट पर रखा अपना पक्ष



**नई दिल्ली।** दिल्ली की जेल में बंद सुकेश चंद्रशेखर ने बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलिन फर्नांडीज के साथ किए गए कथित फर्जी व्हाट्सएप चैट के हालिया प्रसार पर अपना पक्ष रखा है। उनका बयान न केवल बातचीत की प्रामाणिकता पर सवाल उठाता है, बल्कि चंद्रशेखर और फर्नांडीज के बीच कई बातचीत में से एक की झलक भी पेश करता है। चन्द्रशेखर 200 करोड़ रुपये की ठगी मामले में मुख्य आरोपी हैं। चन्द्रशेखर के अनुसार, साझा की गई चैट 2021 की है जहां उन्हें और फर्नांडीज को गलतफहमी का सामना करना पड़ा था। उनका दावा है कि फर्नांडीज ने माफी मांगी और मैसेज में अपने प्यार का इजहार किया। उनके बयान का मकसद फर्नांडीज की सार्वजनिक छवि को एक पीड़ित के रूप में पेश करना है जिसका उससे कोई संबंध नहीं है।

# सिंह द्वार से प्रवेश...मुख्य गर्भगृह में बालस्वरूप




### 20 प्वाइंट में समझें कितना भव्य होगा राम मंदिर

**एजेंसी। अयोध्या**

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने अयोध्या राम मंदिर की विशेषताएं गिनाई हैं। ट्रस्ट ने जानकारी साझा कर बताया है कि मंदिर परिसर के सभी क्षेत्रों से लेकर भगवान श्रीराम के गर्भगृह तक मंदिर की भव्यता कैसी रहेगी। तीन मंजिला राम मंदिर पारंपरिक नागर शैली में बनाया गया है। मुख्य गर्भगृह में श्रीराम लला की मूर्ति है और पहली मंजिल पर श्री राम दरबार होगा। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अनुसार, राम मंदिर में 5 मंडप (हॉल) होंगे। इसमें नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना और कीर्तन मंडप। देवताओं, देवी-देवताओं की मूर्तियां मंदिर के स्तंभों और दीवारों को सुशोभित करती हैं। 32 सीढ़ियां चढ़कर श्रद्धालु सिंहद्वार से एंट्री कर सकेंगे। मंदिर के चारों तरफ आयताकार परकोटा रहेगा। मंदिर में दिव्यांग और बुजुर्ग तीर्थयात्री के लिए भी विशेष सुविधाएं हैं। रैंप और लिफ्ट भी हैं। मंदिर ट्रस्ट का कहना है कि मंदिर के पास एक ऐतिहासिक कुआं (सीता कूप) है, जो प्राचीन काल का है। इसके अलावा, 25,000 लोगों की क्षमता वाला एक तीर्थयात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) का निर्माण किया जा रहा है।

#### भगवान राम के स्वागत से संपूर्ण देश प्रसन्न : पीएम मोदी

पीएम ने गुरुवार को कहा कि अयोध्या में भगवान श्री राम के स्वागत के लिए हर कोई अलग-अलग रूप से अपनी भावनाएं व्यक्त कर रहा है। मोदी ने कहा कि पूरे देश में उत्साह है और भक्त इस शुभ दिन पर राम लला की भक्ति में मगन हैं। पीएम कार्यालय ने बताया कि पीएम ने इस दौरान भगवान श्री राम को समर्पित हंसराज रघुवंशी का भजन भी साझा किया। अपने एक एक्स पोस्ट में पीएम ने पोस्ट किया, अयोध्या में प्रभु श्री राम के स्वागत को लेकर संपूर्ण देश राममय है।

#### चिकित्सा सुविधाएं और लॉकर सुविधा

- मुख्य गर्भगृह में भगवान श्रीराम का बचपन का स्वरूप (श्री राम लला की मूर्ति) है, जबकि पहली मंजिल पर श्रीराम का दरबार होगा।
- पांच मंडप (हॉल) - नृत्य मंडप, रंग मंडप, सभा मंडप, प्रार्थना और कीर्तन मंडप।
- देवी-देवताओं की मूर्तियां खंभों और दीवारों पर उकेरी गई हैं।
- दिव्यांगों और बुजुर्गों की सुविधा के लिए रैंप और लिफ्ट की व्यवस्था होगी।
- राम मंदिर परिसर के चारों कोनों पर चार मंदिर होंगे, इनमें सूर्य देव, देवी भगवती, गणेश भगवान और भगवान शिव को समर्पित होंगे। उत्तरी भुजा में मां अन्नपूर्णा का मंदिर, जबकि दक्षिणी भुजा में हनुमान जी का मंदिर है।
- मंदिर के पास एक ऐतिहासिक कुआं (सीता कूप) है, जो प्राचीन काल का है।
- श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में प्रस्तावित अन्य मंदिर महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वशिष्ठ, महर्षि अगस्त्य, महर्षि विश्वामित्र, निषाद राज, माता शबरी और देवी अहिल्या की पूज्य पत्नी को समर्पित रहेंगे।
- राम मंदिर परिसर के दक्षिण-पश्चिमी भाग में कुबेर टीला पर जटायु की स्थापना के साथ-साथ भगवान शिव के प्राचीन मंदिर का जीर्णोद्धार किया गया है।
- मंदिर में कहीं भी लोहे का इस्तेमाल नहीं किया गया है।
- मंदिर की नींव का निर्माण रोलर-कॉम्पैक्ट कंक्रीट (आरसीसी) की 14 मीटर मोटी परत से किया गया है, जो इसे कृत्रिम चट्टान का रूप देता है।
- मंदिर को जमीन की नमी से सुरक्षा देने के लिए ग्रेनाइट का इस्तेमाल कर 21 फुट ऊंचे चबूतरे का निर्माण किया गया है।
- मंदिर परिसर में एक सीवरेज उपचार संयंत्र, जल उपचार संयंत्र, अग्नि सुरक्षा के लिए जल आपूर्ति व एक स्वतंत्र बिजली स्टेशन है।
- 25,000 लोगों की क्षमता वाला एक तीर्थयात्री सुविधा केंद्र (पीएफसी) का निर्माण किया जा रहा है, यह तीर्थयात्रियों को चिकित्सा सुविधाएं और लॉकर सुविधा प्रदान करेगा।
- परिसर में स्नान क्षेत्र, वॉशरूम, वॉशबेसिन, खुले नल आदि के साथ एक अलग ब्लॉक भी होगा।

# राहुल गांधी की यात्रा का नाम बदल कर किया गया 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा'


**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस ने राहुल गांधी की यात्रा का नाम बदल दिया है। अब यह यात्रा 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के नाम से जानी जाएगी। यह जानकारी कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान साझा की। जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस ने आज की बैठक में तय किया है कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा अब 15 राज्यों से होकर गुजरेगी। इस दौरान राहुल गांधी 6700 किलोमीटर की यात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकतर यात्रा बस से की जाएगी। यात्रा के दौरान कुल 110 जिलों को कवर किया जाएगा। इस दौरान 100 लोकसभा सीटें और 337 विधानसभा सीटों से यात्रा होकर गुजरेगी। इस यात्रा में 67 दिन लगने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी यात्रा के दौरान सबसे अधिक समय उत्तर प्रदेश में गुजारेंगे। यहां यात्रा 11 दिनों तक चलेगी और इस दौरान करीब 20 जिलों को कवर करने की योजना है। रमेश ने कहा कि मणिपुर में कुल 107 किलोमीटर की यात्रा होगी। जो चार जिलों से यात्रा होकर गुजरेगी। नगालैंड में दो दिन यात्रा चलेगी। असम में 8 दिन में 17 जिलों से यात्रा गुजरेगी। अरुणाचल प्रदेश में राहुल गांधी यात्रा के दौरान एक दिन बिताएंगे और इस दौरान एक जिले की यात्रा करेंगे। यह यात्रा मेघालय में एक दिन बिताएगी। इसके बाद पश्चिम बंगाल के सात जिलों को पांच दिन में कवर किया जाएगा। बिहार में 425 किलोमीटर की यात्रा चार दिन में की जाएगी। इस दौरान 7 जिलों को कवर किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि झारखंड में यात्रा आठ दिनों तक रहेगी और यहां 13 जिलों को कवर किया जाएगा। ओडिशा में यात्रा 341 किलोमीटर की होगी। यहां चार दिन की यात्रा होगी। छत्तीसगढ़ में 536 किलोमीटर की यात्रा को पांच दिनों में पूरा किया जाएगा। इस दौरान सात जिलों से होकर यात्रा गुजरेगी। जयराम रमेश ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा मध्य प्रदेश में सात दिन में 9 जिले, राजस्थान में एक दिन में एक जिले, गुजरात में पांच दिनों में सात जिलों से होकर गुजरेगी। महाराष्ट्र में करीब 480 किलोमीटर की यात्रा की जाएगी। इस दौरान पांच दिन में छह जिलों की यात्रा की जाएगी।

#### एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों, प्रदेश अध्यक्षों की बैठक

### लोस चुनाव में विजय हासिल करना हमारा लक्ष्य : खरगे



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि हमें आगामी लोकसभा चुनाव में विजय हासिल करने के उद्देश्य से आगे बढ़ना होगा। खरगे ने गुरुवार को पार्टी मुख्यालय में आयोजित एआईसीसी महासचिवों, प्रभारियों, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्षों और राज्यों में कांग्रेस विधानसभा दल के नेताओं की बैठक के दौरान कहा कि इस बैठक का एजेंडा 2024 के लोक सभा चुनाव में विजय सुनिश्चित करने और भारत न्याय यात्रा की विस्तार से तैयारी करनी है। हमारे लिए दोनों की सफलता जरूरी है, इसलिए हम सबको इस बीच में काफी समय देना है और चर्चा करना है। खरगे ने कहा कि 19 दिसंबर, 2023 को दिल्ली में आईएनडीआईए गठबंधन की चौथी बैठक में सीट-बंटवारे, ईवीएम और सारे जरूरी मुद्दों पर चर्चा हुई। सीट-बंटवारे पर बातचीत के लिए हमारी नेशनल अलाएंस कमेटी राज्य इकाइयों के साथ चर्चा कर रही है। देश भर में 8-10 बड़ी आम बैठकें हमें मिल कर करनी हैं। 21 दिसंबर को हमारी कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक हुई। 28 दिसंबर को नागपुर में कांग्रेस के 139वें स्थापना दिवस पर हमारी हैं तैयार हम रैली बहुत शानदार रही।

## इनका मकसद पूछताछ नहीं, बल्कि मुझे गिरफ्तार करना है : केजरीवाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को ईडी की नोटिस पर जवाब देते हुए कहा कि बीजेपी उन्हें गिरफ्तार करवाना चाहती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मेरी सबसे बड़ी संपत्ति मेरी ईमानदारी है। ये लोग झूठे आरोप लगाकर, झूठा समन भेज कर मुझे बदनाम करना चाहते हैं। 3 जनवरी को ईडी ने अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में पूछताछ के लिए बुलाया था। सीएम ने कहा कि वकीलों ने मुझे बताया कि ईडी ने जो समन मुझे भेजे हैं वे गैरकानूनी है। यह समन क्यों गैरकानूनी है, मैंने विस्तार से इसका जवाब ईडी को भेजा है। लेकिन उन्होंने मेरी एक भी बात का जवाब नहीं दिया। इसका मतलब यह है कि उनके पास मेरी बातों का जवाब नहीं है, और वे भी मानते हैं कि यह समन गैरकानूनी है। सीएम ने कहा कि क्या मुझे एक गैरकानूनी नोटिस का पालन करना चाहिए। उन्होंने कहा यदि कानूनी रूप से सही समन आएगा तो मैं उसका पालन करूंगा। सीएम ने कहा कि इनका मकसद जांच करना तो है ही नहीं। इनका मकसद तो मुझे लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना है। उन्होंने कहा कि इस जांच को शुरू हुए 2 साल हो गए लेकिन अब ठीक लोकसभा चुनाव से पहले मुझे समन भेजा है। इनका मकसद पूछताछ करना नहीं है, इनका मकसद पूछताछ के बहाने मुझे बुलाकर गिरफ्तार करना है ताकि मैं लोकसभा चुनाव में प्रचार न कर सकूं। दिलील सीएम ने कहा, दिल्ली शराब घोटाला -- पिछले 2 साल में यह शब्द आपने कई बार सुना होगा। पिछले 2 साल में जांच एजेंसी कई बार छापेमारी और कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। लेकिन अभी तक एक पैसे का हेर फेर नहीं मिला, कहीं से एक पैसा बरामद नहीं हुआ। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि यदि भ्रष्टाचार वास्तव में हुआ है तो इतने करोड़ों रुपए गए कहां।

## पीपीपी ने बिलावल भुट्टो को घोषित किया पीएम पद का उम्मीदवार

**एजेंसी। लाहौर**



पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) ने आठ फरवरी को होने वाले आम चुनाव से पहले पार्टी के चेयरमैन और पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी को प्रधानमंत्री पद के लिए आधिकारिक तौर पर दल का उम्मीदवार घोषित किया है। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। द इंटरनेशनल की खबर के मुताबिक, पीपीपी की केंद्रीय कार्यकारी समिति (सीईसी) ने आम चुनाव के वास्ते पार्टी के प्रचार अभियान पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में पार्टी के चुनाव घोषणा पत्र पर चर्चा की गई जिसमें युवाओं, महिला सशक्तीकरण, रोजगार, स्वास्थ्य और शिक्षा को प्राथमिकता देने का फैसला किया गया है। बुधवार देर शाम हुई बिलावल के बैठक के थोड़ी देर बाद पीपीपी ने अपने आधिकारिक एक्स पेज पर विस्तृति पोस्ट के साथ बैठक की तस्वीरें अपलोड कीं और बताया कि सीईसी के सदस्यों ने पार्टी अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी और चेयरमैन बिलावल भुट्टो जरदारी के नेतृत्व में अपना विश्वास व्यक्त किया। पार्टी ने एक्स पर कहा कि आसिफ अली जरदारी ने पीपीपी की ओर से प्रधानमंत्री पद के लिए बिलावल भुट्टो जरदारी का नाम पेश किया।

## रूस-चीन सांस्कृतिक वर्ष के आयोजन को पुतिन ने दी मंजूरी

**बीजिंग।** रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने वर्ष 2024-2025 में रूस-चीन सांस्कृतिक वर्ष के आयोजन के लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर किए।



## 'पकड़ुवा विवाह' को रद्द करने के आदेश पर लगी रोक

**एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने कथित 'पकड़ुवा विवाह' या 'जबरन विवाह' को रद्द करने के पटना उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति हिमा कोहली और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने बुधवार को आदेश दिया कि लागू फैसले के संचालन और कार्यान्वयन पर रोक रहेगी। नवंबर 2023 में, पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति पी बी बजंथरी और अरुण कुमार झा की पीठ ने कहा कि विवाह का पारंपरिक हिंदू रूप 'सप्तपदी' और 'दत्त होम' के अभाव में वैध विवाह नहीं है। उच्च न्यायालय ने कहा, यदि 'सप्तपदी' पूरी नहीं हुई है, तो विवाह पूर्ण और बाध्यकारी नहीं माना जाएगा। उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी याचिका में, अपीलकर्ता-सैन्यकर्मी ने तर्क दिया कि उसे बंदूक की नोक पर शादी के लिए मजबूर किया गया था और कहा कि उसे बिना किसी धार्मिक या आध्यात्मिक अनुष्ठान के लड़की के माथे पर सिन्दूर लगाने के लिए मजबूर किया गया था।

**आयोजन** राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर बलिदानी बहादुरों को दी श्रद्धांजलि

# वाइस एडमिरल दिनेश त्रिपाठी बने नौसेना के वाइस चीफ

### पदभार संभालने के बाद साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया

**एजेंसी। नई दिल्ली**





वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी को भारतीय नौसेना का उप प्रमुख नियुक्त किया गया है। उन्होंने गुरुवार को वाइस चीफ का पदभार संभालने के बाद राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर पुष्पचक्र चढ़ाकर देश की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले बहादुरों को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उन्हें साउथ ब्लॉक में गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके पहले वाइस एडमिरल त्रिपाठी नौसेना की पश्चिमी कमान में कमांडिंग-इन-चीफ थे। उनकी जगह बुधवार को आईएनएस शिकरा में आयोजित एक औपचारिक परेड में वाइस एडमिरल संजय जे. सिंह ने पश्चिमी कमान का कार्यभार संभाला है। वाइस एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी सैनिक स्कूल रीवा और राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, खडकवासला के छात्र रहे हैं। वाइस एडमिरल डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन से स्नातक हैं, जहां उन्हें प्रतिष्ठित थिमैया पदक से सम्मानित किया गया था। उन्हें 01 जुलाई, 1985 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था। उन्होंने 2007-08 में यूएस नेवल वॉर कॉलेज, न्यूपोर्ट, रोड आइलैंड्स में नेवल हायर कमांड कोर्स और नेवल कमांड कॉलेज में भी भाग लिया, जहां उन्होंने प्रतिष्ठित रॉबर्ट ई बेटमैन इंटरनेशनल पुरस्कार जीता। वह टेनिस, बैडमिंटन और क्रिकेट खिलाड़ी भी हैं और अंतरराष्ट्रीय संबंधों, सैन्य इतिहास और नेतृत्व की कला और विज्ञान के छात्र हैं। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध विशेषज्ञ त्रिपाठी ने सिग्नल संचार अधिकारी और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध अधिकारी के रूप में नौसेना के फ्रंटलाइन युद्धपोतों पर कार्य किया। बाद में गाइडेड मिसाइल डिस्ट्रॉयर आईएनएस मुंबई के कार्यकारी अधिकारी और प्रधान युद्ध अधिकारी के रूप में भी कार्य किया है। उन्होंने भारतीय नौसेना के जहाजों विनाश, किर्च और त्रिशूल की भी कमान संभाली है। उन्होंने विभिन्न महत्वपूर्ण परिचालन और स्टाफ नियुक्तियों पर भी काम किया है, जिसमें मुंबई में पश्चिमी बेड़े के बेड़े संचालन अधिकारी, नई दिल्ली में प्रमुख निदेशक नेटवर्क सेंट्रिक ऑपरेशंस और प्रमुख निदेशक नौसेना योजना शामिल हैं। रियर एडमिरल के पद पर पदोन्नति पर उन्होंने नौसेना मुख्यालय में नौसेना स्टाफ के सहायक प्रमुख (नीति और योजना) और पूर्वी बेड़े के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग के रूप में कार्य किया। जून, 2019 में वाइस एडमिरल के पद पर पदोन्नति पर फ्लैग ऑफिसर को केरल के एझिमाला में प्रतिष्ठित भारतीय नौसेना अकादमी के कमांडेंट के रूप में नियुक्त किया गया था। वह जुलाई, 2020 से मई 2021 तक नौसेना संचालन के महानिदेशक थे।

## ब्रिटेन में महिला के सामने अश्लील हरकत करने के आरोप में जेल



**लंदन।** लंदन अंडरग्राउंड ट्रेन में एक अकेली महिला के सामने यौन कृत्य करने के आरोप में 43 वर्षीय भारतीय मूल के व्यक्ति को नौ महीने जेल की सजा सुनाई गई है। ब्रिटिश ट्रांसपोर्ट पुलिस (बीटीपी) ने मंगलवार को कहा, वेम्बली में प्रिमरोज-वे के निवासी मुकेश शाह को पिछले महीने लंदन इनर क्राउन कोर्ट में अश्लील हरकत का दोषी पाया गया था। जांच अधिकारी, डिटेक्टिव कॉन्स्टेबल मार्क लुकर ने कहा, "शाह की हरकतों ने न केवल उसे सलाखों के पीछे भेज दिया, बल्कि उसकी रिहाई के बाद लगे प्रतिबंधों ने उसे भविष्य में अपनी हरकतें दोहराने से भी रोक दिया है।" शाह को 10 साल तक यौन अपराधियों के रजिस्टर पर हस्ताक्षर करने का भी आदेश दिया गया है।

#### फिल्म जगत

## दीपिका जल्द दें सकती हैं खुशखबरी
### फैमिली प्लानिंग पर बोलीं दीपिका



**दीपिका** पादुकोण और रणवीर सिंह बॉलीवुड में यह सबसे ताकतवर जोड़ी है। दोनों ने वर्ष 2018 में शादी की थी। अब उनकी शादी को 5 साल हो गए हैं। दीपिका का एक ताजा बयान चर्चा में आ गया है। इससे यह चर्चा भी तेज हो गई है कि क्या दीपिका जल्द ही कोई खुशखबरी देने वाली हैं। दीपिका ने एक इंटरव्यू में फैमिली प्लानिंग पर जवाब दिया है। इंटरव्यू में दीपिका ने कहा, 'हम दोनों को बच्चे बहुत पसंद हैं। हम उस दिन का भी इंतजार कर रहे हैं, जब हमारा परिवार शुरू होगा।' उन्होंने यह भी कहा, 'जब मैं उन लोगों से मिलती हूं, जिनके साथ मैं बड़ी हुई हूं, अपने रिश्तेदारों, दोस्तों से परिवारों में हमेशा कहा जाता है कि मैं बिल्कुल नहीं बदली हूं। यह मेरे संस्कारों का नतीजा है। दीपिका ने कहा, इस इंडस्ट्री में पैसे और शोहरत से प्रभावित होना आसान है, लेकिन घर पर कोई भी मेरे साथ एक सेलिब्रिटी की तरह व्यवहार नहीं करता है। मैं पहले एक बेटी और बहन हूं। मैं नहीं चाहती कि इसमें बदलाव हो। रणवीर और मुझे उम्मीद है कि हम अपने बच्चों में भी वही संस्कृति विकसित करेंगे। बता दे कि दीपिका पादुकोण आने वाली फिल्म "फाइटर" में नजर आएंगी। इसमें ऋतिक रोशन के साथ उनकी सिजलिंग केमिस्ट्री देखने को मिलेगी। फिल्म 25 जनवरी को रिलीज हो रही है।

# भाजपा अपनी नीतियों व कार्यक्रमों से बनी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी



## मोर्चा पार्टी का प्रवेश द्वार है और संघर्ष का फ्रंट लाइन : अमर बाउरी

## युवा अधिवेशन, नव मतदाता सम्मेलन, नमो वारियर्स, युवती अधिवेशन होगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लेक गार्डेन बैंक्वेट हॉल अरगोड़ा में गुरुवार को प्रदेश भाजपा के सभी मोर्चों के प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें राष्ट्रीय मंत्री आशा लकड़ा, सहित मोर्चा के अध्यक्ष,राष्टीय पदाधिकारी व प्रदेश पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने तथा धन्यवाद ज्ञापन प्रदेश महामंत्री एवम सांसद आदित्य साहू ने किया। बैठक के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा अपनी नीतियों कार्यक्रमों के बल पर जनता का स्नेह आशीर्वाद प्राप्त करते हुए विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है। उन्होंने कहा कि भाजपा किसी परिवार और समाज विशेष की पार्टी नहीं बल्कि जन-जन की पार्टी है। पार्टी की नीतियों ने इसे सर्व व्यापी सर्व समावेशी और सर्व स्पर्शी बनाया है। उन्होंने कहा कि पार्टी के सात मोर्चों युवा, किसान, महिला, एसटी, एससी,ओबीसी और अल्पसंख्यक में इस व्यापक स्वरूप का दर्शन होता है। उन्होंने मोर्चा के पदाधिकारियों एवम कार्यकर्ताओं से जन जन तक पहुंचने, सुख दुख में शामिल होकर आवाज बनने का आह्वान किया।

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि मोर्चा पार्टी का प्रवेश द्वार है। संघर्ष का फ्रंट लाइन है। समाज के लोग विभिन्न मोर्चों के माध्यम से पार्टी की नीतियों एवम कार्यक्रमों को लेकर जाते हैं। उन्होंने कहा कि मोर्चा के कार्यकर्ता तीसरी बार मोदी सरकार बनाने के संकल्प को पूरा करने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करें। प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने मोर्चा के आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि युवा मोर्चा द्वारा युवा अधिवेशन, नव मतदाता सम्मेलन, नमो वारियर्स, युवती अधिवेशन, तथा शक्ति केंद्रों पर नुक्कड़ सभा का आयोजन करेगा। महिला मोर्चा के द्वारा महाधिवेशन, स्वयं सहायता संपर्क अभियान, कमल शक्ति वारियर्स, एससी मोर्चा द्वारा दलित अधिवेशन, दलित युवा संवाद, बस्ती संपर्क संवाद, एसटी मोर्चा द्वारा जनजाति महाधिवेशन, जनजाति सम्मेलन, जनजाति चौपाल, ओबीसी मोर्चा द्वारा मोर्चा अधिवेशन, सामाजिक सम्मेलन, युवा संवाद, अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा मोर्चा अधिवेशन, स्नेह संवाद, नमो मित्र और किसान मोर्चा द्वारा महाधिवेशन, महासंपर्क अभियान, जैसे कार्यक्रम चलाए जाएंगे।

एसटी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद समीर उरांव ने कहा कि सभी मोर्चों के कार्यकर्ताओं की बड़ी जिम्मेवारी है। समाज के विभिन्न वर्गों, समुदायों से मोर्चा के कार्यकर्ताओं का सीधा और लगातार संपर्क संवाद होता है। उन्होंने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार के लक्ष्य को पूरा करने में हम सब तन मन धन से जुट जाएं। प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ प्रदीप वर्मा ने नमो ऐप के माध्यम से विकसित भारत एंबेसडर चैलेंज कार्यक्रम की विस्तार से चर्चा की। उन्होंने मोर्चा कार्यकर्ताओं को इस अभियान में बढ़ चढ़कर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया।

## मुख्यमंत्री को सता रहा गिरफ्तारी का भय : बाबूलाल

राज्य सरकार पर संकट मंडरा रहा है। राजनीतिक उठापटक के बीच भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के समन के बहाने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर एक बार फिर निशाना साधा है। रांची में एक कार्यक्रम के दौरान गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में मरांडी ने कहा कि ईडी के सातवें समन के बाद भी मुख्यमंत्री ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय में पेश नहीं हो रहे हैं। इधर-उधर भागे फिर रहे हैं। हेमंत सोरेन को गिरफ्तारी का भय सता रहा है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ईडी ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को 7वीं बार समन भेजा है लेकिन मुख्यमंत्री उसके समक्ष हाजिर नहीं हो रहे हैं। वे इधर-उधर भाग रहे हैं। यदि उन्होंने कोई गलती नहीं की है, तो



उन्हें ईडी के समक्ष पेश होना चाहिए और ईडी के सवालों का जवाब देना चाहिए। गांडेय विधानसभा सीट से सरफराज अहमद के इस्तीफे पर बाबूलाल मरांडी ने कहा कि ऐसा लगता है कि किसी गैर विधायक के लिए ये सीट खाली कराई गयी है। इससे अनुमान लगाया गया कि विधायक के इस्तीफे के बाद गांडेय विधानसभा सीट से कल्पना सोरेन को चुनाव लड़ाने की तैयारी है। हालांकि, बाद में सीएम सोरेन ने इसे खारिज करते हुए कहा कि यह बीजेपी की दिमागी उपज है।

### सीएम को तो जेल जाना ही पड़ेगा

उन्होंने आगे कहा, राज्य के मुख्यमंत्री को ईडी ने सातवीं बार समन भेजा और वह यहां से वहां भागे फिर रहे हैं। तो ऐसे में लगता है कि किसी गैर विधायक व्यक्ति के लिए वह सीट खाली कराई गई है। राज्य के मुख्यमंत्री को अब यह पता चल गया है कि किसी न किसी दिन हमें जेल जाना पड़ेगा। बिहार के लालू ने जैसे रबड़ी देवी के लिए सत्ता को सुरक्षित कर दिया था, वैसा ही हाल यहां है।

## ग्रामीण विकास के अवर सचिव अरुण सिन्हा हुए सेवानिवृत्त, अपने अनुभव किये साझा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य के ग्रामीण विकास विभाग के अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा की सेवानिवृत्ति पर गुरुवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास विभाग के सभागार में आयोजित समारोह में अपर सचिव शैल प्रभा कुजूर, संयुक्त सचिव अवध प्रसाद, जितेंद्र कुमार देव, उप सचिव संजीव कुमार, प्रमोद कुमार, अवर सचिव चंद्रभूषण, अमरेश कुमार एवं अन्य पदाधिकारी, कर्मियों ने अरुण कुमार सिन्हा को सम्मानित करते हुए बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विदाई समारोह के दौरान ग्रामीण विकास विभाग के अपर सचिव, संयुक्त सचिव, उपसचिव, अवर सचिव, सहित अन्य पदाधिकारी,कर्मियों ने अरुण कुमार सिन्हा के साथ अपने कायार्नुभव साझा किये। अवर सचिव अरुण कुमार सिन्हा ने 1990 से सेवा की शुरूआत की। 33 वर्ष सेवा के बाद वे सेवानिवृत्त हुए हैं। समारोह में अरुण कुमार सिन्हा ने सेवाकाल के दौरान पदाधिकारी, कर्मियों के साथ बिताए क्षण को याद किया और अपने अनुभव साझा किये।

### दक्षिण के फिल्मों में भाषा बाधा नहीं : सिमरन

**रांची।** रांची की सिमरन गुप्ता साउथ फिल्म इंडस्ट्री में नाम कमा रही हैं। हाल ही में उनकी तेलगू में आई फिल्म अन्वेशी सुपरहिट रही। फिल्म जगत में करियर बना रही सिमरन ने गुरुवार को प्रेस क्लब में संवाददाता सम्मेलन आयोजित कर अभिनय यात्रा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि शुरू से ही डांस करना, गाना गाना, कैमरे के सामने पोज देना अच्छा लगता था। माधुरी दीक्षित को एक्टिंग करते देख उनके एक्सप्रेशन को कॉपी किया करती थी। मम्मी ने हमेशा सपोर्ट किया। हर जगह मेरे साथ जाती थीं। अपनी साउथ की फिल्मों में काम करने को लेकर कहा कि भाषा बैरियर नहीं बनी।



## कोर्ट की खबरें

## राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के आदेश पर झारखंड हाईकोर्ट ने लगाई रोक



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड हाईकोर्ट इटखोरी मंदिर विकास समिति के द्वारा दायर रिट याचिका की सुनवाई गुरुवार को हुई। कोर्ट ने झारखंड राज्य धार्मिक न्यास बोर्ड के आदेश को रोक लगा दी। साथ ही निर्देश दिया कि यह याचिका जब तक हाई कोर्ट में लंबित रहेगी तब तक मंदिर का देख रेख तथा वित्तीय अधिकार उपायुक्त, चतरा के पास रहेगा। याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट में कहा गया कि धार्मिक न्यास बोर्ड ने अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर बिना किसी स्पष्टीकरण से मंदिर का प्रबंध नए समिति को दे दी है, जो कि उनके क्षेत्राधिकार से बाहर है। नई समिति का गठन करने के पूर्व पुरानी समिति को जो कि मंदिर का देखरेख करती है उसे स्पष्टीकरण देना होता है की वे मंदिर का विकास सही तरीके से नहीं कर रहे हैं। कोर्ट को बताया गया कि मंदिर का विकास पुरानी समिति 50-60 सालों से करते आ रही है। कहा गया कि जब माता की मूर्ति चोरी हुई थी तब भी इसी समिति ने मूर्ति कोलकाता से लाई थी। ना तो कोई स्पष्टीकरण दिया गया ना कानून का बोर्ड के द्वारा अनुपालन किया गया। इसके अलावा राजनीतिक दल के लोगों को नया समिति में रखा गया जबकि पूर्व में उपायुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी आदि मंदिर का देखरेख करते थे। मामले की सुनवाई जस्टिस डॉ एसएन पाठक की कोर्ट में हुई।

## अमार अंसारी की हत्या मामले में तीनों दोषियों को उम्रकैद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
अपर न्यायायुक्त एसएम सज्जाद की अदालत ने गुरुवार को रातू निवासी अमार अंसारी की हत्या के तीनों दोषियों मो तौकीर खान, छोटू खान और मो इसराफिल को उम्रकैद की सजा सुनायी। साथ ही अदालत ने तीनों पर दस-दस हजार रुपये का जुमार्ना लगाया है। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर छह-छह माह सश्रम कारावास की सजा काटनी होगी। अमार अंसारी, अभियुक्त तौकीर अंसारी का दोस्त था। मामले में प्रभारी लोक अभियोजक मिनाक्षी कंडुलना ने अभियोजन की ओर से नौ गवाह पेश किये। जबकि बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया गया। अदालत ने तीनों अभियुक्तों को 22 दिसम्बर को दोषी करार दिया था। इस संबंध में रातू थाना में मृतक के पिता ने नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

## एक नजर

### रांची नागरिक समिति 13 जनवरी को मनाएगी लोहड़ी पर्व

**रांची।** रांची नागरिक समिति की ओर से हर वर्ष की तरह इस बार भी 13 जनवरी को धूमधाम से लोहड़ी आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम शाम छह बजे टेलीफोन एक्सचेंज रोड़ बडालाल स्ट्रीट अपर बाजार रांची चौराहे पर होगा। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ, रांची के विधायक सीपी सिंह और निवर्तमान उप महापौर संजीव विजयवर्गीय और चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि रांची नागरिक समिति के बैनर तले पिछले 35 साल से सार्वजनिक स्थल पर लोहड़ी का आयोजन हो रहा हैं।

### एनोस एक्का ने अस्पताल में भर्ती झापा कार्यकर्ता को दी आर्थिक मदद



**खूंटी।** झारखंड पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष और राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री एनोस एक्का ने गुरुवार को शल्वी डिवाइन सुपर स्पेललिसल्ट्स अस्पताल में जाकर झारखंड पार्टी के वरिष्ठ नेता विस्थापन विरोधी आंदोलन के सक्रिय कार्यकर्ता विजसय गुड़िया का कुशलक्षेम पूछा। विजय गुड़िया कुछ दिन पहले तोरपा थाना के रायटोली गांव के पास सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये थे। उनका ब्रेन हैमरेज हो गया और उनकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। एनोस एक्का ने विजय गुड़िया के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए उनके स्वजनों को आर्थिक मदद भी दी।

### रांची के नए एसडीओ का अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन ने किया स्वागत

**रांची।** रांची के एसडीओ उत्कर्ष कुमार का अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन ने गुरुवार को स्वागत किया। अल्पसंख्यक सामाजिक संगठन के अध्यक्ष अनवर खान के नेतृत्व में एसडीओ के कार्यालय में भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान एसडीओ को पुष्प गुच्छ और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। एसडीओ ने संवैधानिक ढांचागत परम्परा के अनुरुप रांची जिला में अमन चैन के लिए सहानुभूति पूर्ण ढंग से सहयोग का आदान-प्रदान करने का आश्वासन दिया। अनवर खान ने शहर के के विभिन्न समस्याओं से एसडीओ को अवगत कराया।

## जदयू के झारखंड प्रभारी अशोक चौधरी आज आयेंगे रांची



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य में सियासी हलचल के बीच सभी पार्टियां अपने अपने स्तर से तैयारी कर रही है। वहीं झारखंड में अपनी राजनीतिक पकड़ को मजबूत करने में जुटा जनता दल यूनाइटेड (जदयू) भी झारखंड के सियासी हालातों पर नजर बना कर रखा है। छह जनवरी को झारखंड जेडीयू भी अपने कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक करेगा।

इसके मद्देनजर झारखंड जदयू के प्रभारी सह बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी पांच जनवरी को रांची पहुंच रहे हैं, जहां वह कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठक करेंगे। उनके साथ सह प्रभारी व विधायक मनोज यादव भी रांची पहुंचेंगे। छह जनवरी को झारखंड जदयू ने कार्यकर्ता मंथन का भी आयोजन किया है, जिसमें राज्य भर के कार्यकर्ता और सभी वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। वहीं 21 जनवरी को झारखंड के रामगढ़ में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का भी आगमन होना है। उसको लेकर भी कार्यकर्ताओं को अहम दिशा निर्देश दिए जाएंगे। गौरतलब है कि जिस तरह से वर्तमान में झारखंड की राजनीतिक हालात बने हुए हैं, वैसे में राजनीतिक विशेषज्ञों के द्वारा कई तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक पार्टियां यह नजर बना कर रखी हुई है कि यदि किसी भी तरह की स्थिति बदलती है तो क्या बेहतर कदम उठाए जा सकते हैं। जदयू के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो की तरफ से भी कार्यकर्ताओं को लगातार दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं। सिर्फ रांची ही नहीं बल्कि विभिन्न जिलों में भी कार्यकर्ताओं को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

## अड़की में हुए लूटकांड के 3 आरोपी गिरफ्तार



**खूंटी।** खूंटी के अड़की थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुंतुरा एवं उलिहातु मोड़ के बीच एक व्यापारी से नए साल के दूसरे दिन मंगलवार को हुई लूट के मामले में शामिल सभी तीन लुटेरों को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर लूट के इस मामले का खुलासा कर लिया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपितों में अड़की के हूंट सांगी टोला निवासी मंगरा मुंडा (23 ), तमाड़ थानांतर्गत विजयगिरी गांव के शिवा नाग (19) तथा मारंगहादा थानांतर्गत लांदुपडीह गांव के सोमरा मुंडा उर्फ धनीराम मुंडा (21) शामिल हैं। इनके पास से पुलिस ने व्यापारी से लूटी गई एक मोबाइल सहित दो मोबाइल फोन, नकद 27 सौ रुपये, लूट में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल, एक काला रंग का टॉय गन आदि बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपितों ने पुलिस के समक्ष अपना अपराध स्वीकार करते हुए कहा कि टॉय गन से डराकर व्यापारी को लूटा गया था।

## मिशन 2024 में महिलाएं निभाएं बड़ी भागेदारी : गुंजन सिंह



**नवीन मेल संवाददाता। पलामू**
पलामू जिला महिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मैत्री सम्मेलन का आयोजन जिला कार्यालय के मैदान में गुरुवार को आयोजित हुआ। अध्यक्षता महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष इंदु भगत एवं संचालन मीना देवी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष गुंजन सिंह एवं विशिष्ट अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन उर्फ बिट्टू पाठक उपस्थित थे। कार्यक्रम में महिला कांग्रेस कमेटी की पूर्व एवं वर्तमान पदाधिकारी के साथ-साथ नए लोगों को जोड़ने के लिए प्रेरित किया गया। मिशन 2024 को लेकर पलामू लोकसभा में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित हो, इसके लिए बेहतर कार्य करने पर बल दिया गया। संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह ने कहा कि इस मैत्री सम्मेलन में उपस्थित सभी महिला बहनों को मिशन 2024 को लेकर कार्य करने की आवश्यकता है। पूर्व और वर्तमान के पदाधिकारी के साथ-साथ जो बहनें अभी पार्टी जुड़ी हैं सभी को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा गांव-गांव तक पहुंचना है और ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को पार्टी से जोड़ना है, ताकि लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी विजयी हो।

## आवास बोर्ड के मुख्य अभियंता हुए सेवानिवृत्त, दी विदाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड राज्य आवास बोर्ड के मुख्य अभियंता नरेन्द्र प्रसाद शर्मा को सेवानिवृत्ति के पश्चात गुरुवार को बोर्ड की ओर से एक सादे समारोह के दौरान मुख्यालय के सभागार में विदाई दी गई। झारखंड राज्य आवास बोर्ड के अध्यक्ष संजय लाल पासवान की अध्यक्षता में उक्त समारोह का आयोजन किया गया। सभा का संचालन बोर्ड के सचिव बिनय लकड़ा ने की। अध्यक्ष संजय लाल पासवान ने निवर्तमान मुख्य अभियंता नरेंद्र प्रसाद शर्मा के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि शर्मा बेदाग रूप से बोर्ड को अपना सेवा दिये ये काफी सारहनीय एवं अनुकरणीय योगदान रहा। इसके लिए बोर्ड हमेशा आभारी रहेगा। इस समारोह में बोर्ड के



प्रबंध निदेशक अमित कुमार, पथ निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता, अभियंता प्रमुख झारखंड राज्य आवास बोर्ड रांची प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता, सुबोध तिर्की, राजेश महतो, ओम प्रकाश उरांव, श्रीपद चक्रवर्ती हजारीबाग प्रमंडल के रविंद्र कुमार, अजीत कुमार, धनबाद प्रमंडल के कनीय अभियंता राजू दास सहित बोर्ड माख्यालय के सभी कर्मचारी पदाधिकारी मौजूद थे।

### सीट बंटवारे पर कांग्रेस आलाकमान करेगा फैसला : आलमगीर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड में नेतृत्व परिवर्तन के सियासी कयासों पर विराम लगने के बाद अब कांग्रेस के विधायक दल के नेता ने स्पष्ट कर दिया है कि वे इंडिया गठबंधन के साथ ही 2024 का चुनाव लड़ेंगे। इसके लिए पार्टी ने मन बना लिया है। झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम ने कहा कि पार्टी ने इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव लड़ने का मन बना लिया है।

**संगोष्ठी** सह खेती के रूप में एग्रो फॉरेस्ट्री के विभिन्न पहलुओं पर विचार व्यक्त किए

# तसर रेशम उद्योग में बांस की सह खेती कर उठाएं दोहरा लाभ : डॉ. डांडिन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान नगड़ी में गुरुवार को तसर रेशम उद्योग के क्षेत्र में एग्रो फॉरेस्टी मॉडल की उपयोगिता पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. एसबी डांडिन, पूर्व कुलपति, हॉर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी, बागलकोट, कर्नाटक ने तसर रेशम उद्योग के क्षेत्र में एग्रो फॉरेस्ट्री की महत्ता पर प्रकाश डाला एवं तसर रेशम उद्योग में बांस की सह खेती करके दोहरा लाभ उठाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ.एनबी



चौधरी ने तसर रेशम उद्योग के क्षेत्र में एग्रो फॉरेस्ट्री की संभावनाओं पर विस्तार से बताया। साथ ही साथ सह खेती के रूप में एग्रो फॉरेस्ट्री के विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए। बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के डीन डॉ.एमएस मल्लिक ने पावर प्वाइंट प्रस्तुति के माध्यम से विभिन्न प्रकार के एग्रो फॉरेस्ट्री व तसर रेशम की संभावनाओं पर जोर दिया। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद, केंद्रीय एग्रो फॉरेस्ट्री संस्थान, झाँसी ने विभिन्न तकनीकियों के उपयोग से मौसम में सही बदलाव को कम करते हुए उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दिया। इस कार्यक्रम में डॉ. केएम विजया कुमारी, निदेशक, केमूएअवप्रसं, लादोइगढ़, डॉ.निशिता नायक, निदेशक, सीएसजीआरसी, होसूर, तमिलनाडु, डॉ.योगेश्वर मिश्रा, वैज्ञानिक-जी, वन उत्पादकता संस्थान, रांची, डॉ. आफताब अहमद शबनम, वैज्ञानिक-डी, केमूएअवप्रसं, लादोइगढ़ इत्यादि ने भी अपने विचार व्यक्त किए । संस्थान के विभिन्न प्रभागों के वैज्ञानिक ने भी इस कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. जितेन्द्र सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. जय प्रकाश पाण्डेय द्वारा किया गया।

## पृष्ठ एक के शेष

**विनोद सिंह के ग्रिड...**
दौरान विनोद सिंह के रातू रोड स्थित घर से 25 लाख रुपये नकद और निवेश से संबंधित दस्तावेज बरामद किए थे। विनोद सिंह के मोबाइल से नेताओं और अफसरों के साथ व्हाट्सऐप चैट के डिटेल मिले हैं। बताया जा रहा है, कि ईडी की छापेमारी से पहले विनोद सिंह का कर्मचारी राकेश कुमार कई दस्तावेज लेकर फरार हो गया था। वहीं दूसरी ओर ईडी की टीम ने सभी जब्त नाइन एमएम की 14 गोलियां, कागजातों, कुछ डिजिटल उपकरण की जांच पड़ताल कर रही है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि ईडी की छापेमारी अन्य जगहों पर समाप्त हो गयी। जो भी समान और दस्तावेज मिले हैं उनकी जांच की जा रही है। उल्लेखनीय है कि ईडी की टीम ने अवैध खनन मामले में बुधवार को मुख्यमंत्री के प्रेस सलाहकार सहित अन्य लोगों के 12 ठिकाने पर छापेमारी की थी।

**तीन सप्ताह में अधिसूचना जारी...**
विफलता बताया। कोर्ट ने कहा कि चुनाव नहीं होना लोकतांत्रिक व्यवस्था को खत्म करने वाला जैसा है। पूर्व की सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि जिस प्रकार पंचायत चुनाव की निर्धारित समय सीमा पूरी होने के बाद भी पंचायत प्रतिनिधियों को अधिकार दिया गया था, उसी तर्ज पर निकाय चुनाव की अवधि समाप्त होने के बाद पार्षदों को भी उनके अधिकार दिए जाएं, जब तक कि निकाय चुनाव ना हो जाए। याचिकाकर्ता ने रांची नगर निगम में प्रशासक नियुक्त करने के आदेश को भी चुनौती दी है। उल्लेखनीय है कि पूर्व पार्षद रोशनी खलखो सहित अन्य की ओर से हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर कहा गया है कि राज्य में जल्द निकायों का चुनाव कराया जाए। जब तक चुनाव नहीं होता है तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में वर्तमान पार्षद को तदर्थ रूप में दायित्व का निर्वहन करने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया गया है। राज्य सरकार की ओर से राज्य के 34 निकाय परिषद के निर्वाचित प्रतिनिधियों का कार्यकाल समाप्त कर सभी शक्तियां और कार्य प्रशासन को सौंपने का निर्णय लिया गया था। निकायों में पदस्थापित नगर आयुक्त, अपर नगर आयुक्त या कार्यालय पदाधिकारी प्रशासक के रूप में कार्य कर रहे हैं।

**झारखंड के 13 जिलों से...**
की 14 जनवरी से मणिपुर से शुरूआत होने वाली भारत जोड़ा न्याय यात्रा के संबंध में विचार-विमर्श किया गया। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा मणिपुर से शुरू होकर नागालैंड, असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, पश्चिम बंगाल, और बिहार होते हुए झारखंड में प्रवेश करेगी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा झारखंड में 804 किमी तय करेगी और 13 जिलों से होकर गुरजेगी। इस दौरान राहुल गांधी का आठ दिनों का प्रवास झारखंड में होगा। उन्होंने कहा कि यह यात्रा 15 राज्य, 110 जिले से होते हुए सामाजिक न्याय और जनता के मूल सवालों जैसे महंगाई, बेरोजगारी, किसानों और मजदूरों की दयनीय स्थिति, जातिगत जनगणना आदि जैसे मसलों पर जन-जागरण करेगी।

**कैसे पुरुषार्थी लिप्सारहित...**
हिस्सों में कुछ बाहुबली अगर बड़े माफिया बन पाए, तो वह पुलिस के संरक्षण और परोक्ष सहयोग के कारण ही । पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सत्ता से बेदखल होने के डर से आपातकाल लगाकर पुलिस से पूरे देश में विपक्षी नेताओं को बिना किसी अपराध के और न्यायालय के आदेश के बिना जेल में बंद करा दिया था ।तब आपातकाल हटने के बाद जनता पार्टी की सरकार ने पुलिस व्यवस्था में सुधार करने और उसे जनता के प्रति उत्तरदायी बनाने के लिए पुलिस सुधार आयोग का गठन किया। पर कुछ समय बाद जनता पार्टी सत्ता से बाहर हो गई और सत्ता में आई कांग्रेस ने पुलिस सुधार आयोग की सिफारिशों को नकारते हुए एक और पुलिस आयोग का गठन किया। इस प्रकार वर्ष 1996 तक कई पुलिस आयोग गठित किए गए और उनकी रिपोर्टों में यही कहा गया था कि राज्य पुलिस को इस प्रकार व्यवस्थित किया जाना चाहिए, जिससे राजनेता और नौकरशाह अपने प्रभाव से उसकी कार्यप्रणाली को प्रभावित न कर सकें पर 1996 तक केंद्र सरकार ने भी पुलिस आयोग की यह रिपोर्ट लागू करने की तरफ कोई कदम नहीं उठाया। असम और यूपी के डीजीपी रहे प्रकाश सिंह ने पुलिस आयोग की रिपोर्ट लागू करवाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय में याचिका दायर की। उस पर 2006 में सर्वोच्च न्यायालय ने सात सूत्रीय पुलिस सुधारों का आदेश दिया और केंद्र व राज्य सरकारों को इन सुधारों को लागू करने के लिए जनवरी, 2007 की समय सीमा तय की। पर अब तक इन सुधारों की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, क्योंकि कोई भी राज्य सरकार पुलिस पर अपना नियंत्रण गंवाना नहीं चाहती थी ।आंतरिक सुरक्षा के महत्वपूर्ण तंत्र पुलिस बल को अपने कर्तव्य निर्वहन में सक्षम बनाने के लिए पूरे देश में पुलिस सुधार लागू किए जाने चाहिए। तभी देश की आंतरिक सुरक्षा मजबूत बनेगी। तीन नए संशोधित आपराधिक कानूनों की सफलता भी पुलिस सुधार पर ही निर्भर है।हालांकि पढ़े लिखे संवेदशील लोगों की संख्या पुलिस बल में बढ़ी है जिससे छवि भी सुधरी है।

# दूसरा टेस्ट जीत भारत ने सीरीज में की बराबरी

**नवीन मेल संवाददाता। केप टाउन**

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दूसरा और अंतिम टेस्ट दो दिनों के अंदर समाप्त हो गया और भारत ने यह मैच गुरुवार को सात विकेट से जीतकर दो मैचों की सीरीज 1-1 से बराबर कर ली।

तेज गेंदबाज जसप्रीत बमुराह ने 61 रन पर 6 विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका को दूसरी पारी में 176 रन पर समेटा। भारत को जीत के लिए 79 रन का लक्ष्य मिला, जो उसने 12 ओवर में तीन विकेट पर 80 रन बनाकर हासिल कर लिया। भारत ने पहला टेस्ट पारी और 32 रन से गंवाने के बाद इस मुकाबले में शानदार वापसी की और दो दिन के अंदर मुकाबला जीत लिया।

यह टेस्ट इतिहास का सबसे छोटा मुकाबला था। यह मैच सिर्फ. 642 गेंदों में खत्म हो गया है। इसके अलावा केपटाउन में भारत पहली एशियाई टीम है, जिसने दक्षिण अफ्रीका को टेस्ट में हराया है।

लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत के युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने टीम को तेज तर्रार शुरूआत दी। जायसवाल ने मात्र 23 गेंदों पर 6 चौके उड़ाते हुए 28 रन ठोके। दूसरे आउट हुए बल्लेबाज शुभमन गिल ने 11 गेंदों पर दो चौके की मदद से 10 रन बनाए और कैगिसो रबाडा की गेंद पर बोल्ड हुए। फिर, विराट कोहली 11 गेंदों पर 2 चौके की मदद से 12 रन बनाकर मार्को यानसन का शिकार बने। कप्तान रोहित शर्मा 17 रन बनाकर नाबाद रहे, जबकि अय्यर ने मैच का विजयी चौका मारा।

दक्षिण अफ्रीका की दूसरी पारी में सलामी बल्लेबाज एडम मार्करम (106) ने शानदार शतक बनाया लेकिन बाकी बल्लेबाजों से कोई सहयोग न मिलने के कारण दक्षिण अफ्रीका लंच तक 176 रन पर सिमट गया। हालांकि मारक्रम को बुमराह की गेंद पर शतक से पहले विकेटकीपर केएल राहुल के हाथों जीवनदान मिला लेकिन उन्होंने बुमराह पर लगातार दो चौके मारकर अपना शतक पूरा किया। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 61रन पर छह विकेट लेकर मेजबान टीम को समेटने में अहम भूमिका निभाई। बुमराह के छह विकेट के अलावा मुकेश कुमार ने 2 और मोहम्मद सिराज तथा प्रसिद्ध कृष्णा ने 1-1 विकेट लिया।

दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी 55 रन पर सिमटी थी, जबकि भारत ने 153 रन बनाकर 98 रन की बढ़त हासिल की थी। दक्षिण अफ्रीका ने कल के अपने तीन विकेट पर 66 रन के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। बुमराह ने दिन के पहले ही ओवर में डेविड बेडिंघम को विकेटकीपर के हाथों कैच कराकर दक्षिण अफ्रीका पर दबाव डालने की शुरूआत की और एक के बाद एक चार विकेट लेकर मेजबान का स्कोर सात विकेट पर 111 रन कर दिया।

एक छोर पर धैर्य के साथ खेल रहे एडम मार्करम को कैगिसो रबाडा का अच्छा साथ मिला और उन्होंने अपने शॉट खेलते हुए शतक पूरा किया। मार्करम ने बुमराह की गेंद पर लगातार 2 चौके लगाकर शतक पूरा किया। लेकिन शतक पूरा करने के बाद मार्करम मोहम्मद सिराज की गेंद पर रोहित शर्मा को कैच दे बैठे। मार्करम ने 103 गेंदों की पारी में 17 चौके और 2 छक्के लगाए। रबाडा भी टीम के 162 स्कोर पर कृष्णा का शिकार बन गए।



**जसप्रीत बमुराह का सिक्सर**

## आरोन फिंच ने बिग बैश लीग से संन्यास की घोषणा की

**एजेंसी। मेलबर्न**

पूर्व विश्व कप विजेता ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच ने मेलबर्न रेनेगेड्स के साथ मौजूदा सीजन के अंत में बिग बैश लीग (बीबीएल) से संन्यास की घोषणा की है। 37 वर्षीय खिलाड़ी ने रेनेगेड्स और होबार्ट हरिकेंस के बीच मुकाबले से पहले गुरुवार को मार्वल स्टेडियम में इस खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि मौजूदा सीजन उनका आखिरी सीजन होगा। अंतर्राष्ट्रीय और घरेलू दोनों स्तरों पर अपने असाधारण करियर पर विचार करते हुए, फिंच ने कहा कि उन्हें हर मिनट पसंद आया है। किसी भी क्षण की तुलना बीबीएल खिताब जीतने से नहीं की जा सकती, वह मेरे लिए बहुत खास था और कुछ ऐसा था जो मुझे याद रहेगा। मुझे अपने पूरे करियर में एक ही क्लब में खेलने पर गर्व है। फिंच सीजन 2 से 10 के बीच लगातार नौ सीजन तक रेनेगेड्स के कप्तान थे। वह 3311 रन के साथ क्लब के अग्रणी स्कोरर हैं और कई प्रशंसाओं के बीच बिग बैश लीग के ऑल-टाइम रन टैली में केवल क्रिस लिन से पीछे हैं। वर्तमान ऑस्ट्रेलियाई पुरुष कोच एंड्र्यू मैकडोनाल्ड्स से क्लब की कप्तानी संभालने के बाद, एक नेता के रूप में फिंच का प्रभाव पूरे क्लब में महसूस किया गया।

## श्रीलंका के नए टेस्ट कप्तान होंगे धनंजय डी सिल्वा

**एजेंसी। कोलंबो**

श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) के मुख्य चयनकर्ता उपुल थरंगा ने कहा कि दिमुथ करुणारत्ने की जगह धनंजय डी सिल्वा को श्रीलंका टेस्ट टीम का नया कप्तान नियुक्त किया गया है। धनंजय पुरुष टेस्ट मैचों में श्रीलंका का नेतृत्व करने वाले 18वें क्रिकेटर बन जाएंगे। धनंजय के पास 51 टेस्ट मैचों का प्रभावशाली रिकॉर्ड है, जिसमें दस शतक और 13 अर्द्धशतक शामिल हैं। उनका पहला कार्यभार 6 फरवरी को अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र टेस्ट के साथ शुरू होगा। करुणारत्ने की कप्तानी में श्रीलंका ने खेले 30 टेस्ट में 12 जीते और 12 में उन्हें हार नसीब हुई। इसके अलावा 6 मुकाबले ड्रॉ भी रहे। कप्तान के रूप में उनकी सबसे बड़ी सफलता 2018/19 में दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट सीरीज जीत थी। वो ऐसा करने वाले पहले एशियाई कप्तान बने थे। श्रीलंका 2024 की शुरूआत हर प्रारूप के लिए एक अलग कप्तान के साथ करेगा। उन्होंने सीमित ओवरों के दोनों प्रारूपों में दासुन शनाका को कप्तानी से हटा दिया है और वनडे में कुसल मेंडिस तथा टी20 में वानिंदु हसरंगा को कप्तान नियुक्त किया है। श्रीलंका जनवरी में जिम्बाब्वे और अफगानिस्तान की मेजबानी करेगा।

## 19 हैंडबॉल बालक/बालिका प्रतियोगिता के लिए झारखंड की टीम हरियाणा रवाना



**रांची ।** 05- 09 जनवरी 2024 तक हिसार, हरियाणा में आयोजित हो रहे, 67वे अंडर - 19 राष्ट्रीय स्कूली हैंडबॉल बालक/ बालिका प्रतियोगिता के लिए झारखंड हैंडबॉल टीम राजधानी एक्सप्रेस से हरियाणा के लिए रवाना हुई जिसमें रातु हैंडबॉल ट्रेनिंग सेंटर से 11 बालक/बालिका खिलाड़ियों का चयन झारखंड स्कूली हैंडबॉल टीम में किया गया, जो इस प्रकार हैं - सूरज उरांव, कृष्णा उरांव, विवेक कुमार महतो, सौरभ उरांव, अर्चना कुमारी, अनिमा कुमारी, अरधना भगत, प्रियांजलि कुमारी, राखी कुमारी, कांता कुमारी, आयुषी कुमारी है जो झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर की मेजबानी के लिए तैयार झारखंड



**रांची।** झारखंड एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार है, जो 13 से 19 जनवरी 2024 तक रांची के मारंग गोमके जयपाल सिंह एस्ट्रो टर्फ हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा। यह प्रतिष्ठित आयोजन वैश्विक स्तर पर होने वाले तीन ओलंपिक क्वालीफायर में से एक है, जिसके समकक्ष मस्कट, ओमान (पुरुष) और वालेंसिया, स्पेन (महिला और पुरुष) हैं। उपरोक्त आयोजन मूल रूप से चीन में आयोजित होने वाला था, लेकिन चीन की महिलाओं के पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए सीधे क्वालीफाई करने के बाद हॉकी इंडिया ने एफआईएच से आयोजन स्थल को भारत में स्थानांतरित करने का अनुरोध किया। एकता और प्रत्याशा से चिह्नित एक महत्वपूर्ण अवसर पर हॉकी इंडिया ने गुरुवार को झारखंड में आगामी एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर रांची 2024 की मेजबानी के लिए औपचारिक रूप से समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए।

### इटली की महिला हॉकी टीम रांची पहुंची

**रांची।** अपने पहले ओलंपिक में जगह बनाने पर नजर रखते हुए, इटली की महिला हॉकी टीम बहुप्रतीक्षित एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 के लिए गुरुवार सुबह रांची पहुंची। फेडेरिका कार्टा और सारा पुग्लिसी के नेतृत्व में इतालवी टीम 13 जनवरी 2024 को न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगी, जो सात वर्षों में दोनों टीमों के बीच पहली भिड़ंत होगी। एफआईएच विश्व रैंकिंग में 19वें स्थान पर काबिज इटली को पूल बी में रखा गया है, टीम 14 जनवरी को अपने दूसरे मैच में यूएसए से भिड़ेगी और फिर 16 जनवरी को भारत के खिलाफ अपना अंतिम पूल गेम खेलेगी।

## विजेता टीम को ट्राफी व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** नौडीहा बाजार प्रखंड अंतर्गत पंचायत खैरादोहर में केकेआर क्रिकेट क्लब के माध्यम से खैरादोहर के मैदान अछुईया टाड़ पर क्रिकेट मैच का फाइनल मुकाबला का दिन बुधवार को आयोजन किया गया जिसमे सरइडीह वनाम नीमा के बीच खेलाया गया। जिसमे सरइडीह के जय हिन्द क्रिकेट क्लब के खेलाडियो ने पहले टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।और नीमा ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। फाइनल मुकाबला 16 ओवर का खेलाया गया ।जिसमे सरइडीह के जय हिन्द क्रिकेट क्लब के खेलाडियो ने पहली बारी खेल कर 15.4 ओवर में 162 रन बनाकर ऑल आउट होकर नीमा के टीमों को दिया 16 ओवर में 163 रन बनाने का लक्ष्य नीमा क्रिकेट क्लब के खेलाड़ियो ने अच्छी बारी खेल कर अपना जीत हासिल 15.5 ओवर में ही कर ली। नीमा क्रिकेट क्लब के खेलाडियो को जीत हासिल करने के बाद कमिटी के सभी सदस्यगण प्रतिनिधियों के द्वारा विजेता टीम को बड़े ट्रॉफी मैन ऑफ मैच के साथ विजेता प्राइज राशि 7000 रुपए के साथ सम्मानित किया।



## फुटबॉल टूर्नामेंट में अमही ने बैरिया को 1-0 से हराया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** गुरुवार को प्रखंड़ के पथरा पंचायत के शिवपुर खेल मैदान मे भाईचारा एकता कमिटी के तत्वाधान में नॉक आउट फुटबॉल टूनामेंट का शुभारंभ किया गया। उद्घाटन मैच अमही बनाम बैरिया (बिहार) के बीच खेला गया। जिसमें अमही ने बैरिया को एक गोल से हराया। मैच का उद्घाटन राजद के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व राजद विधायक संजय कुमार सिंह यादव ,प्रखंड प्रमुख राजकुमारी देवी, पूर्व नगर अध्यक्ष शशि कुमार,मुखिया नरेश पासवान, पंसस कलावती देवी , राजद प्रवक्ता जाकिर अली उर्फ राज अली आदि ने संयुक्त रूप से किया। कमेटी के अध्यक्ष सह मुखिया नरेश पासवान ने टूनामेंट के आयोजन पर विस्तृत प्रकाश डाला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय कुमार सिंह यादव ने कहा कि कमेटी द्वारा आयोजित यह टूनामेंट सराहनीय कदम है ।खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने की जरूरत है। यह खेल

**उद्घाटन मैच में पूर्व विधायक ने कहा खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने की जरूरतः संजय**

## टेस्ट ओपनर के रूप में ग्रीन एक बेस्ट विकल्प हो सकते हैं : वॉटसन

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ता आगामी वेस्टइंडीज सीरीज के लिए उस्मान ख्वाजा के ओपनिंग पार्टनर की तलाश कर रहे हैं। इस बीच पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर शेन वॉटसन का मानना है कि डेविड वॉर्नर के संन्यास लेने के बाद उनकी जगह कैमरून ग्रीन बेस्ट विकल्प हो सकते हैं। शेन वॉटसन का कहना है कि शीर्ष क्रम में ग्रीन के पिछले अनुभव की आवश्यकता नहीं है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया को उनकी गेंदबाजी पर ध्यान देने की जरूरत है क्योंकि उन्हें अपना गेम प्लान समझने में एक या दो मैच लग सकते हैं।

## यंग क्रिकेट क्लब ने रॉयल क्रिकेट क्लब को 52 रन से किया पराजित



**रामगढ़।** रामगढ़ जिला क्रिकेट संघ के तत्वाधान में शहर के छावनी फुटबॉल मैदान में आयोजित ए डिवीजन जिला लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के तहत गुरुवार को मैच रॉयल क्रिकेट क्लब बनाम यंग क्रिकेट क्लब बीच खेला गया' निर्धारित 40-40 ओवर के मैच में यंग क्रिकेट क्लब ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 25.3 ओवर 136 रन बनाया और आउट हो गई'जवाबी पारी खेलते हुए रॉयल क्रिकेट क्लब ने 20.2 ओवर में 84 रन बनाये और आउट हो गई ' इस तरह से यंग क्रिकेट क्लब में 52 रनो से मैच जीत लिया' मैच में यंग क्रिकेट कल्ब के बल्लेबाज रुद्राक्ष कुमार सिंह 36 ने रन, प्रत्यूष वर्मा ने 23 रन बनाये'रॉयल क्रिकेट क्लब के गेंदबाज दिव्यांशु राज 28 रन देकर 3 विकेट, रविंद्र कुमार महतो 11 रन देकर 2 विकवत और रोहित कुमार ने 35 रन देकर 2 विकेट प्राप्त किया' रॉयल क्रिकेट के बल्लेबाज रविंद्र कुमार महतो ने 24 रन, अरुनिश राज ने 16 रन बनाए'यंग क्रिकेट क्लब के गेंदबाज दिव्यम राज 19 रन देकर 6 विकेट और राहुल कुमार वर्मा 22 रन देकर 2 प्राप्त किया।

## सतयारी टोली, राज स्पोर्टस बरियातु व संत जॉन अकेडमी ने जीते मैच



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के द्वारा आयोजित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा फुटबाल प्रतियोगिता के दुसरे दिन पहला मैच बीपीएसएस दुबालिया और सतियारी टोली के बीच हुई। जिसमें सतयारी टोली ने 5-4 से जीत दर्ज किया। दूसरे मैच में राज स्पोर्टस क्लब बरियातु और रामदयाल मुंडा फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें राज स्पोर्ट क्लब बरियातु ने 1-0 से जीत दर्ज किया। तीसरा मैच सतियारी टोली फुटबॉल क्लब और स्वर्णरेखा फुटबॉल क्लब के बीच खेला गया। जिसमें सतियारी टोली 2-0 से जीत दर्ज किया। चौथा मैच राज स्पोर्ट क्लब बरियातु और संत जॉन फुटबॉल अकेडमी के बीच खेला गया। जिसमें संत जॉन फुटबॉल अकेडमी 4-2 से जीत दर्ज किया। खेल के दौरान शहर के विभिन्न धार्मिक व सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों को बारी बारी से बैंच, अंग वस्त्र एवं मेमोंटो देकर सम्मानित किया गया। जिसमें अजीत लकड़ा, संजय सिंह उर्फ लल्लू, सूरज टोप्पो, सुरेंद्र लिंडा, मुकेश मुंडा, सीमा देवी, अशोक साहू, कुमोद कुमार वर्मा, अजय नाथ शाहदेव, नईम अंसारी, नूरुल होदा, बिरेंद्र तिवारी, राजा साहू, कैलाश तिर्की, अशुतोष गोस्वामी, मुन्ना बड़ाईक, प्रणय कुमार बब्बू, जुबेर भाई, इबरान अंसारी, गणेश दास को सम्मानित किया गया। केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने कहा कि जो काम राज्य सरकार को करना था, वो काम केंद्रीय सरना समिति कर रही है। जो झारखंड अलग राज्य का सोच रखने वाले प्रथम व्यक्ति मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा की जंयती पर राज्य सरकार ने अपनी ओर किसी भी कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया।

## वी और टीम वाइटेलिटी ने की सामरिक साझेदारी

**रांची।** स्टेटऑफ इंडिया गेमिंग रिपोर्ट 2022 के अनुसार भारत का ईस्पोर्ट उद्योग 2027 तक 140 मिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने का अनुमान है। पिछले कुछ सालों के दौरान ईस्पोर्ट्स ने मुख्यधारा स्पोर्ट के रूप में ख्याति अर्जित की है, खासतौर पर कई इंटरनेशनल स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म्स पर ऑफिशियल मेडल स्पोर्ट्स के रूप में शुरूआत करने के बाद इनकी लोकप्रियता बढ़ी है। तेजी से बढ़ती इस कन्ज्यूमर कैटेगरी को ध्यान में रखते हुए भारत के प्रमुख टेलीकॉम ऑपरेटर वोडाफोन आइडिया और पेरिस से इंटरनेशनल मान्यता प्राप्त ईस्पोर्ट्स संगठन टीम वाइटेलिटी ने भारत में ईस्पोर्ट सिस्टम को बढ़ावा देने के लिए दीर्घकालिक साझेदारी की है।

# व्यापार

## रियल इस्टेट शेयरों में 15 फीसदी तक उछाल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रियल इस्टेट के शेयरों में आग लगी हुई है और गुरुवार को रियल्टी इंडेक्स 5 फीसदी से ज्यादा उछल गया। बीएसई रियल्टी इंडेक्स 5.63 फीसदी ऊपर है, जो अब तक टॉप परफॉर्मर है, जबकि शोभा 15 फीसदी, गोदरेज प्रॉपर्टीज 8 फीसदी, लोढ़ा 7 फीसदी, ब्रिगेड 6 फीसदी, डीएलएफ 6 फीसदी और ओबेरॉय रियल्टी 5 फीसदी ऊपर है। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज ने वित्त वर्ष 2021-23 में इस सेक्टर के कमजोर प्रदर्शन के बाद एक रिपोर्ट में कहा, हमारा मानना है कि शोभा बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयार है, क्योंकि इसके पास जमीन का भंडार है, इसका बैलेंस शीट अच्छा है। मुनाफे में सुधार से भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। इसके अलावा, बेंगलुरु में इसके कुछ बड़े भूमि पार्सल के मुद्रीकरण में मूल्यांकन से रेटिंग आएगी। वित्त वर्ष 2024 के लिए शोभा में 1,400 रुपए, 25 प्रतिशत की बढ़ोतरी की संभावना है। रिपोर्ट में कहा गया है, हमारे प्रमुख जोखिमों में घर खरीदने में मंदी, बड़े भूमि पार्सल के मुद्रीकरण में देरी, और बीडी सौदों पर हस्ताक्षर करने में असमर्थता शामिल है। नाइट फ्रैंक इंडिया ने एक रिपोर्ट में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा मई 2022 और फरवरी 2023 के बीच नीति दरों में 250 आधार अंकों की वृद्धि लागू करने और प्रमुख बाजारों में आवासीय कीमतों में लगातार वृद्धि के बावजूद, घर की मांग देश में बढ़ती रही और वर्ष 2023 में वार्षिक बिक्री के मामले में दस साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई। 2023 में 329,097 इकाइयों की बिक्री के साथ वार्षिक बिक्री में 5 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।




### वैश्विक स्तर पर बाजारों में हो रहा है करेक्शन

**नई दिल्ली।** बाजार का रुझान यह है कि हाई वैलुएशन से गिरावट आएगी। लेकिन ये करेक्शन कब होगा, ये पता नहीं। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में वैश्विक स्तर पर बाजारों में गिरावट आ रही है और इसका कारण मुनाफावसूली है, जिसे समझा जा सकता है। गुरुवार को बीएसई सेंसेक्स 11 बज कर 20 मिनट तक 459 अंक ऊपर 71,816.43 पर है। एनटीपीसी में 4 फीसदी, बजाज फाइनेंस में 3 फीसदी से ज्यादा तेजी है। इंडसइंड बैंक और टाटा मोटर्स में 2 फीसदी से ज्यादा की तेजी है। बाजारों में जरूरत से ज्यादा प्रतिक्रिया देने की प्रवृत्ति होती है।

शायद फेड के जवाब में अमेरिकी बाजार में उछाल कुछ ज्यादा ही हो गया था। उन्होंने कहा, अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में मामूली वृद्धि अपेक्षित फेड रेट कटौती के समय के बारे में बाजार की चिंता का प्रतिबिंब है। उन्होंने कहा, अब एक अच्छी रणनीति यह होगी कि कुछ पैसे अधिक वैलुएशन वाले मिड और स्मॉल-कैप से लेकर उच्च गुणवत्ता वाले लार्ज-कैप में लगाया जाए।

## पॉकेट एफएम ने राजस्व में 647% वृद्धि दर्ज की

**एजेंसी। नई दिल्ली**



घरेलू ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पॉकेट एफएम ने गुरुवार को वित्त वर्ष 2023 के लिए अपनी भारतीय कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन का खुलासा किया, जिसमें राजस्व में 647 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो 131 करोड़ रुपये तक पहुंच गई और नुकसान (कर से पहले) में 56 प्रतिशत की कमी आई, जो कि 75.7 करोड़ रुपये थी। कंपनी ने माइक्रोट्रांसेक्शन राजस्व में 417 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 82.8 करोड़ रुपये जुटाए। विज्ञापन राजस्व 1120 प्रतिशत बढ़कर 12.17 करोड़ रुपये हो गया, कंपनी अपने ब्रांड और विज्ञापन समाधान स्ट्रीम के लिए पायलट स्टेज में थी। पॉकेट एफएम के मुख्य वित्तीय अधिकारी अनुराग शर्मा ने एक बयान में कहा, वित्तीय रूप से बेहतर रहने की हमारी प्रतिबद्धता न केवल भारत में बल्कि विश्व स्तर पर आगे बढ़ने के लिए एक मजबूत आधार सुनिश्चित करती है। उन्होंने कहा, कंटेंट और राइटर कम्युनिटी में निरंतर निवेश के साथ, हम मनोरंजन को केवल सुनने के अनुभवों तक ही सीमित नहीं रखते, बल्कि आईपी के जरिए अन्य फॉर्मेट्स में अनुभव को दोहराने के लिए तत्पर हैं। वित्त वर्ष 2023 में पॉकेट एफएम का कुल खर्च 9.32 प्रतिशत बढ़कर 206.78 करोड़ रुपये हो गया। विज्ञापन और मार्केटिंग खर्च 45 फीसदी कम होकर 70.57 करोड़ रुपये रह गया। वित्त वर्ष 23 में कंपनी का कंटेंट खर्च दोगुना से ज्यादा बढ़कर 21.29 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी की रणनीति के अनुरूप कर्मचारी खर्च 2022 में 30.7 करोड़ रुपये से बढ़कर 2023 में 73.3 करोड़ रुपये हो गया है।

## अमित शाह ने लांच किया तुअर दाल खरीद पोर्टल, कहा- 2027 तक दलहन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि वर्ष 2027 से पहले देश दलहन उत्पादन के क्षेत्र में पूर्णरूप से आत्मनिर्भर हो, हम इस लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमारा प्रयास है कि वर्ष 2028 में विदेश से दलहन की खरीद न करनी पड़े। शाह ने गुरुवार को विज्ञान भवन में तुअर उत्पादक किसानों के पंजीकरण, खरीद व भुगतान पोर्टल का शुभारंभ करते हुए कहा कि केन्द्र सरकार दलहन उत्पादक किसानों के साथ है। उन्होंने किसानों से बड़े पैमाने पर दलहन फसलों की खेती करने का आह्वान किया। सरकार उनके फसल की खरीद न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) व उस समय के बाजार रेट पर करेगी। अमित शाह ने कहा कि आज की ये शुरूआत आने वाले दिनों में कृषि क्षेत्र में परिवर्तन लाने वाली है। ये बात सही है कि मूंग और चने में हमने आत्मनिर्भरता प्राप्त की है लेकिन बाकी दलहन हम आज भी आयात करते हैं। आजादी के 75 साल बाद दलहन का आयात करना देश के लिए सम्मानजनक नहीं है। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने कृषि के क्षेत्र में दलहन का उत्पादन करने वाले किसानों पर एक महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है कि 2027 तक दलहन के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर हो। शाह ने कहा कि दलहन की खेती करने वाले किसानों से वह कहना चाहते हैं कि उनकी उपज की खरीद की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की है। भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन महासंघ लिमिटेड (नाफेड) और भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता सहकारी संघ (एनसीसीएफ) देश में दलहन किसानों से सीधे खरीद करेंगी। किसान फसल से पहले इनके पोर्टल पर पंजीकरण कर सूचित करें, ताकि खरीद में आसानी हो सके। नाफेड और एनसीसीएफ कम से कम एमएसपी या उस समय के बाजार भाव पर दलहन खरीदेंगी लेकिन अगर किसान को बाजार में इससे भी अधिक रेट मिलता है तो वह अपनी उपज को बाजार में भी बेच सकेंगे। शाह ने कहा कि पोर्टल पर पंजीकरण, खरीद और भुगतान तक की प्रक्रिया एक ही माध्यम पर उपलब्ध रहेगी।





## इनवेस्को ने स्विगी का मूल्यांकन बढ़ाकर 8.3 अरब डॉलर किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिका स्थित निवेश कंपनी इनवेस्को ने आईपीओ-बाउंड फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी का मूल्यांकन लगभग 8.3 बिलियन डॉलर तक बढ़ा दिया है। नियामक फाइलिंग के अनुसार, यह लगातार दूसरी बार है जब वैश्विक परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी ने स्विगी के मूल्य में वृद्धि की है। पिछले साल अक्टूबर में इनवेस्को ने फूड डिलीवरी प्लेटफॉर्म का वैल्यूएशन बढ़ाकर करीब 7.85 अरब डॉलर कर दिया था। जनवरी 2022 में इनवेस्को के नेतृत्व में एक राउंड में स्विगी 10.7 बिलियन डॉलर के मूल्यांकन पर पहुंच गई थी। पिछले साल मई में, इनवेस्को ने स्विगी की हिस्सेदारी का मूल्यांकन घटाकर लगभग 5.5 बिलियन डॉलर कर दिया था। नवंबर में, स्विगी के निवेशक प्रोसस ने अपनी वित्तीय फाइलिंग में कहा कि स्विगी का मुख्य खाद्य-वितरण व्यवसाय 17 प्रतिशत बढ़ा और वित्त वर्ष 24 की पहली छमाही में 1.43 बिलियन डॉलर का सकल माल मूल्य (जीएमवी) दिया। प्रोसस ने कहा, ₹यह लेन-देन करने वाले उपयोगकताओं में वृद्धि के कारण हुआ, जिसने एओवी में दोहरे अंकों की ऑर्डर वृद्धि और मुद्रास्फीति को बढ़ाया। प्रोसस, जिसके पास स्विगी में 32.7 प्रतिशत हिस्सेदारी है, ने बताया कि व्यापारिक घाटा कम होकर 208 मिलियन डॉलर हो गया है। कंपनी ने आगे कहा कि त्वरित-वाणिज्य व्यवसाय ने तेजी से प्रगति की है, क्योंकि ग्राहक गोद लेने से ऑर्डर में वृद्धि हुई है।



## टेक्नो ने लॉन्च किया 8 जीबी रैम वाला स्मार्टफोन- पॉप 8




**मुंबई।** ग्लोबल स्मार्टफोन ब्रैंड, टेक्नो भारत में टेक्नो पॉप 8 के लॉन्च के साथ देश के एंट्री-लेवल स्मार्टफोन परिदृश्य को नई पहचान दिलाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस प्रकार, शहर में अब सबसे तेज 8 जीबी रैम वाला सुपर-हीरो फोन सहजता से उपलब्ध है। ऑर्डिनरी फोन के बजाए पॉप 8 को अपनाएँ, क्योंकि यह इस सेगमेंट में पहले कभी न देखे गए तेज परफॉर्मेंस वाले फोन की सौगात देने का वादा करता है। टेक्नो पॉप 8 की परिभाषा सिर्फ एक फोन तक ही सीमित नहीं है; बल्कि यह इनोवेशन की दुनिया की तरफ रुख करने वाला उत्तम साधन है, जो यूजर्स को उनकी क्षमता के अनुरूप इसका उपयोग करने में सक्षम बनाता है। टेक्नो पॉप 8 अमेजन पर 9 जनवरी, 2024 से उपलब्ध होगा।